* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

12 मार्च, 2023
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 141

दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने पिता पर लगाया यौन शोषण का आरोप

लैंड फॉर जॉब स्कैम : सीबीआइ और इडी दोनों की कार्रवाई हुई तेज

सीबीआइ के सामने तेजस्वी नहीं हुए पेश, पत्नी के स्वास्थ्य का दिया हवाला

- सीबीआइ ने 11 मार्च को बुलाया गया था
- लालू-राबड़ी को 15 मार्च को होना है पेश

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली/पटना। रेलवे में लैंड फॉर जॉब स्कैम मामले में सीबीआइ और इडी दोनों जाच कर रही हैं। दोनों एजेंसियों ने कार्रवाई को तेज कर दिया है। इडी ने शुक्रवार को राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बेटे-बेटियों सेमेत करीबियों के 15 ठिकानों पर छापा मारा था। इससे पहले सीबीआइ लालू प्रसाद, उनकी पत्नी सह पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और बेटा सह बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को समन किया था। तेजस्वी यादव को समन भेज कर 11 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। तेजस्वी शनिवार को सीबीआइ के सामने पेश नहीं हुए। उन्होंने पत्नी के स्वास्थ्य का हवाला दिया है। उनकी पत्नी शुक्रवार से दिल्ली के एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं। वह गर्भवती हैं। जमीन के बदले नौकरी मामले में सीबीआइ पहले ही लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी से पूछताछ कर चुकी है।

लैंड फॉर जॉब स्कैम मामले की जांच सीबीआइ भी कर रही है। सीबीआइ ने मई 2022 में लालू, राबड़ी देवी, उनकी बेटियों मीसा भारती और हेमा यादव समेत 17 ठिकानों पर छापेमारी की थी। सीबीआइ ने इस मामले में लालू यादव, राबड़ी देवी, मीसा यादव और हेमा यादव के अलावा नौकरी के बदले में कम कीमत पर जमीन देनेवाले कुछ अयोग्य उम्मीदवारों समेत 16 लोगों पर एफआइआर दर्ज की थी। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 27 फरवरी को राजद सुप्रीमो लालू यादव, उनकी पत्नी सह पूर्व सीएम राबड़ी देवी, बड़ी बेटी सह राज्यसभा सांसद मीसा भारती को समन जारी किया। जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में सीबीआइ की चार्जशीट पर कोर्ट ने समन जारी किया था। इसमें 15 मार्च को कोर्ट में सभी को पेश होने के आदेश दिये गये हैं। इस बीच सीबीआइ इस मामले मे तेजस्वी पर शिकंजा कस रही है। उन्हें पहले 4 मार्च को पेश होने के लिए समन भेजा था। अब एक बार फिर 11 मार्च को बुलाया गया था।

छापामापी पर आरोप-प्रत्यारोप जारी

नयी दिल्ली/ पटना (आजाद सिपाही)। छापे की कार्रवाई पर राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने लिखा है कि हमने आपातकाल का काला दौर भी देखा है। हमने वह लड़ाई भी लड़ी थी। आधारहीन प्रतिशोधात्मक मामलों में आज मेरी बेटियों, नन्हे-मुन्ने नातियों और गर्भवती पुत्रवधु को भाजपाई इडी ने 15 घंटों से बैठा रखा है। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि क्या इतने निम्न स्तर पर उतर कर बीजेपी हमसे राजनीतिक लड़ाई लड़ेगी? संघ और भाजपा के विरुद्ध मेरी वैचारिक लड़ाई रही है और रहेगी। इनके समक्ष मैंने कभी भी घुटने नहीं टेके हैं और मेरे परिवार एवं पार्टी का कोई भी व्यक्ति आपकी राजनीति के समक्ष नतमस्तक नहीं होगा। उधर, छापे पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हम जब साथ आते हैं तो रेड शुरू हो जाती है। 2017 में भी ऐसे ही हुआ था और अब पांच साल बाद भी वही हो रहा है। बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ इडी-सीबीआई की कार्रवाई पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि उनका (लालू प्रसाद यादव का) एक ही नारा था- तुम मुझे प्लॉट दो, मैं तुम्हें नौकरी दूंगा। हर किसी ने भ्रष्टाचार का अपना मॉडल बनाया है। आज जब उनके खिलाफ कार्रवाई की गयी है, तो वे सभी एकजुट हो गये हैं। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शनिवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नीतीश और लालू पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि लालू परिवार ने नौकरी के बदले जमीन ली है। भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, तो विक्टिम कार्ड खेल रहे हैं। नीतीश कुमार अवसरवादी नेता हैं।

इडी ने कहा : 600 करोड़ का घोटाला एक करोड़ कैश मिले

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। रेलवे में लैंड फॉर जॉब स्कैम मामले में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के परिवारवालों के दिल्ली और बिहार स्थित ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने शुक्रवार को छापेमारी की थी। इनमें लालू की तीन बेटियों और राजद के नेताओं के परिसर शामिल हैं। इस मामले में इडी ने कहा है कि यह 600 करोड़ का घोटाला है। 24 जगह छापे मारे गये हैं। इसमें एक करोड़ कैश मिले हैं।

इडी अब मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की फारेंसिक जांच करायेगी

- विशाल चौधरी और अन्य संदिग्धों से मिले डेटा को जांच के लिए भेजा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने विशाल चौधरी समेत मनी लांड्रिंग के विभिन्न संदिग्धों के मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से प्राप्त करीब 100 जीबी डेटा फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा है। इडी ने पिछले साल पॉवर ब्रोकर विशाल चौधरी के परिसरों में छापा मारा था। उसके बारे में कहा जाता है कि वह झारखंड के विभिन्न आइएएस और आइपीएस अधिकारियों और राज्य के अधिकारियों से जुड़ा हुआ है। छापेमारी के दौरान कई मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बरामद किये गये थे।

हाई-प्रोफाइल व्यक्तियों के वीडियो मिले हैं : इडी को विशाल चौधरी और कुछ हाई-प्रोफाइल व्यक्तियों के वीडियो मिले हैं। अब इडी विशाल चौधरी के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से प्राप्त कुछ कथित आपत्तिजनक वीडियो की जांच करना चाहती है। इसके लिए इडी ने फॉरेंसिक जांच के लिए वीडियो क्लिप भेजी है। झारखंड में इडी मुख्य रूप से अवैध पत्थर खनन मामले, मनरेगा घोटाला और टेंडर घोटाले की जांच कर रही है। हालांकि इडी ने इनमें से किसी भी मामले में विशाल चौधरी को आरोपी नहीं बनाया है, लेकिन सत्ता के दलाल के रूप में उनकी भूमिका संदेहास्पद है।

बाबूलाल मरांडी ने जारी की थी वीडियो क्लिप : हाल ही में भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने एक वीडियो क्लिप जारी की थी, जिसमें वरिष्ठ आइएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का को विशाल चौधरी के आवास पर कथित रूप से आधिकारिक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करते दिखाया गया है। बैकग्राउंड में विशाल चौधरी एक महिला से एक व्यक्ति से बकाया भुगतान के बारे में पूछते हुए सुनाई दे रहा है। बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि आइएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का पावर ब्रोकर विशाल चौधरी के साथ विभिन्न घोटालों का हिस्सा थे। भाजपा नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल भी राजीव अरुण एक्का के खिलाफ कार्रवाई के लिए राज्यपाल से मिला था।

झारखंड शराब व्यापारी संघ ने लगाया आरोप

झारखंड में दिल्ली की तर्ज पर शराब घोटाला

- फिर से पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड शराब व्यापारी संघ ने खुला आरोप लगाया है कि झारखंड में शराब की बिक्री करनेवाली छत्तीसगढ़ की एजेंसी ने बड़ा घोटाला किया है। संघ ने ऑडिट और जांच कराने की मांग की है। चैंबर भवन में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में झारखंड शराब व्यापारी संघ के अध्यक्ष अचिंत्य कुमार शॉ और महासचिव सुबोध कुमार जायसवाल ने कहा कि झारखंड में इसकी जांच होगी, तो दिल्ली शराब घोटाला जैसा एक बड़ा घोटाला सामने आयेगा। संघ ने कहा कि राज्य सरकार को सैकड़ों करोड़ के राजस्व का नुकसान हुआ है। आखिर इस नुकसान की भरपाई कौन करेगा।

संघ ने उत्पाद मंत्री और मुख्यमंत्री से पूछा है कि क्या जिस अधिकारी के कारण राजस्व का नुकसान हुआ है, उसे सरकार दंडित करेगी। संघ ने सवाल उठाया है कि आखिर कोई प्लेसमेंट एजेंसी बिना बैंक गारंटी के पिछले साढ़े चार महीने से कैसे काम कर रही है, जबकि नियम कहता है कि 48 घंटे के भीतर अगर संबंधित एजेंसी या संस्थान द्वारा बैंक गारंटी नहीं दी जाती है, तो उसे काम करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने एक साल से भी कम समय में पांच बार उत्पाद आयुक्त बदले जाने पर भी सवाल उठाया।

साथ ही संघ ने सरकार से मांग की कि छत्तीसगढ़ की एजेंसी को हटा कर फिर से पुरानी व्यवस्था लागू की जाये। पुरानी व्यवस्था में करीब 3500 करोड़ के राजस्व का प्रपोज ऑफर टारगेट संघ के द्वारा दिया गया है। संघ का कहना है कि शराब बेचना सरकार का काम नहीं है और इसे संघ को ही करने दिया जाये, जो कि राज्य हित में है। संघ ने सरकार को छह बिंदुओं पर सुझाव दिया है, जिसमें पूर्व की भांति 19 सी लाइसेंस पद्धति से राज्य के अंदर थोक विक्रेताओं को आपूर्ति करने की व्यवस्था को लागू करना, वैट के प्रतिशत को 75 प्रतिशत से कम कर 50 प्रतिशत करना, शराब की बिक्री दर पड़ोसी राज्यों से अधिक ना करना जैसे सुझाव शामिल हैं।

डॉक्टरों ने हड़काया तो रिम्स के एमओ का सस्पेंशन वापस

- रिम्स के निरीक्षण के दौरान शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया था सस्पेंड

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शुक्रवार को राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स के निरीक्षण के क्रम में मेडिकल ऑफिसर डॉ अनिश कुमार और सिस्टर इंचार्ज डॉ विद्या को सस्पेंड कर दिया था। इस घटना के दूसरे दिन यानी शनिवार को सस्पेंशन से नाराज डॉक्टरों ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को हड़काते हुए कहा कि अगर एमओ का सस्पेंशन वापस नहीं लिया जाता है, तो वे सोमवार से कार्य बहिष्कार कर देंगे। डॉक्टरों के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के साथ उनके कार्यालय में बैठक की। इस बैठक में डॉक्टरों के हड़काने के बाद उन्होंने सस्पेंशन को वापस ले लिया।

रिम्स अधीक्षक कार्यालय का किया घेराव : स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के साथ मीटिंग से पहले डॉक्टरों ने रिम्स अधीक्षक डॉ हीरेंद्र बिरुआ के कार्यालय का घेराव भी किया। यहां डॉ मनोज कुमार ने साफ तौर पर कहा कि मरीजों को सुविधा नहीं मिलना एडमिनिस्ट्रेटिव फेल्योर है। हम डॉक्टर हैं। हमारा काम इलाज करना है न कि मरीज के बेड की चादर बदलना। इसके बाद रांची आइएमए, झासा और रांची रिम्स के डॉ मनोज कुमार, डॉ प्रभात, डॉ पंकज बोदरा, डॉ सुषमा, डॉ निशित एक्का सहित अन्य ने स्वास्थ्य मंत्री के साथ बैठक की। इस बैठक में राज्य में बेहतर चिकित्सा व्यवस्था बहाल करने समेत मेडिकल प्रोटेक्शन बिल, रिम्स समेत विभिन्न अस्पतालों की व्यवस्था को बेहतर बनाने पर सहमति बनी।

क्या है पूरा मामला : शुक्रवार को रिम्स शासी परिषद् की 55वीं बैठक होनी थी। पर यह बैठक आरोप-प्रत्यारोप की भेंट चढ़ गयी। बैठक शुरू होते ही रिम्स निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद ने कहा कि अगर स्वास्थ्य मंत्री मेरे काम से संतुष्ट नहीं हैं, तो हमें हटा दें। इस पर जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि इस्तीफा देना चाहते हैं, तो खुद दीजिए। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता बैठक स्थगित करते हुए ट्रामा सेंटर स्थित सेंट्रल इमरजेंसी के निरीक्षण को निकल गये। निरीक्षण के दौरान मरीज के बेड में गंदी चादर देख स्वास्थ्य मंत्री भड़क गये और एमओ को सस्पेंड करने का आदेश सुना दिया।

प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पोस्ट-बजट वेबिनार को किया संबोधित

वेबिनार भारत के करोड़ों लोगों के हुनर और उनके कौशल को समर्पित: मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान' (पीएम विकास) पर पोस्ट-बजट वेबिनार को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि आज बजट का यह वेबिनार भारत के करोड़ों लोगों के हुनर और उनके कौशल को समर्पित है। हम कौशल जैसे क्षेत्रों में जितना अव्वल होंगे, हमें उतनी सफलता मिलेगी। इसे लेकर कई सुझाव भी आये हैं। सभी स्टैक होल्डर्स ने इस बजट को कैसे सार्थक बनाया जाये, इस पर चर्चा की। जो चर्चा संसद में होती है, जो चर्चा सांसद करते हैं, वैसे ही गहन विचार जनता की ओर से हमें मिला है। यह इवेंट 12 पोस्ट-बजट वेबिनार की सीरीज का एक हिस्सा है। वेबिनार की इस सीरीज में केंद्र सरकार बजट 2023-24 में की गयी घोषणाओं पर विचारों और सुझावों को इकट्ठा कर रही है, ताकि उन सभी घोषणाओं पर सही दिशा में काम किया जा सके।

प्रधानमंत्री ने कहा कि शहरों में विभिन्न कारीगर हैं, जो अपने कौशल से औजार का उपयोग कर अपना जीवन यापन करते हैं। पीएम विश्वकर्मा का फोकस ऐसे एक बिखरे हुए समुदाय की तरफ है। महात्मा गांधी की ग्राम स्वराज कल्पना को देखें, तो गांव के जीवन में खेती किसानी के साथ ही अन्य व्यवस्थाएं भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। 'पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान' का उद्देश्य कारीगरों-शिल्पकारों को डोमेस्टिक और ग्लोबल वैल्यू चेन से जोड़ना है। ऐसा करके सरकार उनके प्रोडक्ट्स-सर्विसेस की क्वालिटी, स्केल और रीच में सुधार करना चाहती है।

पीएम मोदी की वेबसाइट पर मां के नाम पर सेक्शन

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऑफिशियल वेबसाइट पर उनकी मां हीराबेन मोदी को समर्पित एक सेक्शन बनाया गया है। इसमें हीराबा के जीवन से जुड़ी बातें, उनके फोटो-वीडियो और उनकी सीखों को शामिल किया गया है। वहीं, इसमें चार अलग सेक्शन बनाये गये हैं। इसमें हीराबा की पब्लिक लाइफ, देश की यादों में हीराबा, हीराबा के निधन पर दुनियाभर के नेताओं के शोकसंदेश और मातृत्व को सेलिब्रेट करने के लिए टेम्पलेट दिया गया है। पिछले साल 30 दिसंबर को हीराबा का निधन हो गया था, जिसके बाद उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए यह माइक्रोसाइट लांच की गयी है। 'मैं और मां' नाम से एक वीडियो है, जिसमें अपनी मां के लिए पीएम मोदी के दिल की बातों को खूबसूरत तरीके से पेश किया गया है। अंत में पीएम ने कहा है कि तुमसे मिलने का नया पुल हैं मां, अब इसी पर टहला करूंगा।

'द कपिल शर्मा शो' में नजर आयेंगे मोदी?

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। दर्शकों का मनोरंजन करनेवाला कपिल का 'द कपिल शर्मा शो' भी काफी लोकप्रिय है। इन शोज में अक्सर बॉलीवुड सेलेब्रिटीज अपनी फिल्म का प्रमोशन करने आते हैं। हाल ही में दिये इंटरव्यू में कपिल शर्मा ने बताया कि वह जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले थे, उस दौरान उन्होंने पीएम को अपने कॉमेडी शो में गेस्ट के रूप में आने के लिए इन्वाइट किया था। पीएम ने उनके शो पर ना आने से साफ इनकार तो नहीं किया। उन्होंने कहा कि अभी तो मेरे विरोधी बहुत कॉमेडी कर रहे हैं। आयेंगे कभी। कपिल ने कहा कि अगर वे कभी आते हैं, तो यह मेरे लिए सम्मान की बात होगी। मैं चाहता हूं कि उनका लाइट वर्जन भी लोगों के सामने आये। पूरी दुनिया पीएम मोदी के मजाकिया अंदाज को भी देखे। उन्होंने कहा, मैं पीएम को बुलाता रहूंगा।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 12 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in

'परिवार' की छाया से मुक्त क्यों नहीं हो पा रही है कांग्रेस

■ पार्टी के हर फैसले के पीछे अब भी चलती है परिवार की मर्जी

■ यही हाल रहा, तो 2024 की राह हो जायेगी और भी कठिन

आजाद सिपाही विशेष

देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी और करीब साढ़े छह दशक तक देश की सत्ता पर एकछत्र शासन करनेवाली कांग्रेस वाकई अपने इतिहास के सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। पार्टी ने पिछले साल बड़े तामझाम के साथ नये अध्यक्ष का चुनाव कर आंतरिक लोकतंत्र का स्वर मजबूत किया, लेकिन राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और फिर पिछले महीने रायपुर में पार्टी के महाधिवेशन में लिये गये फैसलों से साफ पता चलता है कि पार्टी अब भी 'परिवार' की छाया से पूरी तरह मुक्त नहीं हो सकी है। कांग्रेस का हर फैसला अब भी उस 'परिवार' की मर्जी से लिया जाता है या यों कहा जाये कि पार्टी के हर फैसले के पीछे 'परिवार' की इच्छा होती है। अपने इतिहास के सबसे बुरे दौर से गुजर रही किसी पार्टी के लिए इससे बुरा कुछ भी नहीं हो सकता है। मल्लिकार्जुन खड़गे के अध्यक्ष बनने, भारत जोड़ो यात्रा और रायपुर अधिवेशन के बाद लगा था कि कांग्रेस अब खुद को बदल रही है, लेकिन यात्रा और महाधिवेशन को एक साथ देखा जाये, तो ऐसा कुछ भी नजर नहीं आता है। कांग्रेस को समझना होगा कि राजनीति के इस आक्रामक दौर में उसे भी रक्षात्मक रुख छोड़ कर सामने आना होगा। लेकिन खड़गे का अब तक का कामकाज साबित करता है कि वह अपनी मर्जी से कुछ भी नहीं कर सकते हैं। उन्हें अपने हर फैसले के लिए उस 'परिवार' पर निर्भर रहना पड़ रहा है। इससे और तो कुछ नहीं हो रहा, केवल कांग्रेस के लिए 2024 की राह कठिन होती जा रही है। कांग्रेस की इस हालत का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और कांग्रेस के नया रायपुर महाधिवेशन को जोड़ कर देखें, तो लगता है कि विचारधारा, संगठन और चुनावी रणनीति की दृष्टि से पार्टी कुछ नया नहीं गढ़ना चाहती। वह 'राहुल गांधी सिद्धांत' पर चल रही है, जो 2019 के चुनाव के पहले तय हुआ था। पार्टी के कार्यक्रमों पर नजर डालें, तो वे 2019 के घोषणापत्र के 'न्याय' कार्यक्रम की कार्बन कॉपी हैं। इसमें न्यूनतम आय और स्वास्थ्य के सार्वभौमिक अधिकार को भी शामिल किया गया है। तब और अब में फर्क केवल इतना है कि पार्टी अध्यक्ष अब मल्लिकार्जुन खड़गे हैं, जिनकी अपनी कोई लाइन नहीं है। संयोग से परिणाम वैसे नहीं आये, जिनका दावा किया जा रहा है, तो जिम्मेदारी खड़गे ले ही लेंगे।

कांग्रेस के कार्यक्रमों पर नजर डालें, तो दिखाई पड़ेगा कि पार्टी ने भाजपा के कार्यक्रमों की तर्ज पर ही अपने कार्यक्रम बनाये हैं। इसमें कोई नयापन नहीं है। इस महाधिवेशन से दो-तीन बातें और स्पष्ट हुई हैं। कांग्रेस अब सोनिया गांधी से बाद की राहुल-प्रियंका पीढ़ी के पूरे नियंत्रण में है। अधिवेशन में जो भी फैसले हुए, वे परिवार की मर्जी को व्यक्त करते हैं। पार्टी में पिछली पीढ़ी के ज्यादातर नेता या तो किनारे कर दिये गये हैं या राहुल के शरणागत हो गये हैं। जी-23 जैसे ग्रुप का दबाव खत्म है।

दूसरी तरफ राहुल-सिद्धांत की विसंगतियां कायम हैं। राहुल ने खुद को 'सत्याग्रही' और भाजपा को 'सत्ताग्रही' बताया। नौ साल सत्ता से बाहर रहना उनकी व्यथा है। दूसरी तरफ पार्टी का अहंकार बढ़ा है। वह विरोधी दलों से कह रही है कि हमारे साथ आना है, तो हमारे नेतृत्व को स्वीकार करो। बगैर किसी चुनावी सफलता के उसका ऐसा मान लेना आश्चर्यजनक है। सवाल है कि गुजरात में मिली जबरदस्त हार के बावजूद पार्टी के गौरव गान के पीछे कोई कारण है या सब कुछ हवा-हवाई है? पार्टी मान कर चल रही है कि राहुल गांधी का कद बढ़ा है। उनकी भारत जोड़ो यात्रा ने चमत्कार कर दिया है। छोटे से लेकर बड़े नेताओं तक ने 'भारत जोड़ो' का जैसा यशोगान किया, वह रोचक है।

यात्रा की राजनीति

हालांकि यात्रा को पार्टी के कार्यक्रम के रूप में शुरू नहीं किया गया था और उसे राजनीतिक कार्यक्रम बताया भी नहीं गया था, पर पार्टी यह भी मानती है कि इस यात्रा ने उसमें 'प्राण फूंक दिये हैं' और अब ऐसे ही कार्यक्रम और चलाये जायेंगे, ताकि राहुल गांधी के ही शब्दों में उनकी 'तपस्या' के कारण पैदा हुआ उत्साह भंग न होने पाये। तपस्या बंद नहीं होनी चाहिए।

बहरहाल 'यात्रा की राजनीति' ही अब कांग्रेस की रणनीति है। उनकी समझ से भाजपा के राष्ट्रवाद का जवाब भी यही है। भाजपा पर हमला करने के लिए कांग्रेस ने वर्तमान चीनी घुसपैठ के राजनीतिकरण और 1962 में चीनी आक्रमण के दौरान तैयार हुई राष्ट्रीय चेतना का श्रेय लेने की रणनीति तैयार की है। नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे कार्यक्रमों की देखा-देखी अधिवेशन में पारित एक प्रस्ताव में कहा गया है कि देश के उत्पादों को बढ़ावा देने का समय आ गया है। इसके लिए मझोले और छोटे उद्योगों, छोटे कारोबारियों को संरक्षण देने तथा जीएसटी को सरल बनाने की जरूरत है।

राहुल का चेहरा

लगता है, राहुल गांधी अपनी वामपंथी छवि बनाना चाहते हैं। विरोधी दलों की एकता से जुड़े प्रस्ताव में सेकुलर और सोशलिस्ट पार्टियों की एकता शब्द का इस्तेमाल किया गया है। खड़गे ने दावा किया है कि कांग्रेस 2024 के लिए एक विजन दस्तावेज तैयार करेगी। चुनाव राहुल गांधी के नेतृत्व में लड़ा जायेगा। उन्हें प्रधानमंत्री पद का प्रत्याशी घोषित करने या नहीं करने का अब कोई मतलब नहीं है। अध्यक्ष कोई भी हो, कमान परिवार के हाथ में होगी। एक तस्वीर सामने आयी है, जिसमें मंच पर खड़गे और कुछ अन्य नेता खड़े हैं। धूप से बचाने के लिए छतरी केवल सोनिया गांधी के ऊपर तनी है। छत्र के इस प्रतीक को आप इस रूप में देख सकते हैं। अधिवेशन में जो बातें उभर कर आयी हैं, उनमें पार्टी के लोकसभा चुनाव में पूरी ताकत से लड़ने, भाजपा को परास्त करने की हरसंभव कोशिश करने, सामाजिक न्याय को महत्व देने, युवाओं को आगे लाने और समान विचारों वाले विरोधी दलों को एकजुट करने जैसी बातें शामिल हैं। बार-बार दोहरायी जाने वाली इन बातों के मुकाबले तत्व की बातें दो हैं। नरेंद्र मोदी पर सीधे हमले जारी रहेंगे। इसके अलावा सीबीआइ तथा इडी के दुरुपयोग के आरोपों को धार दी जायेगी।

चुनाव नहीं, मनोनयन

पिछले साल से पार्टी की दो प्रवृत्तियां साफ दिखाई पड़ रही हैं। जी-23 का दबाव कहें या वक्त की जरूरत, पार्टी ने लोकतांत्रिक-कर्मकांड का सहारा लेना शुरू कर दिया है। उदयपुर के चिंतन शिविर से कुछ सिद्धांत निकल कर आये और पार्टी के अध्यक्ष का चुनाव हुआ। उस चुनाव में स्पष्ट था कि खड़गे परिवार के प्रत्याशी हैं। कार्यसमिति के गठन की प्रक्रिया को लेकर चली चर्चा पर रायपुर में विराम लग गया और स्पष्ट है कि चुनाव नहीं होगा, मनोनयन होगा। सदस्यों की संख्या भी बढ़ा दी गयी है। विडंबना है कि देश में लोकतंत्र की मांग करनेवाली पार्टी आंतरिक लोकतंत्र से भाग रही है। महाधिवेशन में कांग्रेस ने अपने संविधान के जिन 16 नियमों और 32 प्रावधानों में संशोधन के प्रस्ताव तकरीबन मंजूर किये हैं, वे सभी राहुल गांधी के विचारों से निकले हैं। सबसे बड़ा फैसला यह लिया गया कि कार्यसमिति के सदस्यों की संख्या बढ़ायी जायेगी और इसमें एससी, एसटी, ओबीसी, महिला और युवा वर्ग की हिस्सेदारी सुनिश्चित की जायेगी। उदयपुर में 50 प्रतिशत पदों पर 50 से कम उम्र के लोगों को रखने का सिद्धांत बना था। उसका क्या हुआ, पता नहीं। बहरहाल कार्यसमिति में वंचितों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं को कितना स्थान मिलेगा और किस तरह मिलेगा, यह कुछ समय बाद ही पता चलेगा। उसका व्यावहारिक रूप कुछ समय बाद ही स्पष्ट होगा। वस्तुतः यह आंतरिक लोकतंत्र से ज्यादा चुनावी रणनीति का हिस्सा है। पार्टी आरक्षित वर्गों को आकर्षित करना चाहती है। उसने जातिगत जनगणना कराने की मांग भी की है। लोकतंत्र की दृष्टि से देखें, तो यह देखना होगा कि विभिन्न प्रदेशों की कांग्रेस समितियों के सदस्य किस प्रकार चुन कर आये थे।

इस पूरे परिप्रेक्ष्य में साफ नजर आता है कि कांग्रेस का अध्यक्ष भले ही उस 'परिवार' का हिस्सा नहीं है, लेकिन पार्टी का आंतरिक लोकतंत्र अब पूरी तरह दम तोड़ चुका है। उसके नेताओं को जरा भी आभास नहीं है कि 2024 में यही 'परिवार' पार्टी की राह में कांटे बोयेगा।

मझगांव थाना प्रभारी के विरोध में उतरा मुखिया संघ, डीसी-एसपी से की शिकायत

थाना प्रभारी को हटाने की मांग तेज, जनप्रतिनिधियों से दुर्व्यवहार का लगा आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

चाइबासा। मझगांव थाना प्रभारी के खिलाफ मझगांव प्रखंड मुखिया संघ गोलबंद होकर शनिवार को पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर को ज्ञापन सौंपने पहुंचा। संघ ने पत्र की कॉपी मुख्यमंत्री, उपायुक्त और बाल संरक्षण आयोग को भी भेजा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुखिया संघ के अध्यक्ष लक्ष्मी पिंगुवा ने कहा कि मझगांव थाना प्रभारी विकास कुमार दुबे का रवैया जनप्रतिनिधियों के साथ बिल्कुल सही नहीं है।

थाना प्रभारी अपने पद का गलत इस्तेमाल करते हुए जनप्रतिनिधियों के साथ हमेशा दुर्व्यवहार करते हैं। दो-तीन बार शांति समिति की बैठक समेत अन्य जगहों में इस मामले को उठाया गया, लेकिन थाना प्रभारी अपने रवैये को सुधारने की जगह जनप्रतिनिधियों के प्रति हीनभावना रखते हैं। कभी मोटरसाइकिल चेकिंग के नाम पर तो कभी कोई शिकायत के नाम पर जनप्रतिनिधियों को तंग किया जाता है। बालू, गिट्टी, डस्ट समेत अन्य छोटे बड़े वाहनों से रात में वसूली का काम बेधड़क एएसआइ सरफराज को दे रखा है। स्थानीय लोगों और समाजसेवियों के प्रति भी उनका रवैया अपमानित करनेवाला है।

कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

लक्ष्मी पिंगुवा ने बताया कि 7 फरवरी को खैरपाल के कंटाविला गांव में एक बाल विवाह हो रहा था। इसकी जानकारी उन्होंने खुद फोन पर थाना प्रभारी को दी थी। इसमें लड़की की उम्र 17 साल और लड़के की उम्र 18 साल थी। इसमें सहयोग करने की बजाय थाना प्रभारी ने कहा कि शादी होने दीजिए, बाद में मामला थाना में ही आयेगा। उन्होंने थाना प्रभारी को तत्काल हटाने और एक अच्छे पदाधिकारी को नियुक्त करने की मांग की है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन को सात दिन का समय दिया है एक सप्ताह के भीतर इस दिशा में उचित कार्रवाई नहीं होने पर प्रखंड में विकास का काम ठप कर प्रखंड और थाना में धरना देने की घोषणा की है।

विधायक निरल पूर्ति से करेंगे शिकायत

मझगांव विधानसभा विधायक प्रतिनिधि सुनील सिरका ने कहा कि इस मामले को वह विधायक निरल पूर्ति तक पहुंचायेंगे। ऐसे पदाधिकारी के रहने से सामाजिक माहौल बिगड़ने की आशंका है। मौके पर प्रखंड प्रमुख सोनामुनी चाहता, मुखिया चांदनी तिरिया, मझगांव मुखिया रिलन आभा मधु धान, खारपोस मुखिया प्रताप चातार, बलियापोसी मुखिया निरंजन नायक, अधिकारी मुखिया शशि भूषण पिंगुआ, घोड़ाबंधा मुखिया विवेक पूर्ति, नयागांव मुखिया लक्ष्मी पिंगुवा, परसा मुखिया चांदनी बिरुआ, सोनापोस मुखिया सरिता बिरुआ आदि मौजूद थे।

इंस्टाग्राम पर किसी और से बात करती थी गर्लफ्रेंड, कर दी हत्या

गोड्डा। सोशल नेटवर्किंग साइट पर गर्लफ्रेंड किसी और से बात कर रही थी, तो नाबालिग प्रेमी ने लोहे की रॉड से मार कर प्रेमिका की जान ले ली। घटना गोड्डा के महागामा थाना क्षेत्र की है। होली के दूसरे दिन नाबालिग की लाश गोविंदपुर पहाड़ी के पास से मिली।

इस पूरे मामले पर एसपी नाथू सिंह मीना ने बताया कि नाबालिग की हत्या प्रेम-प्रसंग में की गयी। पुलिस ने आरोपी किशोर को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे बाल सुधार गृह भेजने की तैयारी में है। 8 मार्च की रात करीब 11 बजे परिजन 17 वर्षीय नाबालिग छात्रा की गुमशुदगी की सूचना लेकर थाने पहुंचे थे। पुलिस ने तुरंत सर्च अभियान तेज कर दिया। पुलिस को दूसरे दिन गुरुवार की सुबह गोविंदपुर पहाड़ी के पास एक गड्ढे में छात्रा का शव मिला। परिजनों ने शव की पहचान कर ली। इस मामले की जांच के लिए एसपी मीना ने एसडीपीओ शिव शंकर तिवारी के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया। लड़की के मोबाइल नंबर की जांच की गयी। तकनीकी तौर पर कई और साक्ष्य इकट्ठा किये गये। फोन नंबर के आधार पर कुछ लोगों को थाने में बुला कर पूछताछ की गयी। पुलिस पूछताछ में 17 साल के लड़के ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। लोहे की पाइप से मार कर उसने जान ली है। मृतका का मोबाइल फोन भी घटनास्थल से कुछ दूरी पर पोखर से बरामद किया गया।

अवैध शराब कारोबारी के यहां छापेमारी करने गयी टीम पर हमला मामले में 13 गिरफ्तार, भेजे गये जेल

48 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज, कई आरोपी फरार

आजाद सिपाही संवाददाता

गिरिडीह। जिले के बिरनी प्रखंड के जनता जरीडीह गांव में अवैध शराब कारोबारी के ठिकाने पर छापेमारी करने गयी पुलिस टीम पर 10 मार्च की रात हमला मामले में 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामले में 48 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों में मुखिया समेत ग्रामीण शामिल हैं। पुलिस को आशंका है कि हमला करने वालों में 100-125 के आसपास अज्ञात ग्रामीण संख्या शामिल थे। इनकी पहचान की कोशिश जारी है। हमला के बाद कई आरोपी फरार हो गये। पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। आरोपियों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा पहुंचाने और पुलिस जवान पर जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज किया गया है। शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए इलाके में पुलिस गश्त कर रही है। उल्लेखनीय है कि जनता जरीडीह गांव के अवैध शराब कारोबारी छोटन राम के ठिकाने पर पुलिस टीम 10 मार्च की रात करीब आठ बजे छापेमारी करने गयी थी। पुलिस टीम ने छोटन राम को गिरफ्तार करने समेत उसके ठिकाने से अंग्रेजी शराब की तीन पेटियां जब्त कीं। पुलिस छोटन राम को गिरफ्तार करने के बाद उसे लेकर थाना जा रही थी। इसी दौरान उसके घर महिलाएं पुलिस टीम से उलझ गयीं। हो हल्ला सुनकर ग्रामीण भी वहां आ जुटे। ग्रामीणों ने पुलिस कार्रवाई का विरोध कर पुलिस टीम पर हमला कर दिया। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने लाठियां भांजी तथा भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हवाई फायरिंग की। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर पथराव किया, जिससे कई पुलिसकर्मी घायल हो गये।

बूढ़ा पहाड़ से भागे इनामी नक्सलियों ने पलामू, चतरा और लातेहार के सीमावर्ती क्षेत्रों को बनाया ठिकाना

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। ऑपरेशन ऑक्टोपस के तहत पुलिस ने लातेहार और छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित बूढ़ा पहाड़ को नक्सलियों के कब्जे से मुक्त कर लिया। साथ ही बूढ़ा पहाड़ में अभियान चलाने के लिए कई फॉरवर्ड कैंप भी बना लिये। इस बीच सूचना मिली है कि बूढ़ा पहाड़ से भागने के बाद एक दर्जन से भी अधिक बड़े इनामी नक्सलियों ने पलामू, चतरा और लातेहार सीमावर्ती क्षेत्रों को अपना नया ठिकाना बनाया है। इन इलाकों में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के कमांडर और 25 लाख के इनामी गौतम पासवान, 15 लाख के इनामी मनोहर गंझू और नीरज खरवार, 10 लाख के इनामी अरविंद मुखिया और सुनील यादव के नेतृत्व में दस्ता सक्रिय है। वहीं प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी के टॉप कमांडर और 15 लाख के इनामी आक्रमण गंझू और 10 लाख के इनामी शशिकांत के नेतृत्व में भी दस्ता सक्रिय है। साथ ही झारखंड जनमुक्ति परिषद के 10 लाख के इनामी पप्पू लोहरा और पांच लाख के इनामी सुनील उरांव के नेतृत्व में दस्ते ने डेरा डाला है।

दो इनामी नक्सली को किया था गिरफ्तार

बूढ़ा पहाड़ से भागे दो बड़े नक्सलियों को गिरफ्तार करने में झारखंड पुलिस को सफलता मिली है। लातेहार पुलिस ने बीते दिन भाकपा माओवादी संगठन के दो टॉप नक्सली कमांडर संजीवन और कुंदन को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार दोनों नक्सली लातेहार, पलामू और चतरा के सीमावर्ती इलाकों में भाकपा माओवादी संगठन का दस्ता तैयार कर लेवी वसूलने की प्लानिंग कर रहे थे।

राजस्थान को हरा कर फाइनल में पहुंची झारखंड की टीम

सीनियर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। गुजरात में 9 से 18 मार्च तक एनटीपीसी 29वीं सीनियर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। इस चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन जारी है। शनिवार को खेले गये इंडियन राउंड में झारखंड की मिक्स टीम अनिल लोहार और वर्षा खलखो की जोड़ी ने राजस्थान को हरा कर फाइनल में जगह बना ली। फाइनल में गोल्ड जीतने के लिए अनिल लोहरा और वर्षा खलखो की जोड़ी ऑल इंडिया पुलिस टीम से भिड़ेगी। बता दें कि सीनियर नेशनल तीरंदाजी के पहले दिन झारखंड का खाता खोलते हुए वर्षा खलखो ने इंडियन राउंड डिवीजन में 50 मीटर डिस्टेंस पर 319 अंक हासिल कर कांस्य पदक झारखंड के नाम किया था। वर्षा साझा सेंटर सिल्ली की तीरंदाज है। टीम के इस प्रदर्शन पर खिलाड़ी एवं प्रशिक्षकों को खेल निदेशक डॉ सरोजिनी लकड़ा एवं झारखंड तीरंदाजी संघ के वरीय उपाध्यक्ष नेहा महतो समेत झारखंड के सभी आर्चरी एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ-साथ खेल प्रेमियों ने खुशी व्यक्त की है। साथ ही अगली प्रतिस्पर्धा के लिए झारखंड टीम को शुभकामनाएं दी हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	31.2 °c	16.6 °c
सूर्यास्त (आज) :		17.56 बजे
सूर्योदय (कल) :		06.02 बजे

मुस्लिम समुदाय के अधिकारों से जुड़े मुद्दे को पार्टी मुखर रूप से उठायेगी: सुदेश

आमया संगठन का प्रतिनिधिमंडल सुदेश महतो से मिला

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुस्लिम समुदाय के अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर आमया संगठन का प्रतिनिधिमंडल आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो से मिला और आग्रह किया कि मुस्लिम समाज के लंबित मुद्दे पर आजसू पार्टी आवाज बने। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे आमया संगठन के अध्यक्ष एस अली ने उन्हें बताया कि वर्तमान महागठबंधन सरकार बिहार पुनर्गठन अधिनियम 2000 के तहत झारखंड के मुसलमानों को जो अधिकार प्राप्त है, उसे छीन रखा है। रोजगार और विकास की बात छोड़ दीजिए, तीन वर्ष बीतने के बाद भी अल्पसंख्यक आयोग, वक्फ बोर्ड आदि का गठन नहीं हुआ।

राज्य में 15 सूत्री समिति नहीं होने के कारण अल्पसंख्यक योजनाओं का प्रस्ताव केंद्र सरकार को नहीं भेजा गया, जिसके चलते केंद्र से मिलनेवाली करोड़ों की राशि से अल्पसंख्यक समुदाय चार वर्ष से वंचित है। राज्य अलग होने के 23 वर्ष बाद भी 4401 उर्दू प्रारंभिक शिक्षक के पद नहीं भरे गये। आज भी 3700 पद खाली हैं। वर्तमान सरकार ने पांच सौ से ज्यादा उर्दू स्कूलों को सामान्य विद्यालय बना कर जुमा की छुट्टी समाप्त कर दी।

मदरसा आलिम और फाजिल डिग्री को सरकारी नियुक्तियों में मान्यता नहीं दी जा रही। आलिम और फाजिल की परीक्षा विश्वविद्यालय से कराने एवं 544 वित्त रहित मदरसों को अनुदान से जोड़ने पर कोई पहल नहीं। मॉब लींचिंग पर कानून, पीड़ित को मुआवजा और नौकरी जैसे मामलों पर सरकार खामोश है। 10 जून रांची गोली कांड में मृत एवं घायल व्यक्तियों के पीड़ित परिवार न्याय के लिए ठोकरें खा रहे हैं।

प्रतिनिधिमंडल को सुनने के बाद आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि आजसू पार्टी सामाजिक समरसता पर हमेशा मुखर है और जनहित के मुद्दे को हमेशा उठती है। महागठबंधन की सरकार अपने घोषणा पत्र में मुस्लिम समुदाय को ठगने और वोट की राजनीति करने पर उसे सदन में याद दिलायेगी। उन्होंने कहा कि समाज के प्रबुद्ध लोगों को भी आगे आकर भ्रम तोड़ना पड़ेगा। आबादी के हिसाब से अधिकार मिलना चाहिए।

मौके पर आमया संगठन के पदाधिकारी फजलूल कदीर अहमद, जियाउद्दीन अंसारी, एकराम हुसैन, औरंगजेब आलम, अफताब आलम, शाहीद अफरोज, जावेद अंसारी, मो सइद, अब्दुल बारी, मोदस्सीर अहरार, अबु रेहान, जुलफेकार खान, सुहैल अनवर, हारिस आलम, शाहनवाज आलम, अलाउद्दीन अंसारी, मो अकरम, मो अयूब, परवेज अख्तर, मो असलम, बहादुर अली राजा अंसारी के अलावा आजसू बुद्धिजीवी मंच के सज्जाद आलम, मीडिया प्रभारी प्रवाज खान शामिल थे।

सरकार और प्रतिपक्ष मिल कर नियोजन नीति के मामले का हल निकालें: भाजमो

राज्य हित और जनहित के मुद्दों पर हुई चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। शनिवार को भारतीय जनतंत्र मोर्चा की कार्यकारिणी की बैठक रांची स्थित कार्यालय में संरक्षक सरयू राय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राज्य हित और जनहित के मुद्दों पर चर्चा हुई। विशेष तौर पर राज्य की नियोजन नीति के मामले पर चर्चा हुई कि यह सरकार और प्रतिपक्ष के बीच राजनीतिक लड़ाई का मुद्दा बनती जा रही है। सरकार और प्रतिपक्ष मिल कर इसका सर्वसम्मत हल निकालने का प्रयास करे, ताकि राज्य के युवा वर्ग को रोजगार मिलने का मार्ग प्रशस्त हो। बैठक में कहा गया कि राज्य की पहली सरकार की नियोजन नीति को खारिज करते हुए झारखंड हाइकोर्ट के पांच न्यायाधीशों की खंडपीठ ने जो फैसला दिया है, उसमें निर्धारित बिंदुओं को आधार बना कर सत्ता पक्ष और विपक्ष को इस विषय का हल निकालने के लिए सार्थक बातचीत शुरू करनी चाहिए। मुख्यमंत्री को इस बारे में एक सर्वदलीय बैठक बुलाने की पहल करनी चाहिए। केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि आज राज्य के युवा गुमराह हो रहे हैं। प्रदेश में रोजगार नहीं मिल पा रहा है। आपसी भाईचारा खत्म हो रहा है। ऐसे समय में सरकार को नियोजन नीति स्पष्ट करनी चाहिए। यह हमारी नियोजन नीति है अधिकारी, पदाधिकारी, सरकारी सिस्टम सब इसको समझ सकें। युवाओं में भ्रम की स्थिति ना रहे। बैठक में आशीष शीतल मुंडा, वीरेंद्र सिंह, मुकेश पांडे, मनोज सिंह, निरंजन सिंह, डॉक्टर सत्य प्रकाश मिश्र, अशोक ठाकुर, राजीव झा, टिंकू चौधरी, शिव शंकर ठाकुर, रणधीर, दुलाल कांति चौधरी, अशोक कुमार परहन, शिवानी लता, बॉर्बी सिंह, रेनू तिवारी, मंजू देवी और अन्य शामिल रहे।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष विविध उलझनों का सामना होगा,इस समय शत्रु हावी हो सकता है, सेहत में गिरावट आयेगी।

वृष भौतिक सुख-संपन्नता में वृद्धि होगी, घर में अविवाहित बच्चों के रिश्ते आयेंगे।

मिथुन कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर, मान-यश-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी।

कर्क शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, बच्चों की तरफ से खुशखबरी प्राप्त होगी।

सिंह रोजगार-व्यापार के क्षेत्र में विरोधियों पर विजय मिलेगी, आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा।

कन्या पुराने मित्रों से मुलाकात होगी, अनायास धन और कार्य की प्राप्ति होगी।

तुला नौकरी नया पद-पोजीशन-अधिकार मिलने में उलझन होने की संभावना।

वृश्चिक नौकरी के क्षेत्र में कोई शुभ समाचार मिलेगा, मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

धनु सफलता आपके दरवाजे पर दस्तक देगी, सरकारी कार्य में प्रगति होगी।

मकर नये जॉब का ऑफर मिलने की संभावना, रोजगार संबंधी समस्यायें हल होंगी।

कुंभ आपको कोई नया कार्य या प्रोजेक्ट प्राप्त हो सकता है, घर में कोई शुभ कार्य संपन्न होगा।

मीन नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना, दूर की यात्रा के योग बन सकते हैं।

राज्यपाल ने एएसआइ के परिजनों को दिये 50 हजार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शनिवार को विशेष शाखा से राज भवन में प्रतिनियुक्त रहे सहायक अवर निरीक्षक (एएसआइ) सतीश प्रसाद के परिजनों से राज भवन में मिले। राज्यपाल ने इस अवसर पर उनके परिवार को व्यक्तिगत रूप से 50 हजार की सहायतार्थ राशि प्रदान की और उन्हें हरसंभव सहायता करने के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने सतीश प्रसाद के परिवार के सदस्य की अनुकंपा पर शीघ्र नियुक्ति के लिए पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया। बता दें कि कुछ दिनों पूर्व विशेष शाखा के सहायक अवर निरीक्षक सतीश प्रसाद का असामयिक निधन हो गया था। वह राजभवन में पदस्थापित थे।

दुमका के पूर्व सीओ दिलीप कुमार महतो पर होगी विभागीय कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी तत्कालीन अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी दिलीप कुमार महतो पर विभागीय कार्रवाई चलाने की अनुमति दी है। वह अभी गिरिडीह में बीडीओ के पद पर पदस्थापित हैं।

इस संबंध में शनिवार को कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। दिलीप कुमार महतो पर दुमका में अंचलाधिकारी के पद पर रहते हुए 2015-16 में भ्रष्टाचार में लिप्त होकर निजी स्वार्थवश रेलवे की अधिग्रहित भूमि को बिना अंचल निरीक्षक के अनुशंसा प्राप्त किये नामांतरण करने, स्थल निरीक्षण नहीं करने, नामांतरण स्वीकृत करने के पूर्व कार्यालय में रखे गये अभिलेखों, कागजातों का अवलोकन नहीं करने, नोटिस का तामिला नहीं कराने जैसे आरोप उपायुक्त दुमका ने लगाये थे और सरकार को कार्रवाई की अनुशंसा की थी। जांच में सारे आरोप प्रमाणित पाये गये, जिसके बाद उनके ऊपर विभागीय कार्रवाई चलाने का निर्णय लिया गया। जांच संचालन पदाधिकारी रिटायर आइएएस अरविंद कुमार को बनाया गया है। वहीं, उपस्थापन पदाधिकारी अपर समाहर्ता दुमका को बनाया गया है। बीडीओ से 15 दिनों में अपना लिखित बचाव बयान समर्पित करने को कहा गया है।

झारखंड कैडर के 10 आइपीएस को मिली प्रोन्नति, आदेश जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य कैडर के 10 आइपीएस को प्रोन्नति मिली है। इसको लेकर गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग ने आदेश जारी किया है। गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार आठ आइपीएस को जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड वेतनमान लेवल 12 ऑफ पे मैट्रिक्स में प्रोन्नति मिली है। दो आइपीएस को सीनियर टाइम स्केल के वेतनमान लेवल 11 ऑफ पे मैट्रिक्स में प्रमोशन मिला है। 10 आइपीएस में से आठ आइपीएस को वेतनमान लेवल 12 ऑफ पे मैट्रिक्स में प्रोन्नति मिली है। इसमें 2011 बैच के चंदन कुमार झा, अनुरंजन किस्पोट्टा, चंदन कुमार सिन्हा और अंबर लकड़ा शामिल हैं। इनमें 2014 बैच के आशुतोष शेखर, पीयूष पांडेय, प्रभात कुमार और अमन कुमार का भी नाम शामिल हैं। इन सभी आइपीएस को प्रोन्नति देते हुए गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि इनको उपलब्ध कराये गये प्रशिक्षण के अगले स्लॉट में इनके द्वारा मिड कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम फेज 3 पूर्ण कर लिया जाये। इस प्रोन्नति के बाद पदाधिकारी का वर्तमान पदस्थापन प्रभावित नहीं होगा। 10 आइपीएस में से दो आइपीएस को वेतनमान लेवल 11 ऑफ पे मैट्रिक्स में प्रोन्नति मिली है। इसमें 2013 बैच की प्रियंका मीणा और 2015 बैच के श्रीकांत सुरेशराव खोतरे शामिल हैं।

दिशा निर्देश दिये : डीजीपी ने की उच्च अधिकारियों संग बैठक

संगठित आपराधिक गिरोहों का जल्द सफाया करें: डीजीपी

विधि व्यवस्था के साथ नक्सल, साइबर और पेंडिंग मामलों की समीक्षा हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को पुलिस मुख्यालय में बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में सभी एडीजी, आइजी, डीआइजी और सभी जिलों के एसपी भी मौजूद रहे।

बता दें कि झारखंड के डीजीपी की अध्यक्षता में बुलायी गयी इस उच्च स्तरीय बैठक में विधि व्यवस्था के साथ-साथ नक्सल, साइबर और पेंडिंग केसेज जैसे महत्पूर्ण मुद्दे एजेंडे में शामिल रहे। इसके साथ ही अपराधियों पर की गयी कार्रवाई के साथ-साथ आपराधिक मामलों की कोर्ट में क्या स्थिति है, इसे लेकर भी विशेष तौर पर चर्चा की गयी। बता दें कि इस बैठक को लेकर जोनल आइजी और सभी रेंज के डीआइजी को उपस्थित रहने का भी निर्देश पूर्व में ही दे दिया गया था। वहीं इससे पहले डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बीते छह मार्च को भी अपराध नियंत्रण और विधि व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की थी।

बैठक में पिछले दो सालों में प्रतिवेदित कांडों का आंकड़ा, प्रतिवेदित और निष्पादित कांडों की सूची, संगठित अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई, लंबित कांडों की विवरणी, मानव तस्करी के वैसे कांड, जिसमें विक्टिम अभी तक मिसिंग है और वारंट और कुर्की निष्पादन की स्थिति पर चर्चा की गयी। मालूम हो कि डीजीपी के द्वारा बुलायी गयी इस बैठक में सभी जिलों के डीजी, एडीजी, आइजी, डीआइजी और सभी जिलों के एसपी शामिल हुए। वहीं इस बैठक के एजेंडे में राज्य के थानों में लंबित मामले भी महत्वपूर्ण मुद्दे रहे।

इसके अलावे राज्य पुलिस मुख्यालय में आयोजित इस बैठक में सभी जिलों के एसपी और रेल एसपी के कामकाज की बारी-बारी से समीक्षा की गयी। सभी जिलों में सक्रिय संगठित आपराधिक गैंग और उसके सदस्यों की गतिविधि पर भी चर्चा की गयी। आपराधिक मामले हत्या, लूट, डकैती, अपहरण और रंगदारी जैसी वारदातों को अंजाम देनेवाले बड़े अपराधियों पर कार्रवाई के लिए बनी योजनाएं और उन पर कितना अमल किया गया है, उसकी भी रिपोर्ट डीजीपी के सामने रखी गयी।

आज मोरहाबादी मैदान में सरना धर्म कोड महारैली

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राष्ट्रीय आदिवासी समाज सरना धर्म रक्षा अभियान के बैनर तले विभिन्न आदिवासी संगठनों की सरना धर्म कोड महारैली की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। यह रैली रांची के मोरहाबादी मैदान में होगी। सरना धर्म गुरु बंधन तिग्गा एवं डॉ करमा उरांव ने बताया कि महारैली के माध्यम से केंद्र सरकार से आगामी जनगणना के विहित परिपत्र के धर्म कॉलम में सातवें धर्म के रूप में सरना धर्म शामिल करने, कॉमन सिविल कोड लागू नहीं करने, पेसा कानून और समता जजमेंट लागू करने, पांचवीं अनुसूची के प्रावधानों का पालन करने, सीएनटी एवं एसपीटी एक्ट उल्लंघन पर रोक एवं कार्रवाई करने, अनुसूचित जनजाति के बैकलॉग पदों को भरने, अनुबंध पर कार्यरत कर्मियों को आरक्षण रोस्टर अनुपालन के साथ स्थायी करने, कुरमी जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल नहीं करने, नियोजन नीति में तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय पदों पर शत प्रतिशत स्थानीय लोगों को नियुक्ति करने, पारसनाथ मरंगबुरू आदिवासी समुदाय के पूजा स्थल के रूप में अधिसूचित करने पर प्रस्ताव लाकर केंद्र एवं राज्य सरकार से मांग की जायेगी।

नेपाल, भूटान, बांग्लादेश के सरना धर्मावलंबी भी आयेंगे

इस महारैली में संगठनों की ओर से बड़ी संख्या में आदिवासियों के भाग लेने का दावा किया गया है, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों सहित नेपाल, भूटान, बांग्लादेश के सरना धर्मावलंबी भी आयेंगे।

पहल : इंडिगो एयरलाइंस ने फ्लाइट का शेड्यूल किया जारी

रांची से देवघर और गोवा के लिए विमान सेवा का शेड्यूल जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य के लोगों के लिए बड़ी खुशखबरी है। खासकर बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर की यात्रा करनेवाले श्रद्धालुओं और गोवा जाने की इच्छा रखनेवाले यात्रियों के लिए राजधानी रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से विमान सेवा की शुरूआत होने जा रही है। इंडिगो एयरलाइंस ने फ्लाइट का शेड्यूल भी जारी कर दिया है। 26 मार्च को गोवा के लिए विमान उड़ान भरने लगेंगे, जबकि 27 मार्च को देवघर के लिए फ्लाइट की शुरूआत होगी। 28 मार्च से नवाबों के शहर लखनऊ जाना भी आसान हो जायेगा।

कब, कहां और कितने बजे होगी फ्लाइट

देवघर के लिए यात्रियों को एक फ्लाइट 27 मार्च से और दूसरी फ्लाइट एक जून से मिलेगी। इंडिगो एयरलाइंस ने समय और शेड्यूल के लिए बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची के प्रबंधन को प्रस्ताव दिया है। एयरपोर्ट के निदेशक केएल अग्रवाल ने बताया कि गोवा और देवघर के लिए रांची एयरपोर्ट से विमान सेवा शुरू होनी है। उनका प्रयास होगा कि अधिक से अधिक विमान दूसरे राज्यों के लिए मिले। इंडिगो ने रांची से देश के विभिन्न शहरों के लिए 20 फ्लाइटों की सूची समय-सारिणी के साथ एयरपोर्ट प्रबंधन को सौंपी है। जानकारी के अनुसार, रांची से गोवा के लिए विमान प्रतिदिन 26 मार्च से शाम 6:45 बजे रवाना होगी और रात 9:10 बजे गोवा पहुंचेगी। वहीं, रांची से लखनऊ के लिए विमान 28 मार्च से दोपहर 1:40 बजे रवाना होगी और लखनऊ दोपहर तीन बजे पहुंचेगी। इधर, इंडिगो द्वारा दी गयी सूची के अनुसार, रांची से देवघर विमान 27 मार्च से दोपहर 3:25 बजे रवाना होगी और शाम 4.25 बजे देवघर पहुंचेगी। दूसरी फ्लाइट 01 जून से दोपहर 12:40 बजे उड़ान भरेगी और दोपहर 1:35 बजे देवघर पहुंचेगी।

हेमंत सोरेन कैबिनेट की बैठक 15 मार्च को

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कैबिनेट की बैठक 15 मार्च को बुलायी गयी है। इस संबंध में शनिवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के मुताबिक कैबिनेट की बैठक 15 मार्च को शाम पांच बजे प्रोजेक्ट भवन स्थित कैबिनेट कार्यालय में होगी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

रिम्स को चलाने के लिए सेना के हवाले करे सरकार: नायक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह-हटिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने शनिवार को कहा कि झारखंड राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में प्रतिमाह 934, साल में 11,205 गरीब- गुरबा मरीजों की मौत हो, उस राज्य के स्वास्थ्य मंत्री को चुल्लू भर पानी में डूब जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के नेता, मंत्री, अधिकारी अपने परिवारों को प्राइवेट और उच्च गुणवत्ता वाले बाहर के अस्पतालों में इलाज करा कर अपने परिवारों की जान बचाने का कार्य कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर झारखंडी गरीब, गुरबा मरीजों को मारने के लिए अव्यवस्थित रिम्स अस्पताल को नारकीय स्थिति में बना कर रखे हुए हैं । रिम्स को अगर सुचारू रूप से झारखंड की सरकार नहीं चला पा रही है, तो कम से कम अब रिम्स को (सेना के हवाले) एमओयू कर सौंप दिया जाना चाहिए ताकि गरीब गुरबा मरीजों की जान को बचाया जा सके।

सीआइएसएफ ने स्थापना दिवस मनाया

कोडरमा (आजाद सिपाही)। केटीपीएस सीआईएसएफ कॉलोनी के सामने स्थित मैदान में सीआईएसएफ ने अपना 54वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीवीसी के मुख्य अभियंता सह परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान जवानों ने आकर्षक परेड पेश किया तथा मॉक ड्रिल भी किया। परेड का नेतृत्व अग्नि शाखा के निरीक्षक एमके शर्मा ने किया। मौके पर मुख्य अभियंता श्री सिंह ने कहा कि राष्ट्र की संपत्ति व औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा में सीआईएसएफ अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने परेड में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान नृत्य प्रस्तुत करने वाली बालिका व उसके परिजनों को भी पुरस्कृत किया गया। मौके पर सीआईएसएफ के एसी अरविंद कुमार, डीवीसी के सीएस रामप्रवेश सिंह, उप मुख्य अभियंता प्रवीण चंद्रा, विनोद राय, सुधीर कुमार व्यास, एसी प्रवीण कुमार, प्रभात कुमार, रवि कुमार, सीआईएसफ निरीक्षक एनके शर्मा, एके उपाध्याय, सूचना प्रभारी अरुण कुमार, प्रभु सिंह सहित भारी संख्या में सीआईएसएफ के जवान मौजूद थे।

होली के बाद काम पर लौटने की होड़

झुमरीतिलैया(आजाद सिपाही)। होली की छुट्टियां बिताने के बाद काम पर लौटने की होड़ शुरू हो गयी है। मुंबई, दिल्ली, जयपुर सहित देश के विभिन्न राज्यों में काम करने वालों के साथ साथ पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राएं भी विभिन्न ट्रेनों के जरिये लौटने लगे है। कोडरमा जंक्शन के रास्ते होकर चलने वाली कई मेल एक्सप्रेस सहित राजधानी एक्सप्रेस में लंबी सूची है। धनबाद गया इंटरसिटी, हटिया पटना एक्सप्रेस, पटना रांची जनस्ताब्दी एक्सप्रेस, पूरी नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, हावड़ा मुंबई मेल, गंगा दामोदर सहित कई ट्रेनों में चढ़ना मुस्किल हो गया है। होली पर घर आने ओर लौटने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने कई स्पेशल ट्रेनें भी चलायी है। पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत धनबाद रेल मंडल सहित कई मंडलों के लिए 196 विशेष रेल सेवाएं शुरू की गयी है। इधर पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के सीपीआरओ बीरेंद्र कुमार ने बताया कि होली के इस मौजूदा त्योहारी सीजन में यात्रियों की सुविधाओ के लिए, अनारक्षित डब्बों में प्रवेश के लिए आरपीएफ कर्मचारियों को भीड़ नियंत्रण के लिए तैनात किया गया है। इसके अलावा प्लेटफार्म नंबर के साथ साथ ट्रेनों के आवागमन और प्रस्थान के लिए लगातार समय की घोषणा कराई जा रही है। यात्रियों के किसी प्रकार की असुविधा के लिए 139 टोल फ्री नंबर सूचना दी जा सकती है जिस पर त्वरित कार्यवाही की जा सके।

1932 का झांसा देकर युवाओं को बरगलाना बंद करें

कोडरमा(आजाद सिपाही)। भाकपा जिला परिषद कोडरमा एवं अखिल भारतीय नौजवान संघ जिला परिषद कोडरमा की संयुक्त बैठक अंचल मंत्री अर्जुन यादव की अध्यक्षता में शनिवार को हिरोडीह पंचायत भवन में की गयी। बैठक में विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने प्रस्तुत किया। बैठक के पूर्व भाकपा जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं घुरमुंडा निवासी रामकुमार यादव के निधन पर पार्टी के साथियों ने 2 मिनट मौन रखा। बैठक में 16 मार्च 2023 को स्वर्गीय रामकुमार यादव के आवास पर भाकपा जिला परिषद कोडरमा के द्वारा शोक सभा आयोजन करने का फैसला लिया गया। भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा की झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के युवाओं को झूठा दिलासा देकर बरगलाने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री की मनसा के बारे में युवा समझ चुका है। हेमंत सरकार अपनी वादा पूरा करो, खतियानी नियोजन नीति लागू करो, लागू नहीं कराने पर भाकपा जिला परिषद कोडरमा जिले में युवाओं के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ युवाओं के सहयोग से आंदोलन तेज किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव ने कहा कि कोडरमा जिले में जमीन माफिया दिन प्रतिदिन बेचा हुआ जमीन को दुबारा दूसरे व्यक्ति के पास मोटी रकम लेकर बिक्री करता है। बैठक को एटक नेत्री सोनिया देवी, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार रजक, भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य महेश प्रसाद सिंह, सुखदेव पांडेय, योगेश प्रसाद यादव, सिकंदर कुमार, रामकृष्ण शर्मा, रामेश्वर चौधरी, ब्रह्मदेव राणा, उदय भारती, सुरेश साहू आदि ने संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन महेश प्रसाद सिंह ने किया।

महिला ने मारपीट का लगाया आरोप थाना को दिया आवेदन

मरकच्चो(आजाद सिपाही)। स्वावलंबी ग्राम अरकोसा निवासी पार्वती देवी (उम्र 41 वर्ष पति शिवशंकर महतो) ने मरकच्चो थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। आवेदिका ने बताया कि 11 मार्च की सुबह 7:30 बजे गाय का गोबर फेकने अपने खेत गयी थी। इस दौरान शैलेंद्र कुमार वर्मा उम्र 26 वर्ष, विनय कुमार वर्मा उम्र 24 वर्ष दोनो के पिता स्व लेखों महतो ग्राम अरकोसा (पुनर्वास) मुझे गोबर फेकने से मना करने लगा। वही मैं बोली कि यह जमीन मेरा है। इतने में दोनो हाथ में लिए लोहे के रड से मारपीट करने लगा एवं नाली में धकेल दिया। गले में पहने सोने की चेन ले लिया। चिलाने पर मेरा बेटा आया तो उसे भी इनलोगो ने काफी मारपीट किया। हो हल्ला सुनकर आस पास के लोग बीच बचाव में तो मेरी एवं मेरे बेटे की जान बचाकर मरकच्चो थाना आये। थाना आने के बाद मुझे पुलिस द्वारा मरकच्चो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया जहां जाकर इलाज करवायी। आवेदन में थाना प्रभारी से जांच पड़ताल कर कार्यवायी की मांग की है।

कोडरमा थाना के समीप चला वाहन चेकिंग अभियान

कोडरमा(आजाद सिपाही)। एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर कोडरमा पुलिस द्वारा लगातार चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान को जारी रखते हुए शनिवार को कोडरमा थाना के समीप थाना प्रभारी द्वारिका राम के नेतृत्व में दो पहिया वाहन चेकिंग अभियान चला। इस दौरान बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन चालकों को पकड़ा गया, तो वहीं दो पहिया वाहनों के कागजात, जांच की भी गई। इस दौरान सभी पकड़े गए दो पहिया चालकों के पास आवश्यक कागजात नहीं रहने व हेलमेट नहीं पहनने वाले वाहन चालकों से 10 हजार रुपये जुमार्ना वसूली किया गया। साथ ही दोपहिया वाहन चालकों को कड़ी चेतावनी दिया गया कि दो से अधिक सवारी नही बैठाये। मौके पर एसआई, कोडरमा थाना पुलिस के जवान मौजूद थे।

कीमती ब्लू स्टोन बरामद, एक को भेजा जेल

डोमचांच(आजाद सिपाही)। डोमचांच पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक घर में छापामारी कर अवैध उत्खनन किया हुआ कीमती पत्थर 463 किलोग्राम ब्लू स्टोन चिप्स बरामद किया। जिसके आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान के अनुसार मामले में अभियुक्त लाटो मेहता उर्फ तीर्थ नारायण मेहता उम्र लगभग 52 वर्ष पिता दुलारचंद मेहता, निवासी लेगरापीपर, थाना डोमचांच को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताते चले कि ब्लू स्टोन का कारोबार करने वाले बेशकीमती पत्थरों को बाहर भेजकर मोटी रकम कमाते हैं। हाल में इंदरवा लोकाई में वन विभाग ने कई अवैध पत्थर खदानों को बन्द करवा दिया था।

14 मार्च से 5 अप्रैल तक होगी मैट्रिक और इंटर की वार्षिक परीक्षाएं

कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए दिये गये आवश्यक निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। मैट्रिक तथा इंटर परीक्षा के सफल संचालन के निमित उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन एवं विधि व्यवस्था हेतु बैठक का आयोजन शनिवार को समाहरणालय सभागार में हुयी। विदित हो कि झारखण्ड अधिविद्य परिषद रांची के द्वारा इंटरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य की परीक्षाएं 14 मार्च से 05 अप्रैल तक द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से सायं 5.20 बजे तक एवं वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 14 मार्च से 3 अप्रैल तक प्रथम पाली में सुबह 9.45 से दोपहर 1.05 बजे तक जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में संचालित होगी। परीक्षा को कदाचारमुक्त सम्पन्न कराने एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए उपायुक्त ने सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों को अपने-अपने दायित्त्वों का ससयम निष्पादन करने, समन्वय स्थापित करते हुए समय पर परीक्षा प्रारंभ एवं सम्पन्न कराने, ससमय विहित प्रपत्रों पर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही परीक्षा के कदाचार मुक्त संचालन हेतु सीसीटीवी कैमरे से परीक्षा केन्द्रों का निगरानी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। वहीं सदर एवं बरही अनुमण्डल पदाधिकारियों को परीक्षा केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा आदेश का अनुपालन कराने का निर्देश दिया गया। जिला स्तर पर अपर समाहर्ता राकेश रौशन (9431109827) एवं कार्यपालक दण्डाधिकारी सुनिल कुमार सिंह (9431333571) को उड़न दस्ता दल का वरीय प्रभार सौंपा गया है। इसके अलावे सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों सहित उड़न दस्ता को औचक निरीक्षण कर कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न के लिए निदेशित किया गया। परीक्षा सेल के प्रभारी के रूप में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग के मोबाईन नं. 9654727825 पर परीक्षा से संबंधित किसी भी जानकारी हेतु सम्पर्क कर सकते हैं। मैट्रिक परीक्षा हेतु पूरे जिले में 79 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 60 परीक्षा केन्द्र संचालित होंगे। पूरे क्षेत्र के लिए 38 दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी सहित पुलिस बल के जवानों की प्रतिनियुक्त की गई है। इस वर्ष के मैटिक परीक्षा में कुल 27720 परीक्षार्थी शामिल होंगे वहीं इंटरमीडिएट के कला संकाय में 16851, विज्ञान में 6363 व वाणिज्य में 1461 सहित कुल 52395 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे।

पीडीएस दुकानों पर चला औचक निरीक्षण जांच अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। उपायुक्त नैंसी सहाय द्वारा गठित टीम के कुल 48 जिलास्तरीय अधिकारियों के द्वारा जिले के 80 पीडीएस दुकानों पर शुक्रवार देर शाम तक औचक निरीक्षण किया गया। उपायुक्त के स्तर से गठित टीम में प्रत्येक अधिकारियों को प्रति प्रखंड पांच पीडीएस दुकानो के सघन जांच के आदेश दिए गए थे। जिला स्तर पर हुए औचक निरीक्षण में तीन पीडीएस डीलरों के लाइसेंस घोर अनियमितताओं जैसे ईपोस डिवाइस, तौल मशीन की अनुपस्थिति, अनियमित सेवाओं के संबंध में लाभार्थियों की शिकायतों के आधार पर रद्द करने की कारवाई की गयी। सभी प्रखंडों में चलायी गयी जांच आभियान से सत्रह पीडीएस डीलरों के लाइसेंस गैर-कार्यात्मक ईपोश डिवाइस, अनुचित भंडारण सुविधा, निरीक्षण के समय आउटलेट बंद पाए गए जिस कारण संबंधित पीडीएस डीलरों को स्पष्टीकरण देते हुए असंतोषजनक उत्तर पर निलंबन की कारवाई की गयी। सघन जांच आभियान में इसके अलावा, अधिकांश डीलरों को खाद्यान्न भंडारण प्रबंधन, इन्वेंट्री प्रबंधन, आपूर्ति का समय पर वितरण, संबंधित सतर्कता समितियों से संबंधित सूचनाओं के उचित प्रदर्शन के संबंध में निर्देश जारी किए गए। रद्द किए जाने वाले लाइसेंस धारकों की सूची श्रवण कुमार सिंह-दारू प्रखंड, बालेश्वर प्रसाद-इचाक प्रखंड, मोहम्मद तारिक अनवर सिद्दीकी- पदमा प्रखंड शामिल हैं। साथ ही सभी संचालित डीलरों को तय मानकों के अनुरूप पीडीएस संचालन का सख़्त निर्देश दिया।

शिवमंदिर निर्माण के लिए किया गया शिवलिंग विस्थापित

आजाद सिपाही संवाददाता

पदमा। पदमा प्रखंड के चंपाडीह ग्राम में शिव मंदिर निर्माण कार्य शुरू करने के लिए स्थित शिवलिंग को शिव मंदिर से काली मंडप में विस्थापित किया गया। शिवमन्दिर निर्माण समिति के सदस्यों ने कहा की आज मंदिर प्रांगण में रुद्राभिषेक कर शिवलिंग विस्थापित का कार्य किया गया है बहुत जल्द यहां नया शिव मंदिर निर्माण करने की योजना बन रही है। इस मौके पर मुख्य अतिथि बसंत नारायण मेहता, शिवमन्दिर निर्माण समिति के अध्यक्ष प्रेम मेहता, उपाध्यक्ष योगेंद्र मेहता व बिक्की मेहता, सचिव बिनय मेहता, उपसचिव राजेश मेहता, कोषाध्यक्ष विजय मेहता, व्यवस्थापक अभिजीत मेहता, दिनेश मेहता, निदेशक सत्यनारायण मेहता, उपनिदेशक मुन्ना मेहता, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम मेहता, रोमी मुखिया प्रतिनिधि सुनील मेहता, प.स.स. शारदा देवी, रामलखन मेहता, रामप्रकाश मेहता, सदस्य , बिन्नु मेहता, अयोध्या मेहता, सुजीत मेहता, संतानु मेहता, मुन्नीलाल मेहता, प्रमोद मेहता, विकाश मेहता, संदीप कुमार, शुशांत मेहता, राजू मेहता, अशोक चौधरी, बालेश्वर मेहता, पुरुषोत्तम कुमार, रामू मेहता, कामदेव मेहता, राजकुमार मेहता, दीपक कुमार, मिलन मेहता, सुधीर मेहता, परमेश्वर मेहता, बनवारी मेहता, प्रदीप मेहता व अन्य सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

महिलाओं के सहयोग के बिना समाज का विकास संभव नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

इचाक। बरका खुर्द पंचायत भवन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा के जिला महामंत्री मीरा मेहता ने की। मुख्य अतिथि के रूप में इचाक पूर्वी के जिला परिषद सदस्य रेनू देवी उपस्थित हुयी। उन्होंने महिलाओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। रेनू देवी ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। महिलाओं के सहयोग के बिना किसी भी समाज और 7देश की विकास की परिकल्पना नहीं की जा सकती। हम महिलाओं को सामाजिक दायित्व में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की आवश्यकता है उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर होने पर विशेष बल दिया है। इस कार्यक्रम में बरका खुर्दपंचायत के मुखिया सीता कुमारी, महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष अंजू यादव, कंचन मेहता, संगीता देवी, नीतू कुमारी, सुधा, मंजू देवी, संजू देवी, तरुण देवी, उषा देवी, कविता मेहता, संगीता देवी, सीमा देवी, सविता देवी, शकुंतला देवी, सरस्वती देवी, बबीता देवी समेत कई महिलाएं उपस्थित थी।

कोयले की ट्रांसपोर्टिंग से ग्रामीणों को हो रही परेशानी

आजाद सिपाही संवाददाता

केरेडारी। एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोयला परियोजना से टंडवा स्थित थर्मल पॉवर प्लांट तक कोयले की ढुलाई भारी वाहनों से लगातार की जा रही है कम्पनी के द्वारा पूर्व में भी ट्रांसपोर्टिंग का प्रयास किया गया था जिसे ग्रामीणों ने बाधित भी कर दिया था लेकिन जिले के एसपी व डीसी के प्रयास करीब एक पखवाड़े से कोयले की ढुलाई भारी वाहनों से लगातार जारी है एक ओर जहाँ कोयला थर्मल पॉवर प्लांट तक पहुंच रहा है वहीँ दूसरी ओर कोयले की ट्रांसपोर्टिंग से अब ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लगातार हो रही कोयले की ढुलाई से अब सड़क के दोनों ओर घरों में रहने वाले लोगों के जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है चूँकि कोयला लदे भारी वाहन चालक वाहन को तेज रफ़्तार से चलाते हैं जिससे कई बार दुर्घटना होते होते बचा है व इस सड़क पर आवागमन करने वाले लोग अपने सर पर कफन बांध कर आवागमन करने को विवश हैं साथ ही सड़क के दोनों ओर के घरों में काली धूल की परत जमनी शुरू हो गयी है व प्रदूषण में भी भारी वृद्धि हुयी है लोगों का कहना है की पब्लिक सड़क पर कोयले की ट्रांसपोर्टिंग जानलेवा है कम्पनी को अपनी वैकल्पिक सड़क की व्यवस्था करनी चाहिये लगातार हो रही कोयले की ट्रांसपोर्टिंग से आनन फानन में सड़क का कालीकरण किया गया था जो अब बीतते समय के साथ उखड़ने भी लगा है।

तलसवार रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष बने प्रमोद कुमार उर्फ पिंटू और सचिव दीपेंद्र

बड़कागांव(आजाद सिपाही)। तलसवार रामनवमी पूजा समिति का गठन किया गया। पूजा शांतिपूर्ण संपन्न कराने ले लिए। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष बने प्रमोद कुमार उर्फ पिंटू ,उपाध्यक्ष रामविलास महतो, सचिव दीपेंद्र कुमार राणा, उप सचिव उमेश कुमार साव, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, संरक्षक विष्णु देव राणा के अलावा अन्य लोग चुने गए।

शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा, महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

धीरज पुरी

दारू /हजारीबाग। थाना परिसर के बगल ग्राम पिपचो में नव निर्मित शिव मंदिर में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस महायज्ञ का शुभारंभ शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ यज्ञ मंडप से 351 कन्या कुमारी व महिलाओं ने कलश लेकर दो किमी की दूरी तय कर उतर वाहनी सिवाने नदी पहुंची। आचार्य डॉ अनुग्रह नारायण शर्मा व उनके सहयोगी आचार्यों शंकर दयाल शर्मा, शक्ति शास्त्री, लव शास्त्री , अविनाश पांडे, मनोज शर्मा, राजीव रंजन के द्वारा मुख्य पुजारी अमित कुमार व उनकी धर्मपत्नी , सुरेश प्रसाद व उनकी धर्मपत्नी, दिलीप राम व उनकी धर्मपत्नी तथा प्रयाग यादव व उनकी धर्म पत्नी से वैदिक कर्मकांड व बृहद मंत्रोचारण के साथ गंगा पूजन व बरुन देव का आव्हान कर कलश में जल उठवाया। मुख्य पुजारी के जल उठाने के साथ साथ सभी कलश यात्रियों ने जल उठाव कर पूना वापस यज्ञ मंडप पहुंच कर कलश को स्थापित किया। इस कलश यात्रा में सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबु, विधायक मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी, प्रमुख स्वेता कुमारी, इरगा मुखिया अनिता देवी, दारू मुखिया सुनील कुमार, देवनारायण राणा, कमल किशोर प्रसाद, अनुज कुमार,यज्ञ समिति सह संरक्षक दिलीप कुमार, अध्यक्ष बसंत नारायण , उपाध्यक्ष राजन सिन्हा, सचिव भैरव प्रसाद, कोषाध्यक्ष रौशन सिन्हा, विकास यादव, सुमन सिन्हा, मनोज कुमार, सुनील कुमार, दिनेश कुमार, सुधीर कुमार, लखन राम, बिरेन्द्र यादव सहित कई लोग शामिल थे जलाधिवास में गए सपरिवार भगवान यज्ञ समिति शिव परिवार की प्रतिमा को शुक्रवार को पिपचो शिव मंदिर लाकर रखे थे। यज्ञ से क्षेत्र की होती है शुद्धि - सदर विधायक कलश यात्रा में सदर विधायक मनीष जायसवाल भी शामिल हुए। वही यज्ञ समिति को इस महायज्ञ की आयोजन के लिए भी सराहा। साथ ही उन्होने कहा कि यज्ञ से इस क्षेत्र का ही नही बल्कि आस पास के क्षेत्र का शुद्धि होती है। इसके साथ साथ लोगों का मनोभाव में शुद्धता आती है। सनातन धर्मलंवबियों के द्वारा इस तरह का आयोजन हर जगह करनी चाहिए।

प्रमाण पत्रों के लिए विद्यार्थी प्रतिनिधि के नेतृत्व में पहुंचे सीओ कार्यालय

टाटीझरिया(आजाद सिपाही)। लंबे समय से विद्यार्थियों का आय -आवासीय और जाति प्रमाण पत्र कर्मचारी लॉग -इन में फंसे रहने की शिकायत लेकर सांसद प्रतिनिधि मिथलेश पाठक एवं महेश अग्रवाल के नेतृत्व में सीओ के पास पहुंचे। विद्यार्थियों का कहना था कि उन्हें छात्रवृति के लिए फार्म भरना है, जिसका अंतिम तिथि 17 मार्च है। इसके लिए उन्हें प्रमाण पत्रों की आवश्यकता है। किसी ने नवंबर, दिसंबर में तो किसी ने दी फरवरी, मार्च में फॉर्म अपलोड किया है। सभी का प्रमाण पत्र कर्मचारी लॉग इन में फंसा है। कर्मचारी मनीष कुमार से पूछे जाने पर बताया कि वे पूरे अंचल क्षेत्र में अकेला कर्मचारी हैं, कई सारे कार्य करने होते हैं, उन्हीं कार्यों में वे लगे हैं। पूछने पर कि यह इन विद्यार्थियों के भविष्य का सवाल है, यह आवश्यक नहीं है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि सीओ मैम से जाकर मिलिए। सीओ नीलम कुमारी से पूछने पर बतायी कि स्टाफ की तो कमी है, फिर भी वे लगे हुये हैं। विद्यार्थियों को भी उन्होंने कहा कि समय रहते न प्रमाण पत्रों के लिए अप्लाई कर लिया कीजिए, ताकि उन्हें कोई परेशानी नहीं हो। उन्होंने आश्वस्त किया कि जल्द ही इनलोगों का काम करा दिया जायेगा। वहीं मिथलेश पाठक एवं महेश अग्रवाल ने सीओ से कहा कि विद्याथियों को परेशानी ना हो इसके लिए पहला काम इन लोगों का होना चाहिये। विद्यार्थी हजारीबाग से अंचल कार्यालय आ रहे हैं। सभी कामों को छोड़कर विद्याथियों पर ध्यान दिया जाय। शिकायत लेकर पहुंचने वालों में राहुल राज, धीरज कुमार यादव, राहुल कुमार, पिंटू कुमार विश्वकर्मा, मुकेश कुमार यादव, संदीप कुमार यादव समेत अन्य शामिल थे।

मूक-बधिर युवक लापता, घर -परिवार के लोग परेशान

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। अमनारी निवासी 42 वर्षीय युवक प्रकाश महतो, पिता जगदीश महतो गोमिया से अपने घर टाटीझरिया के लिए निकला था, पर शनिवार 11 मार्च तक उसका कहीं पता नही चल सका है। जिससे घर परिवार के लोग काफी परेशान हैं। वह मूक बधीर है, इस वजह से उसे परेशानी हुयी होगी, ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है, यह पढ़ा-लिखा भी नहीं है। अनुमान लगाया जा रहा है कि वह बोकारो, गिरिडीह,रांची अथवा हजारीबाग की ओर निकल गया हो। इस व्यक्ति पर यदि किन्हीं को नजर पड़े तो 9709705661 या 6206700172 पर सूचित करें।

उर्स के मौके पर कव्वाली का आयोजन

विष्णुगढ़(आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ में हजरत दाता मेहराब शाह रहमतुल्लाह अलैह के 88 वा उर्स के मौके पर कव्वाली का आयोजन किया गया। इस पूर्व मजार शरीफ में चादर पोसी की गयी। लंगर भी बाटे गये। कव्वाली के मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुटे। मौके पर जिप सदस्य शेख तैयब, जुमला अकारीन इस्लामिया अंजुमन कमिटी विष्णुगढ़ के सदर शेख सब्बीर, सेक्रेटरी एहसान खा, सेराज खान, शमसुल खा, असगर खां, राणा इकबाल खा, सद्दाम हुसैन, सोनू खा कल्लू खा समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। दिव्य कल्याण आश्रम भाजपा का एक दिवसीय बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला भाजपा अशोक यादव व संचालन जिला उपाध्यक्ष सुनील कु मेहता ने की । इस कार्यशाला के प्रभारी प्रदेश महिला मोर्चा प्रवक्ता कुमकुम देवी व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बटेश्वर मेहता व जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार मेहता उपस्थित थे । बैठक में मुख्य रूप से टेक्निकल सेल प्रमुख विवेक विकास ने उपस्थित कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों को बूथ प्रबंधन पेज प्रमुख शक्ति केंद्र प्रमुख सहित सामाजिक कार्यो से जुड़े हुए लोगो को भाजपा के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ता बनाना वही जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने कार्यकताओं को कहा आने वाले लोकसभा चुनाव में 400 का आंकड़ा आप कार्यकर्ताओ के बदौलत ही पार्टी ला सकती है सभी मंडल समिति के पदाधिकारी व कार्यसमिति के सदस्य एक एक बूथ की जिम्मेदारी लेंगे व अधिक से अधिक लोगो को पार्टी से जोड़ने का काम करना है बैठक में प्रमुख रूप से बरकट्ठा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, बेडोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, ओबीसी जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, इचाक मंडल अध्यक्ष जयनन्दन मेहता,मंडल अध्यक्ष सुभाष सोनी, चलकुशा मंडल महामंत्री अजय सिंह, प्रखण्ड पालक कुलदीप पाण्डेय, प्रखण्ड डाटा प्रमुख सुनील श्रीवास्तव, मन की बात मंडल प्रभारी रीतलाल प्रसाद,सुरेन्द्र साव, राजकुमार यादव, बीरेन्द्र मेहता, दुर्गानन्द झा, शंकर ठाकुर, अनिल आजाद, सुरेन्द्र कुमार, छोटू वर्णवाल, भोला राम, अनूप कुमार, विक्रम सिंह, तुलसी चौधरी, मुकेश यादव समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे ।

विधवा भाभी से देवर ने शादी रचायी

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। टाटीझरिया प्रखंड के झरपो पंचायत अंतर्गत महलोनिया टोला निवासी दशरथ प्रसाद के पुत्र संतोष कुमार ने अपनी विधवा भाभी अर्चना से समाजिक रीति-रिवाज से शुक्रवार रात को महलोनिया मंदिर में शादी कर लिया। बता दें कि दशरथ प्रसाद का दो पुत्र सरोज कुमार एवं संतोष कुमार था जिसमें सरोज का शादी बड़कागांव की लड़की अर्चना के साथ हुआ था। सरोज का अचानक तबियत खराब होने के कारण रांची में इलाज के क्रम में मौत हो गया था। मौत होने के बाद समाजिक रीति के अनुसार दशरथ प्रसाद के छोटे बेटे ने अपनी भाभी को अपने घर ही रखने का मन बना लिया।

गुमटी से 250 ग्राम गांजा और 6 पीस प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप बरामद

हजारीबाग(आजाद सिपाही)। गुप्त सूचना मिली थी कि नगवां हवाई अड्डा के समीप अभिराज रेस्टोरेंट में अवस्थित चाय की गुमटी में अवैध नशे का व्यापार हो रहा है। उक्त सुचना पर पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महेश प्रजापति के नेतृत्व में कोर्रा थाना प्रभारी उत्तम तिवारी, पुअनि राजू कुमार कोर्रा थाना के सशस्त्र बलों के द्वारा उक्त रेस्टोरेंट में विधिवत छापेमारी की गयी। छापेमारी में अभिराज रेस्टोरेंट के गुमटी के ड्रावर से करीब 250 ग्राम गांजा और 6 पीस प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप वनरेक्स बरामद किया गया। इस संदर्भ में कोर्रा थाना कांड 40/23 एनडीपीएस एक्ट दर्ज करते हुए अभिराज रेस्टोरेंट में अवस्थित गुमटी संचालक उपेंद्र मेहता पे-स्व श्याम मेहता,सा-तरवा, थाना-मुफ्फसिल, जिला-हजारीबाग को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

सावित्री बाई ने लेखिका प्रिया नंदनी को अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

हजारीबाग(आजाद सिपाही)। नवाबगंज स्थित आर्ष कन्या गुरुकुल में सावित्री बाई फुले मंच के द्वारा युवा लेखिका प्रिया नंदनी को अंगवस्त्र के साथ सम्मानित किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता एवं भाजपा वरीष्ठ नेता बटेश्वर मेहता शामिल हुए। इस मौके पर युवा लेखिका प्रिया नंदनी ने अपने संबोधन में कहा अपनी छोटी से जीवन के खट्टे मीठे अनुभव को शब्दों में डालकर अंग्रेजी में किताब लिखी हूं। जिसे पढकर राज्यपाल भी काफी सरहाना की व प्रसंशा कर निरंतर आगे बढते रहने का शुभाशीर्वाद दिया। सम्मान समारोह के अंतिम में सावित्री बाई फुले मंच की ओर से सावित्री बाई फुले के प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर विशेष रूप से आर्ष कन्या गुरुकुल के प्राचार्य कौटिल्य, जय नारायण मेहता, डेगनारायण मेहता, राकेश गुप्ता, महेंद्र राम, जीतन राम सहित कई बुद्धिजीवी शामिल थें।

वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा की तैयारियों को लेकर डीसी ने की बैठक

25904 विद्यार्थी माध्यमिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा में होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में शनिवार को डीसी माधवी मिश्रा ने आगामी माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र अधीक्षकों के साथ परीक्षा की संपूर्ण तैयारियों को लेकर बैठक की। इस दौरान बैठक में सर्वप्रथम जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने जानकारी देते हुये बताया कि वर्ष 2023 में कुल 13730 विद्यार्थी माध्यमिक की परीक्षा में शामिल होंगे, जिसके लिए जिले में कुल 55 परीक्षा केंद्रों का चयन किया गया है। वही, इंटरमीडिएट

की परीक्षा में कुल 12174 विद्यार्थी शामिल होंगे, जिसके लिए कुल 40 परीक्षा केंद्रों का चयन किया गया है।

परीक्षा के दौरान धारा 144 लागू रहेगी

बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी मो जावेद हुसैन ने परीक्षा के दौरान केंद्र अधीक्षकों द्वारा किए जाने वाले कार्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा के दौरान धारा 144 लागू रहेगा। सभी केंद्र अधीक्षक इस बात का पूरी तरह से ध्यान रखेंगे की परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों के अलावे कोई और न हो। साथ ही सभी लोग अपने केंद्रों पर लगे सीसीटीवी की भी जांच कर ले और यदि उनमें कोई त्रुटि हो तो उसे यथाशीघ्र ठीक करा लें।

पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा को संपन्न कराने का निर्देश

बैठक के दौरान डीसी माधवी मिश्रा ने परीक्षा के दौरान सभी केंद्र अधीक्षकों को उनकी जिम्मेदारियों वह दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा को संपन्न कराने में योगदान देने की बात कही। उन्होंने परीक्षा केंद्र पर मूलभूत सुविधाओं यथा पेय जल, शौचालय आदि की उचित व्यवस्था रखने का भी निर्देश दिया।

बैठक में ये थे उपस्थित बैठक में कोषागार पदाधिकारी मंजू शोभा एक्का जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, सभी परीक्षा केंद्रों के केंद्र अधीक्षक सहित अन्य उपस्थित थे।

तीन दिवसीय यज्ञ को लेकर भूमि पूजन संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। श्री श्री महावीर हनुमान मंदिर के शताब्दी वर्ष 102वां वर्षगांठ समारोह को लेकर प्राण प्रतिष्ठा सह तीन दिवसीय यज्ञ को लेकर भूमि पूजन की गयी। भूमि पूजन कार्यक्रम महावीर मंदिर कोयरी टोला में संपन्न हुयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद प्रकाश चौधरी थे। मौके पर चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से भाईचारगी बढ़ती है। साथ ही वातावरण शुद्ध होता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान के लिए आयोजन समिति बधाई के पात्र हैं। उनके कुशल नेतृत्व में धार्मिक अनुष्ठान शुरू हुयी है। श्रद्धालु और आमजनों के सहयोग से कार्यक्रम को भव्यता मिलेगी।

यज्ञ को लेकर कार्यक्रम तय

यज्ञ को लेकर कार्यक्रम तय की गयी है। जिसमें 26 मार्च को कलश यात्रा, 27 मार्च को मूर्ति नगर भ्रमण, 28 मार्च को हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा, 29 मार्च महावीर ध्वजारोहण एवं रात्रि जागरण, 30 मार्च को रामनवमी पूजा के साथ अटूट भंडारा का आयोजन किया गया है। भूमि पूजन में पुरोहित गोबर्धन पांडेय, आदित्य पांडेय, यजमान अजित कुमार, धीरज साव, विवेक कुमार, गौतम कुमार, बिनोद कुमार शामिल थे।

इन्होंने कार्यक्रम को बनाया सफल

कार्यक्रम को सफल बनाने में नंदकिशोर गुप्ता उर्फ नंदू, अमित सिन्हा, विनोद साव, घनश्याम महतो, दीनदयाल साव, महेश साव, महेंद्र नायक, कमल बगड़िया, संतोष महतो, मनोज कुमार, दिनेश कुमार, अनिल कुमार, संजीत सिंह उर्फ छोटू, प्रदीप गुप्ता, संदीप कुमार, सिद्धार्थ कुमार, आनंद कुशवाहा, बिगल कुशवाहा, भगवान प्रसाद, प्रेम राम,पाताली साव, रघुनंदन साव आदि शामिल थे।

केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति की हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

भुरकुंडा। रिभर साईड स्थित सरना स्थल में शनिवार को केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति की बैठक हुयी। इसकी अध्यक्षता समिति के संरक्षक दर्शन गंझू व संचालन सचिव संतोष उरांव ने किया। बैठक में सरहुल की तैयारियों पर चर्चा की गयी। सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि आगामी 24 मार्च को रिभर साईड केंद्रीय सरना स्थल में पाहन द्वारा पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई जायेगी। जबकि 25 मार्च को केंद्रीय सरना स्थल से भव्य शोभा यात्रा आकर्षक झांकी के

साथ निकाली जायेगी। जो विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए भुरकुंडा थाना के समीप सरना स्थल पहुंचेगा। मौके पर श्रीनाथ करमाली, श्यामसुंदर करमाली, संतोष मांझी, देवानंद बेदिया, उमेश मुंडा, राजकुमार गौंड, सिरोफिना एक्का, तुलसी बेदिया, महेंद्र मुंडा, महादेव बेदिया, राजन करमाली सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

धर्मगुरुओं की बैठक में दी गयी रोग से बचाव की जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

पतरातू। राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीवी रोग जागरूकता अभियान एवं उन्मूलन से संबंधित पंचायत सचिवालय पतरातू में शनिवार को पतरातू क्षेत्र के धर्मगुरुओं के साथ बैठक हुयी। बैठक में यक्ष्मा के पदाधिकारियों ने धर्म गुरुओं को बताया गया कि टीवी रोग किसी को भी हो सकता है। यह संक्रामक बीमारी है। दो सप्ताह या इससे अधिक लगातार खांसी हो तो उन्हें टीवी हो सकता है। जांच के लिए दो बलगम के नमूने को सीएससी पतरातू में मुक्त जांच कराया जा सकता है। इसके लिए टीवी बीमारियों से बचने के

लिए समाज में जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। इस मौके पर मुखिया गिरजेश कुमार, पंसस ज्योति गुप्ता , इरशाद अहमद, जितेंद्र प्रसाद , सामवेद कुमार, रामदयाल मिस्त्री, नितेश पाठक, सुजीत पाठक, प्रिया कुमारी पांडे, मोहम्मद मोखतार आलम, दिवाकर मिश्रा, मोहम्मद इजर, वासुदेव पंडित, कुणाल कुमार, संजय पाठक आदि मौजूद थे।

एसडीपीओ कार्यालय में हुई अपराध समीक्षा बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

पतरातू। पतरातू एसडीपीओ कार्यालय में शनिवार को एसडीपीओ वीरेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक हुयी। जिसमें अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाने, लंबित कांडों का निष्पादन करने, अपराधियों पर अंकुश लगाने, अवैध बालू कोयला उठाव, पर रोक लगाने का निर्देश दिया। इस मौके पर बैठक में इंस्पेक्टर रोहित कुमार, पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार, भदानी नगर थाना प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल ,भुरकुंडा प्रभारी अमित कुमार, बरकाकाना प्रभारी शशि प्रकाश, बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला सहित पतरातू थाना के पुलिस पदाधिकारी शामिल थे ।

पीवीयूएन परिसर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना

आजाद सिपाही संवाददाता

पतरातू । अंतरराष्ट्रीय स्तर में महिलाओं के योगदान को यादगार बनाते हुए पीवीयूएन परिसर में शनिवार को मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वर्ण रेखा महिला समिति के उपाध्यक्ष अलकनंदा पांडा ने सभी महिला कर्मचारियों और एसएमएस के सदस्यों के प्रति अपना हार्दिक सम्मान व्यक्त किया और उन्हें सामाजिक क्षेत्र में अपने विचारों को मुखर होने और व्यक्तिगत रूप से एक समान आवाज रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके अलावा, स्वर्णरेखा महिला समिति ने परियोजना की

महिला श्रमिकों को चादरें भी वितरित कीं और कल्याण गुरुकुल, पतरातू की लड़कियों के लिए एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया और उन्हें स्वच्छता किट और यात्रा बैग प्रदान किए। इस मौके पर सीईओ-पीवीयूएन रविंद्र कुमार और अन्य सभी एचओडी के साथ सभी महिला कर्मचारियों की बातचीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुयी।

पुलिस ने फरार आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार

गोला(आजाद सिपाही)। गोला थाना पुलिस ने शनिवार को लंबे समय से फरार चल रहे बिहार राज्य के घौसीयाकलां, थाना विक्रमगंज, जिला रोहतास निवासी हरितलाल खरवार पिता पारस खरवार के घर में इश्तेहार चिपकाया है। आरोपी पिछले चार वर्षों से फरार चल रहा है। उसके खिलाफ गोला थाना कांड संख्या 98। 18 की धारा 457, 380 भादवि के तहत प्राथमिकी दर्ज है। एसआई रामानंद सिंह ने स्थानीय थाना पुलिस के सहयोग से आरोपी के घर पर पहुंचकर इश्तेहार चिपकाया। सअनि रामानंद सिंह ने बताया कि आरोपी हरितलाल बीते चार साल से फरार चल रहा है।

राज्यपाल को सौंपा पांच सूत्री मांग पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। भारत रक्षा मंच के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण सिंह के नेतृत्व में शनिवार को झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को राष्ट्र और राज्य से संबंधित 5 सूत्री मांग पत्र सौंपा है। सौंपे गए मांग पत्र में भारत में जनसंख्या नियंत्रण कानून अविलंब लागू हो, झारखंड प्रदेश में तेजी से हो रही धर्मांतरण रोका जाए, झारखंड में लव जिहाद एक बड़ी समस्या बनती जा रही है, राज्य में लगातार हो रहे बलात्कार एवं हत्या जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए राज्य सरकार कानून व्यवस्था में सुधार लाएं, नागरिक संहिता कानून अविलंब लागू हो मांग शामिल है। इस दौरान भारत रक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक सूर्यकांत केलकर, स्वामी दिव्यानंद महाराज, अमन सिंह, रतन शर्मा, राहुल मिश्रा, श्याम किशोर सिंह, कमलेश सिंह आदि शामिल थे।

सूर्य मंदिर नव निर्माण पर बैठक अब 18 मार्च को

आजाद सिपाही संवाददाता

टंडवा। सूर्य मंदिर विकास समिति चुंदरू धाम के पदाधिकारियों की एक बैठक की गयी, जिसकी अध्यक्षता समिति अध्यक्ष मिथलेश कुमार गुप्ता संचालन अनिल दास ने किया। जिसमें निर्णय लिया गया की 12 मार्च को भव्य सूर्य मंदिर नव निर्माण को लेकर होने वाली बुद्धिजीवियों, ग्रामीणों, व जनप्रतिनिधिगण की बैठक अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया गया। अब यह बैठक 18 मार्च को सूर्य मंदिर परिसर टंडवा में करने का निर्णय लिया गया। जिसका प्रचार प्रसार ध्वनि विपणन के माध्यम से टंडवा के विभिन्न क्षेत्रों में करने व आमंत्रण पत्र बांटने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार गुप्ता, सचिव अनिल कुमार दास, उपाध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता, रुदेश कुमार नायक, छोटू प्रसाद गुप्ता, मंत्री रंजीत प्रसाद गुप्ता, अनुग्रह नारायण सिंह, अवध पासवान, रंजीत गुप्ता, कोषाध्यक्ष संजीत कुमार गुप्ता विवाह प्रभारी प्रेम भगत समेत कई शामिल थे ।

प्रकृति की आराधना कर मांगी सुख समृद्धि

गोला(आजाद सिपाही)। गोला के जोभिया गांव में प्रकृति का पर्व सरहुल धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पाहन मेहीलाल मांझी ने सरना स्थल पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर मुर्गे की बलि दी गयी। इसके बाद सरैय फूल चढ़ा कर श्रद्धालुओं के बीच फूल खोसी की गयी। पूजा के बाद प्रसाद का भी वितरण किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के बाद श्रद्धालु युवक युवतियों ने मांदर की थाप पर घंटों थिरकते रहे। अतिथियों ने कहा कि आदिवासियों के कारण ही आज हमारा राज्य हरा भरा है। मौके पर शिवा मांझी, महिलाल मांझी, मोनो मांझी, मोहरलाल मांझी, महतो मांझी, भानु बेसरा, सरदार मांझी, ईश्वर मांझी, गोविंद बेदिया, दुलाल बेदिया, सुरेश करमाली, हरेंद्र कुमार सहित दर्जनों उपस्थित थे।

जागरूकता जल रथ को हरी झंडी दिखा कर डीसी ने किया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। डीसी माधवी मिश्रा ने शनिवार को जल जीवन मिशन के तहत जल गुणवता और अनुश्रवण के लिए आम लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से जिला समाहरणालय परिसर से जल रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जल रथ जिले के सभी प्रखंडों एवं गांवों में घुम-घुम कर आम लोगों को जल की गुणवता एवं अनुश्रवण के साथ हमारे दैनिक जीवन में जल के महत्व के बारे में जागरूक करने का कार्य करेगी। वहीं, जल जीवन मिशन के तहत चल रहे योजनाओं की भी जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने

का कार्य करेगी। मौके पर कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल आनंद कुमार सिंह, पूर्व कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल राजेश रंजन, डीपीएम जेएसएलपीएस गौरव कुमार, एसएमपीओ विक्रम सोनी, रासायनज्ञ मो मोईन एवं मो रजि सहित अन्य उपस्थित थे।

जिला उपाध्यक्ष ने शादी समारोह में शामिल होकर दिया आशीर्वाद

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। चतरा जिला उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने शनिवार को जिले के प्रतापपुर के गेडे गांव निवासी सुरेश यादव के पुत्र-पुत्री के शादी समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होने लड़का एवं लड़की के हल्दी चढ़ाया और आशिर्वाद दिया। गेडे. गांव पहूंचते ही जीप उपाध्यक्ष को स्थानीय युवको ने माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर मंत्री प्रतिनिधी लवली देवी, सन्मुख यादव, विकाश कुमार, सुमन गिरी, विनोद गुप्ता, राजु यादव समेत दर्जनो लोग शामिल थे।

महिला के साथ दुराचार, थाना पहुंच लगायी न्याय की गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ दुराचार किए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में भुक्तभोगी महिला ने सदर थाना पहुंचकर न्याय की गुहार लगायी है। थाना प्रभारी को दिए गए ज्ञापन में महिला ने कहा है कि 8 मार्च की रात को वह घरों अपने बच्चे के साथ अकेली थी। उस वक्त उसके भैसुर गांव में होली के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल थे। इसी दौरान आरोपी मेरे घर में जबरदस्ती घुस आया और बेटा

को जान से मारने की धमकी देकर और मेरा मुंह कपड़े से बांधकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान मेरा बेटा जब रोने चिल्लाने लगा तो भैसुर रोने की आवाज सुनकर जब आए तो आरोपी घर से भाग गया। पीड़ित महिला ने आरोपी को सजा दिलाने की मांग की है।

डीसी ने न्यायिक से संबंधित मामलों को लेकर की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में उच्च न्यायालय, मानवाधिकार एवं लोकायुक्त से संबंधित मामले में लंबित वादों की समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक में जिले के वादों को ससमय निबटारा के लिए उपायुक्त ने लंबित वादों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि वे इन मामलों का ससमय निष्पादन कराने हेतु प्रति शपथ पत्र दायर करके त्वरित रूप से कार्रवाई की जाय। उपायुक्त ने कहा कि उच्च न्यायालय के मामलों को प्राथमिकता देते हुए निष्पादन के कार्य में तेजी लाई जाये। न्यायालय के लंबित मामलों में लापरवाही बरतने वाले

अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने गंभीर और जटिल मामलों को अविलंब संज्ञान में देने की बात कही ताकि तत्वरित तरीके से उसका हल निकाला जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, भू अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास समेत संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

72 घंटे बाद भी बंद पत्थर खदान से नहीं निकला युवक का शव

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के जबड़ा पंचायत अंतर्गत खजुरिया कला गांव निवासी ईश्वर यादव के पुत्र रुपेश यादव(20) वर्ष का विगत बुधवार को बंद पड़े पत्थर खादान में नहाने के दौरान डुबे जाने के बाद खोजबीन जारी है। शनिवार को 72 घंटे गुजर जाने के बाद भी एनडीआरएफ के टीएम ढुढ़ और को बुधवार दोपहर करीब तीन पानै मैं सफल नही हो सका। घटित घटना की जानकारी लेने सदर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी पहुंचे। इस दौरान परिजनों एवं साथ में नहाने के दौरान मौजूद तीन अन्य साथियों से पूछताछ किया। एसडीओ अंसारी ने परिजनों को आश्वासन दिया कि डूबे हुए युवक को निकालने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इसके लिए पंप की व्यवस्था किया जा रहा है, ताकि खादान का पानी को सुखाया जा सके। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं पुलिस निरीक्षक प्रमोद पांडेय घटनास्थल पर कैंप किए हुए। मृतक के पिता ईश्वर यादव के आंखें पथरा सी गई है।घटना के दिन से बिना खाएं -बगैर पानी पिएं तलाब के पास ही बैठा अपने पुत्र को एक झलक देखने की आशा लगाएं हुए है। कभी-कभी उपस्थित भीड़ के बीच अपने पुत्र को ढूंढने का कोशिश कर रहा है। परंतु नहीं पाकर वह निराश हो जाता है।

आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। प्रतापपुर प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार भवन में शनिवार को कौशल विकास योजना के तहत मुख्यमंत्री सारथी योजना रोजगार मुखी के सौजन्य से बेरोजगार युवक एवं युवतियो को जागरूक करने को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया । इस एक दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से

झारखंड सरकार के तहत झारखंड के 18- 35 वर्ष के बेरोजगार युवक व युवतियो को तीन माह तक निशुल्क मेगा स्कीम में स्वींग मशीन ऑपरेटर, फैशन

डिजाईनिंग, कंम्प्यूटर डिजाईनिंग, शॉप स्कील, ऑटोमेटीक इलेक्ट्रशियन, असिस्टेन्ट, ऑटोमेटीक बेल्डिंग, सोलर फिल्टर, स्मार्टफोन, असेंबली टेक्निशियन समेत कई तरह के आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा उसके उपरान्त उन्हे जॉब दिलाकर आत्म निर्भर बनाने का काम किया जाएगा। वही आंगवबाडी. सेविकाओ को बताया गया की गांव में इसका जागरूकता अभियान चलाकर युवाओ को प्रोत्साहित करने के बारे निर्देश दिया गया।

झामुमो मांडू प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष दिवंगत बालेश्वर महतो की मनी द्वितीय पुण्यतिथि

क्षेत्र में विकास कार्य का सपना जल्द होगा पूरा : फागू बेसरा

आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। झारखंड मुक्ति मोर्चा मांडू प्रखंड समिति के तत्वावधान में शनिवार को मांडू प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष सह आंदोलनकारी स्वर्गीय बालेश्वर महतो की द्वितीय पुण्यतिथि पैतृक गांव ग्राम तोयरा में मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नरेश हांसदा व संचालन प्रखंड सचिव सुरेश चंद्र पटेल ने की। जबकि धन्यवाद ज्ञापन विजय किस्कू ने किया। समारोह के बतौर मुख्य अतिथि राज्य के दर्जा प्राप्त मंत्री

सह झामुमो केंद्रीय महासचिव फागु बेसरा व विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो समेत कइ सम्मानित अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ आगत अतिथियों समेत बालेश्वर महतो के सुपुत्र मनोज महतो व विनोद महतो एवं पत्नी सुमित्रा देवी व सुलाचो देवी समेत परिजनों ने स्वर्गीय बालेश्वर महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। तत्पश्चात मौजूद अतिथियों समेत परिजनों ने दो मिनट का मौन धारण कर शोकसभा की। समारोह के दौरान फागु बेसरा ने बालेश्वर महतो की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बालेश्वर महतो ने पार्टी के लिए एक सच्चे सिपाही के रूप में कार्य किया। बालेश्वर महतो द्वारा विकास को लेकर लिया गया सपना निश्चित ही जल्द पूरी होगी। वही, राजकुमार महतो ने कहा कि बालेश्वर महतो के प्रखंड अध्यक्ष कार्यकाल में प्रखंड का विकास किया गया। लेकिन आज पहले की स्थिति में आ गया है। आने वाले दिनो में बुनियादी सुविधाओं की सुविधा बहाल के साथ के साथ बालेश्वर महतो का सपना पूरा करने का प्रयास जारी है। मौके पर रामचंद्र वर्मा, शंभू लाल यादव, नीलकंठ महतो, गौरव पटेल, सुखदेव महतो वकील, सोनाराम मांझी, गुलाम नबी, विनोद महतो, राजनाथ महतो, एतवा बास्के, बादल कुमार, सानू मदन सोरेन, दीपक टुडू, बलदेव मुर्मू, मंगू मांझी, उमाशंकर गुप्ता समेत काफी संख्या में परिजन और नेतागण मौजूद रहे।

सरहद पर शांति जरूरी

अमेरिका की इंटेलिजेंस कम्युनिटी ने बाहरी खतरों का आकलन करने वाली अपनी सालाना रिपोर्ट में जिस तरह से चीन, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने की आशंका जाहिर की है, वह सभी पक्षों के ध्यान देने लायक है। अमेरिकी कांग्रेस में बुधवार को पेश की गयी इस रिपोर्ट के मुताबिक नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली सरकार के दौरान कोई वास्तविक खतरा होने पर या खतरे का आभास होने पर भी भारत की ओर से सैन्य कार्रवाई की संभावना पहले की सरकारों के मुकाबले ज्यादा है। अमेरिकी इंटेलिजेंस कम्युनिटी की अगर भारत की मौजूदा सरकार को लेकर यह राय बनी है तो इसके पीछे संभवतः देश की सुरक्षा से जुड़े मसलों पर सरकार का ज्यादा चौकस रवैया ही है। इस लिहाज से उक्त राय को एक पॉजिटिव डिवेलपमेंट के ही रूप में लेना ठीक रहेगा, लेकिन साथ ही इससे उभरती इस सचाई को भी नकारा नहीं जा सकता कि भारत की सरहदों पर शांति कायम रहने की संभावना कम होने की जो बात इस रिपोर्ट में कही गयी है, वह निराधार नहीं है। हालांकि भारत और पाकिस्तान की बात करें तो दोनों देशों ने 2021 में ही नियंत्रण रेखा पर सीजफायर जारी रखने का समझौता रीन्यू किया है, लेकिन बावजूद इसके, दोनों देशों के बीच कश्मीर और आतंकवाद जैसे मसलों को लेकर तनाव लगातार बना हुआ है। शिमला समझौते की भावनाओं के अनुरूप कश्मीर को द्विपक्षीय मसला मान आपसी बातचीत से इसे सुलझाने की राह हमेशा खुली हुई है, लेकिन इसके बावजूद पाकिस्तान जब भी मौका पाता है अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस मसले को उछालने से बाज नहीं आता। इसके अलावा भारत में आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने वाले संगठनों और उनसे जुड़े लोगों पर लगाम कसने में पाकिस्तान सरकार की नाकामी भारत के साथ रिश्ते सुधारने की राह में एक बड़ी बाधा बनी हुई है। जहां तक चीन का सवाल है, तो सीमा पर विवाद बने रहते हुए भी भारत के साथ उसके रिश्ते लंबे समय तक न केवल शांतिपूर्ण रहे, बल्कि दोनों देशों में सहयोग और सामंजस्य भी बना रहा। 1962 में हुए युद्ध के बाद 1967 और फिर 1975 में हुई एक-एक हिंसक झड़प को छोड़ दें तो उसके बाद पूरे पांच दशकों तक सीमा पर हिंसा की नौबत नहीं आयी। 1987 में तवांग और 2017 में डोकलाम में गतिरोध बना भी तो बातचीत से मसला सुलझा लिया गया। इस बीच दोनों देशों के बीच आपसी व्यापार ने भी नई ऊंचाई छुई। लेकिन 2020 में गलवान घाटी के बाद 2022 में तवांग में भी हिंसक झड़प हुई। बहरहाल, दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है और अगर वे अपने ही अनुभव से सबक लेकर उपयुक्त कदम उठायें तो सीमा संबंधी मतभेदों के बावजूद शांति और सौहार्द की राह ढूंढना नामुमकिन नहीं। पाकिस्तान के आतंकवाद से तौबा करने की संभावना जरूर थोड़ी ज्यादा जटिलता लिए हुए है, लेकिन आतंकवाद सिर्फ भारत का नहीं, वैश्विक मसला है। पाकिस्तान इस बात को जितनी जल्दी समझ ले, उतना बेहतर।

1987 में तवांग और 2017 में डोकलाम में गतिरोध बना भी तो बातचीत से मसला सुलझा लिया गया। इस बीच दोनों देशों के बीच आपसी व्यापार ने भी नई ऊंचाई छुई, लेकिन 2020 में गलवान घाटी के बाद 2022 में तवांग में भी हिंसक झड़प हुई।

अभिमत
आजाद सिपाही

दरअसल इस बार की फरवरी में बसंत का एहसास हुए बगैर मौसम में गर्मी दिनों-दिन बढ़ती जा रही है और देश के उत्तर-पश्चिम, मध्य एवं पश्चिम भारत से लेकर दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में 'हीट वेव' जैसे हालात बनते जा रहे हैं। दरअसल मैदानी क्षेत्रों में तापमान 40 डिग्री या इससे अधिक होने पर जबकि पहाड़ी क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सैल्सियस तो वहीं तटीय क्षेत्रों में तापमान 37 डिग्री सैल्सियस से अधिक होने पर हीट वेव का अलर्ट होता है।

'अल नीनो' के कारण समय से पहले बढ़ रहा तापमान

ऋषभ मिश्रा

देश में 9 साल तक लगातार अच्छा मानसून रहने के बाद अब एक बार फिर से 'अल नीनो' की परिस्थितियां निर्मित होती नजर आ रही हैं। जिसके कारण इस साल देश में गर्मियों का मौसम शुष्क व बेहद गर्म रह सकता है। इसी वजह से इस वर्ष ज्यादा लू चलने की भविष्यवाणी भी की गई है। लेकिन इससे भी बुरी खबर यह हो सकती है कि अल नीनो के प्रभाव की वजह से मानसून खराब हो सकता है। अमरीका की मौसम एजरंसी नऱशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (एनओएए) के ताजा पूवार्नुमान के अनुसार इस वर्ष मई से जुलाई के बीच अल नीनो की परिस्थितियां छा सकती हैं और इसका असर आगामी मानसून पर भी पड़ सकता है।

दरअसल इस बार की फरवरी में बसंत का एहसास हुए बगैर मौसम में गर्मी दिनों-दिन बढ़ती जा रही है और देश के उत्तर-पश्चिम, मध्य एवं पश्चिम भारत से लेकर दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में 'हीट वेव' जैसे हालात बनते जा रहे हैं। दरअसल मैदानी क्षेत्रों में तापमान 40 डिग्री या इससे अधिक होने पर जबकि पहाड़ी क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सैल्सियस तो वहीं तटीय क्षेत्रों में तापमान 37 डिग्री सैल्सियस से अधिक होने पर हीट वेव का अलर्ट होता है।

भारत में सबसे बुरा अल नीनो साल 1972 का रहा है जब सामान्य से 24 फीसदी कम बारिश हुई थी।

इससे ऐसा लग रहा है कि हमारे यहां साल 1998 की परिस्थितियां बन सकती हैं। दरअसल साल 1998 में भारत में 90.6 फीसदी बारिश हुई थी यानी सामान्य से 9.4 फीसदी कम। सामान्य से 10 फीसदी कम होने पर मौसम विज्ञान की परिभाषा में उसे 'माइल्ड ड्राऊट' यानी कि 'मध्यम सूखा' वर्ष घोषित किया जाता है। 'अमेरिकन जियोसाइंस इंस्टीट्यूट' के अनुसार अल नीनो (और इसी तरह ला नीनो भी) का संबंध प्रशांत महासागर की समुद्री सतह के तापमान में समय-समय पर होने वाले बदलावों से है।

भारत में वर्ष 1951 के बाद से 10 बार ऐसे मौके आये हैं, जब अल नीनो की वजह से सूखे की स्थिति उत्पन्न हुई। हालांकि कई अल नीनो ऐसे भी रहे जब सूखा नहीं पड़ा। कई बार ऐसे सूखे की स्थिति भी निर्मित हुई जिसकी वजह अल नीनो नहीं थी।

अल नीनो एक चक्रीय पर्यावरणीय स्थिति है जो प्रशांत महासागर के भूमध्य क्षेत्र में शुरू होती है। सामान्य शब्दों में कहें तो अल नीनो वह प्राकृतिक घटना है जिसमें प्रशांत महासागर का गर्म पानी उत्तर और दक्षिण अमरीका की ओर फैलता है और फिर इससे पूरी दुनिया में तापमान बढ़ता है। इस बदलाव के कारण समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से अधिक हो जाता है। यह तापमान सामान्य से कई बार 0.5 डिग्री सैल्सियस तक ज्यादा हो सकता है।

ये बदलाव अमूमन नौ से 12 माह तक होते हैं लेकिन कई बार लम्बे भी चलते हैं। अल नीनो की स्थिति हर 4 से 12 साल में आती रही है लेकिन अब इसकी फ्रीक्वैंसी 2 से 7 साल हो गयी है। हालांकि कोई भी 2 अल नीनो बिल्कुल एक के बाद एक नहीं आते हैं। अल नीनो का सर्वाधिक प्रत्यक्ष असर बारिश के पैटर्न पर पड़ता है। भारत की मानसूनी बारिश भी इसके असर से बची नहीं रह पाती है और इस वजह से बारिश कम होती है। इसमें सामान्य बारिश की संभावना केवल 10 फीसदी तक होती है।

ऐसा ही असर इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस और आसपास के क्षेत्रों में भी हो सकता है। भारत जैसे विकासशील देशों में भी लगभग पूरी खेती बारिश पर ही निर्भर होती है। बारिश कम होने से और फसल का उत्पादन कम होने की वजह से एक बड़े वर्ग के सामने समस्या उत्पन्न हो सकती है। अफ्रीका महाद्वीप के गरीब देशों में तो हालात और भी ज्यादा खराब हो सकते हैं। समुद्र की सतह का तापमान बढ़ने का सबसे ज्यादा असर समुद्री जीव जंतुओं पर भी पड़ता है।

'ओशनिक रिसर्च सैंटर' की एक स्टडी के अनुसार 'अल नीनो इम्पैक्ट' के कारण कम से कम 135 तरह की मछलियों व अन्य समुद्री जंतुओं की प्रजातियों का अस्तित्व ही खत्म हो गया है। अल नीनो को सबसे महत्वपूर्ण 'जलवायु निर्माता फिनोमिना' भी कहा जाता है। इसे 'मास्टर वैदर मेकर' की संज्ञा भी दी जा सकती है। दरअसल अल नीनो पूरी दुनिया के जलवायु पैटर्न को बदल कर रख देता है। इस बदलाव से अमेरिका महाद्वीप के पश्चिमी तटों वाले क्षेत्रों जैसे पेरू, चिली, मैक्सिको एवं दक्षिण-पश्चिमी अमेरिका के सूखे और मरुस्थलीय इलाकों में भी भारी बारिश तथा बर्फबारी हो सकती है।

जबकि ब्राजील, इंडोनेशिया ऑस्ट्रेलिया, उत्तर-पूर्वी अमेरिका एवं भारतीय उपमहाद्वीप के क्षेत्रों में सूखा पड़ सकता है। अल नीनो की पहली रिकार्डेड घटना साल 1525 में उस समय देखने को मिली थी जब स्पेनिश विजेता फेंसिको पिजारो पेरू पहुंचे थे। उस समय वहां के रेगिस्तान में पहली बार बारिश हुई थी। इतिहासकारों का मानना है कि अगर उस समय रेगिस्तान में बारिश नहीं हुई होती तो उन्हें प्रभावशाली 'इंका साम्राज्य' पर कब्जा करने में सफलता शायद नहीं मिल पाती और पश्चिम जगत का इतिहास कुछ और होता।

वैश्विक तौर पर देखें तो वैज्ञानिक अल नीनो के कुछ फायदे भी गिनाते हैं, जिसमें पहला है कि इसकी वजह से नार्थ अटलांटिक क्षेत्र में समुद्र और चक्रवाती तूफान अपेक्षाकृत कम आते हैं। हालांकि तूफानों की तीव्रता में कमी नहीं आती है, तो वहीं दूसरा दक्षिण कनाडा और उत्तरी अमेरिका के वे क्षेत्र जहां हाड़ कंपाती सर्दी पड़ती है अल नीनो की वजह से ठंड में राहत मिलती है। इसके साथ ही दुनिया के कुछ हिस्से जैसे कि दक्षिणी पूर्वोत्तर अफ्रीका में शुष्क मौसम की वजह से मलेरिया जैसी बीमारियां भी कम हो जाती हैं। हालांकि अल नीनो से यह सिद्ध नहीं होता है कि सूखा पड़ेगा ही क्योंकि 40 प्रतिशत अल नीनो में सूखे की स्थिति नहीं आई।

भारत में वर्ष 1951 के बाद से 10 बार ऐसे मौके आये हैं, जब अल नीनो की वजह से सूखे की स्थिति उत्पन्न हुई। हालांकि कई अल नीनो ऐसे भी रहे जब सूखा नहीं पड़ा। कई बार ऐसे सूखे की स्थिति भी निर्मित हुई जिसकी वजह अल नीनो नहीं थी। सामान्य से 10 प्रतिशत कम बारिश होने पर माइल्ड ड्राऊट, 15 से 20 प्रतिशत कम होने पर मॉडरेट और 20 प्रतिशत से कम बारिश होने पर सीवियर ड्राऊट की स्थिति होती है। भारत में सबसे बुरा अल नीनो साल 1972 का रहा है जब सामान्य से 24 फीसदी कम बारिश हुई थी। इसके बाद 2009 में जब 22 फीसदी कम बारिश हुई।

'झारखंडी सहीद' पुस्तक की भाषा सहज एवं सरल है : डॉ राम कुमार

झारखंड की धरती रत्नगर्भा है। यहां न केवल खनिज-संपदा, वन, पहाड़ और नदी-नाला भर है, बल्कि प्राचीन काल से यहां धर्म, कला, संस्कृति, अध्यात्म एवं नवीनतम विषयों की खोज होती रही है। झारखंड की धरती प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण तो है ही यहां की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर नजर डाली जाये तो हम पाते हैं कि प्राकृतिक संसाधनों के अनुरूप यहां के लोग भी सभी क्षेत्र में आगे रहे हैं। यदि तकनीकी की बात की जाये तो झारखंड के असुर लोहा गलाने की तकनीक में पारंगत रहे हैं, जो सर्वविदित है। इसी प्रकार महाभारत काल में सैनिक के रूप में यहां के असुरों ने बहादुरी दिखाया था, जो इतिहास के पन्नों पर अंकित है। प्राचीन काल हो, मध्यकाल हो, आधुनिक काल हो, हर काल और परिस्थिति में झारखंड के महान क्रांतिकारियों का स्वर्णिम इतिहास रहा है। झारखंड की धरती और यहां के लोग सदा से स्वतंत्रता प्रेमी एवं स्वाभिमानी प्रवृत्ति के रहे हैं। यहां के लोगों ने कभी भी गुलामी में रहना स्वीकार नहीं किया है और जब जब किसी बाहरी शक्ति ने यहां के लोगों की स्वतंत्रता को छीनने की कोशिश की है, तो उसका जबरदस्त तरीके से विरोध हुआ है। झारखंड के आदिवासी और मूलवासी सभी ने मिल कर आक्रमणकारियों का प्रतिरोध किया है और अपनी आजादी, अपना स्वाभिमान, अपनी धरती और अपनी स्मिता की रक्षा के लिए हंसते-हंसते अपनी जान देकर शहीद होना पसंद किया, परंतु किसी की गुलामी करना पसंद नहीं किया। झारखंड के सभी महान क्रांतिकारियों की जीवनी उनके कार्य और त्याग बलिदान एवं शहादत को समेटती हुई किताब है- 'झारखंडी सहीद' यह किताब



झारखंड के महान शहीदों की एक बानगी है। इसमें उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को दर्शाया गया है।

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में झारखंड के महान स्वतंत्रता सेनानियों का अद्वितीय योगदान है। झारखंड के लोगों ने कभी भी अंग्रेजों की गुलामी स्वीकार नहीं की।

बंगाल की दीवानी मिलने के बाद अंग्रेज झारखंड की ओर बढ़े, परंतु उन्हें कड़े प्रतिकार का सामना करना पड़ा झारखंड के महान स्वतंत्रता सेनानियों ने अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिये। झारखंड के महान स्वतंत्रता सेनानियों में सिद्धू कान्हू, तिलकामांझी, ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव, टिकेट उमराव सिंह, कुर्बान अली, शेख भिखारी, पांडे गणपत राय, वीर बुधु भगत, तेलंगा खड़िया, बिरसा मुंडा नीलांबर-पीतांबर, नादिर अली, जतरा टाना भगत आदि जैसे असंख्य क्रांतिकारी हैं, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। ऐसे ही महान क्रांतिकारियों की संक्षिप्त जानकारी से परिपूर्ण है, ये पुस्तक 'झारखंडी सहीद' इस पुस्तक में इन शहीदों के बारे में संक्षेप में परंतु विशुद्ध जानकारी दी गयी है। यह पुस्तक वास्तव में इन शहीदों को श्रद्धांजलि है। इस संदर्भ में यहां उल्लेखनीय है कि यह पुस्तक नागपुरी के प्रतिष्ठित साहित्यकार स्वर्गीय डॉ भुनेश्वर अनुज द्वारा लिखित पुस्तक 'झारखंडी सहीद' का नागपुरी अनुवाद है, जिसे सहज नागपुरी में डॉ खालिक अहमद एवं प्रो राजेश कुजूर अनुवाद किये हैं।

इस पुस्तक की विशेषता है कि यह पुस्तक नागपुरी भाषियों के लिए एक अच्छा सुलभ एवं सहज पुस्तक है। इसके माध्यम से झारखंडी शहीदों के बारे में आसानी से जानकारी मिल सकती है। नागपुरी पाठ्यक्रम एवं झारखंड के प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए तो यह अत्यंत लाभकारी है। 'झारखंडी सहीद' वीर पुरुषों का भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में अद्वितीय योगदान रहा है, जो जिला, राष्ट्रीय गजेटियर एवं अनेक बड़े लेखकों की किताबों में संकलित है, परंतु झारखंड की मुख्य क्षेत्रीय भाषा नागपुरी में झारखंड के शहीदों पर पुस्तक लेखन एवं प्रकाशन एक बहुत महत्वपूर्ण कार्य हुआ है। निश्चित रूप से यह किताब नागपुरी भाषियों सहित सभी आदिवासी और मूलवासियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। 'झारखंडी सहीद' पुस्तक की भाषा सहज एवं सरल है। इसमें झारखंडी शहीदों से संबंधित सूचना प्राप्त आंकड़े भी दिये गये, जो एक ही नजर में पाठकों को शहीदों से संबंधित जानकारी प्रदान करती है। इसी प्रकार शहीदों की जीवनी के अंत में वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं, जो शैक्षणिक दृष्टिकोण से बहुत ही लाभकारी है, क्योंकि इस पुस्तक के प्रस्तुतकर्ता डॉ खालिक अहमद और प्रो राजेश कुजूर दोनों ही कॉलेज के शिक्षक हैं। अतः इन्होंने इस किताब की प्रस्तुति में शैक्षणिक पाठ्यक्रम को भी दृष्टिकोण में रखा है। इसलिए यह किताब ज्यादा कारगर एवं लाभकारी हो गया। इसके लिए 'झारखंडी सहीद' पुस्तक के लेखक को बहुत-बहुत बधाई और साधुवाद।

(डॉ राम कुमार सहायक प्राध्यापक, नागपुरी विभाग, रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय, रांची हैं।)

जमशेदपुर की खबरें

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सुरभि शाखा ने पद्मश्री प्रेमलता अग्रवाल को किया सम्मानित

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी युवा मंच के स्टील सिटी सुरभि शाखा के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पद्मश्री से सम्मानित देश की पर्वतारोही प्रेमलता अग्रवाल को सम्मानित किया गया। प्रेमलता अग्रवाल दुनिया की ऊंची शिखरों पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला हैं। सुरभि शाखा के द्वारा सामाजिक दायित्वों का निर्वाह करते हुए कदमा स्थित उनके आवास में सम्मानित के दौरान शाखा अध्यक्ष उषा चौधरी, सचिव निधि अग्रवाल, संस्थापक ममता अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल सबिता अग्रवाल, नीलम देबुका सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

इनरव्हील क्लब की सदस्यों ने बालिकाओं को शिक्षा के साथ स्वस्थ रहने की टिप्स दी

आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। इनरव्हील क्लब की सदस्यों द्वारा महिला दिवस पर न्यू कॉलोनी आदित्यपुर के उत्क्रमित उच्च विद्यालय में महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। महिला दिवस के अवसर पर अध्यक्ष निशा गाड़िया द्वारा बालिकाओं को शिक्षा के साथ स्वस्थ रहने के टिप्स दी गयी। मौके पर योगा शिक्षिका रितु ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के साथ स्वस्थ रहने सहित कारगर विधि की जानकारी दी। मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापिका संध्या प्रधान ने इनरव्हील की अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। मौके पर प्रीति, सुनीता, जसविंदर, मधु, शिक्षिका गीता, रजनी, अनीमा, अमिता, पूजा आदि मौजूद थीं।

दीक्षांत समारोह में मंत्री चंपाई सोरेन ने गोल्ड मेडल देकर किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

सरायकेला। जिले के गम्हरिया प्रखंड में स्थित आर्का जैन विश्वविद्यालय में शनिवार को दूसरा दीक्षांत समारोह आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के मंत्री चंपाई सोरेन शामिल हुए। मंत्री ने इस मौके पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की डिग्री हासिल कर छात्र देश और समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं।

आर्का जैन विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह के मौके पर 22 छात्र-छात्राओं को विभिन्न कोर्स पूरा करने पर सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसमें सफल छात्रों को गोल्ड मेडल देकर मंत्री चंपाई सोरेन ने सम्मानित किया। इससे पहले कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे चंपाई सोरेन को गार्ड ऑफ ऑनर

दिया गया। दीक्षांत समारोह में कोल्हान विश्वविद्यालय के सीनेट मेंबर राजेश शुक्ला, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एसएस रज्जी भी शामिल रहे जहां संबोधन में छात्रों के उज्जल भविष्य की कामना की।

छात्रवृत्ति को 30 हजार से बढ़ाकर किया 1 लाख : दीक्षांत समारोह में मंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि सरकार शिक्षा के प्रति गंभीर है। राज्य सरकार ने छात्रों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से पहले दी जाने वाली छात्रवृत्ति को 30 हजार से बढ़ा कर किया एक लाख तक किया है, ताकि छात्रों के पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं हो।

मंत्री ने कहा कि राज्य के छात्र- छात्राओं के तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भी सरकार में कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलायी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आर्का जैन विश्वविद्यालय आदिवासी बहुल क्षेत्र में स्थापित है। विश्वविद्यालय विकास को लेकर इन्होंने अपने प्रयास से कई कार्य किये हैं, जिसका नतीजा है कि आज इस क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगी है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में टुईलाडूंगरी सीःपी क्लब महिला समिति के द्वारा गांधी आश्रम बाराद्वारी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर एवं केक काटकर किया गया। मौके पर क्लब की अध्यक्ष देवकी साहू सहित क्लब के सदस्यों ने आश्रम की महिलाओं को गुलदस्ता देकर सम्मानित कर महिला दिवस की बधाई दी गयी।

इस अवसर पर आश्रम की महिलाओं के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं विजेताओं के बीच पुरस्कार

वितरण किया गया। मौके पर क्लब की ओर से सभी महिला सदस्यों को गिफ्ट और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया।

इसके अलावा आश्रम की 30 महिलाओं को साड़ी देकर सम्मानित किया गया। महिला समिति की अध्यक्ष देवकी साहू ने महिला दिवस के उपलक्ष में आश्रम की महिलाओं को बधाई दी। साथ ही उन्होंने महिलाओं पर हो रहे घरेलू हिंसा व महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न से बचने की टिप्स दी।

वहीं समाज के बीच अपने कार्यों से खुद को स्थापित करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा आज के युग में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं है। वैसी महिलाएं है जिन्होंने समाज निर्माण मैं अपनी अहम भूमिका निभाई है। वैसे महिलाओं को समिति सम्मानित कर उनके हौसले को बढ़ाने का कार्य कर रही है। मौके पर देवकी साहू, जमुना देवी, नीतू साहू, अनीता साहू, हेमा साहू ,मंजू साहू, नूतन साहू शामिल थीं।

महत्वपूर्ण न्यूज

आरकेवीएस के सभागार में चौथी एवं पांचवीं इनहाउस कार्यशाला का आयोजन

गढ़वा (आजाद सिपाही)। आरकेभीएस के सभागार में सीबीएसई के दिशा निर्देशानुसार शिक्षकों के लिए चौथे व पांचवें इनहाउस कार्यशाला का आयोजन क्रमशः 10 मार्च और 11 मार्च को किया गया। इस कार्यशाला में ऑफलाइन ट्रेनिंग के लिए आरके ग्रुप अंतर्गत संचालित सभी स्कूल आरकेपीएस गढ़वा, श्रीबंशीधर नगर और उंचरी, मझिआंव के शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ आरके ट्रस्ट के चेयरमैन सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित करके किया। इसके पश्चात कार्यक्रम का संचालन कर रहे अनुप कुमार पाण्डेय के द्वारा भगवान गणेश व मां सरस्वती की वंदना की गयी और उपस्थित सभी लोगों का अभिनंदन व स्वागत किया गया। निदेशक अलखनाथ पांडेय ने एकबार फिर से कहा कि अपने ज्ञान और कौशल को प्रभावी बनाने के लिए प्रशिक्षण लेना आवश्यक है। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को अब 25 घंटे का ऑनलाइन और 25 घंटे का ऑफलाइन ट्रेनिंग करना अनिवार्य है। चौथे कार्यशाला का विषय 'क्लासरुम मैनेजमेंट' पर चर्चा करने और विस्तार से हर बातों को साझा करने के लिए साधनसेवी के रूप में विनय सिंह, पूनम राय, हीना प्रवीण और पांचवें इनहाउस कार्यशाला का विषय 'वैल्यू एजुकेशन' पर चर्चा करने और विस्तार से हर बातों को साझा करने के लिए साधनसेवी के रूप में जेपी नारायण, दीपक पाण्डेय, जागृति चौबे, निधी सिन्हा व नंदलाल गुप्ता थे। कार्यशाला में उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के बीच संबंधित विषय पर आधारित एक्टिविटी भी करायी गयी। स्लाइड व प्रोजेक्टर के माध्यम से संबंधित विषय पर विडियो भी दिखाया गया। कार्यशाला को सफल बनाने में वेन्यू डायरेक्टर श्रीमती प्रियंका बर्मन, एसटीएनसी राजकुमार और कार्यशाला समन्वयक शहेला खान का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन अनुप कुमार पाण्डेय के द्वारा किया गया।

लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन और परमेश्वरी मेडिकल सेंटर ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

गढ़वा (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन और परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अमित कुमार चतुर्वेदी (डीएम, कार्डियोलॉजी) और चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ मनीषा (एमडी, डमेर्टोलॉजी) ने अपनी सेवाएं दी। मरीजों की निशुल्क जांच और उचित परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य शिविर लायन डॉ कुमार निशांत सिंह की देखरेख में लगाया गया। शिविर में इसीजी, इसीएचओ इत्यादि की जांच भी निशुल्क की गयी। स्वास्थ्य शिविर में हृदय संबंधी 25 मरीज और चर्म रोग के 50 मरीजों को परामर्श दिया गया। मौके पर पूर्व रीजन चेयरमैन अमित कश्यप, पुरुषोत्तम अग्रवाल, विनय कश्यप, संतोष अग्रवाल, चन्दन कुमार, हर्ष अग्रवाल, लियो अनूप कुमार और मरीज और उनके परिजन उपस्थित थे।

झामुमो मेराल पूर्वी पंचायत अध्यक्ष अख्तर अंसारी के जनाजे में उमड़ी भीड़

मेराल (आजाद सिपाही)। झामुमो के मेराल पूर्वी पंचायत के अध्यक्ष मेराल चरका पत्थर निवासी पूर्व वार्ड सदस्य अख्तर अंसारी 45 वर्ष का निधन शनिवार की प्रातः 5 बजे रांची वेदांता हॉस्पिटल में इलाज के दौरान हो गया। उनकी मिट्टी मंजिल स्थानीय कब्रिस्तान में किया गया। उनके जनाजे में सैकड़ों की संख्या में प्रबुद्ध तथा आमजन भाग लिये। उनके निधन पर झामुमो के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने गहरा दुःख व्यक्त किया। साथ ही शोकाकुल परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य रखने की कामना की। झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान, युवा नेता अतहर अली ने कहा कि अख्तर अंसारी के असामयिक निधन से परिवार, समाज तथा पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। अख्तर मृदुभाषी तथा मिलनसार व्यक्ति थे। 2018 के पंचायत चुनाव में वे वार्ड सदस्य निर्वाचित हुए थे। उनकी लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें झामुमो का पंचायत अध्यक्ष बनाया गया था। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सूर्य प्रकाश, राजेश बैठा, कारी कमालुद्दीन, सदर मुख्तार अंसारी, हाजी यासीन अंसारी, गुलाम मुस्तफा, समीद अंसारी, युनूस अंसारी, वकील अंसारी, नजाम अंसारी, निजामुद्दीन अंसारी, मैनुद्दीन अंसारी बड़ी संख्या में लोग थे।

बबलू राम हत्याकांड मामले में चार आरोपी गिरफ्तार, दो अब भी फरार

डायन बिसाही मामले में हुई झड़प को लेकर की गयी थी बबलू राम की चाकू मारकर हत्या : एसडीपीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जिला मुख्यालय के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत टंडवा डोम टोली मोहल्ले में बीते 6 मार्च को दो गुटों के बीच डायन बिसाही मामले को लेकर हुई मारपीट की घटना में बबलू राम की हत्या चाकू मारकर की गई थी। साथ ही मारपीट में बीच-बचाव करने के दौरान चार लोग पूरी तरह से चाकू लगने से घायल हो गये थे। घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद मृतक के परिजनों द्वारा सदर थाने में लिखित आवेदन दर्ज कराने के बाद पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा के द्वारा पुलिस निरीक्षक थाना प्रभारी गढ़वा के नेतृत्व में कांड के उद्भेदन हेतु एक टीम गठित की गई। टीम के द्वारा लगातार विभिन्न जगहों पर छापामारी करते हुए कांड में संलिप्त चार अपराधियों को गिरफ्तार लिया गया। अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद सदर थाने में एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने प्रेस वार्ता कर पूरे मामले की जानकारी दी। कहा कि बीते 6 मार्च को ग्राम टंडवा डोम टोली निवासी बबलू राम की हत्या चाकू मारकर करने की घटना घटित होने की सूचना मिली, जिसके बाद उक्त घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा के द्वारा सदर थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम गठित कर कांड में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी कर ली गई। गिरफ्तार अपराधियों ने पूछताछ करने पर अपना अपराध स्वीकार कर लिया तथा अपराध कर्मियों के द्वारा घटना में प्रयुक्त चाकू भी उनकी निशानदेही पर बरामद कर लिया गया। साथ ही अनुसंधान के क्रम में यह जानकारी मिली कि मृतक बबलू राम व रोशन कुमार सूअर व्यापारी थे। जिसके बाद दोनों के बीच विवाद उत्पन्न हुआ और तथाकथित डायन बिसाही के मामले को लेकर मारपीट की घटना घटित हुई। रोशन कुमार, नंदलाल राम, दशरथ राम, शंभू राम के द्वारा 6 मार्च को बबलू की चाकू मारकर हत्या कर दी गयी। साथ ही बबलू के परिजन को भी बीच-बचाव करने के दौरान चाकू से जख्मी किया गया।

एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने बताया कि घटना के मुख्य अभियुक्त रोशन कुमार का पुराना अपराधिक इतिहास रहा है। वह यूपी शक्ति नगर थाना से 2021 में भी जेल जा चुका है। जिसके बाद यहां वह ससुराल में रहता था। गिरफ्तार आरोपियों में यूपी सोनभद्र शक्तिनगर थाना क्षेत्र चिल्काटांड़ निवासी विजय राम के पुत्र रोशन कुमार, सदर थाना क्षेत्र डोम टोली निवासी स्व. लालो राम के पुत्र नंदलाल राम व दशरथ राम, बुधन राम के पुत्र शंभू राम के नाम शामिल हैं।

छापेमारी टीम में पुलिस निरीक्षक थाना प्रभारी चंदन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक पवन कुमार, अशोक कुजूर, सूर्य प्रकाश दुबे, प्रवीण कुमार, दिनेश मरांडी, संजय बेदिया, हित नारायण महतो, राजू उरांव, आशीष कुमार, आरक्षी श्रीकांत पासवान, इंद्र कुमार मंडल शामिल थे।

भंडरिया पुलिस ने चोरी एवं लूटकांड में शामिल तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

अपराधियों के पास से दो अवैध देसी कट्टा एवं एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

भंडरिया। भंडरिया थाना क्षेत्र के विभिन्न चोरी व लूट कांड की घटना में शामिल तीन आरोपियों को भंडरिया पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेजा है। गिरफ्तार आरोपियों में प्रदुमन पासवान, सुमित दास व चंदन कश्यप के नाम शामिल हैं। उक्त तीनों आरोपी छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज निवासी बताए गए हैं। जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी संजय कुमार खाखा ने कहा कि भंडरिया थाना क्षेत्र के सरईडीह गांव के एक किराना दुकान में दो युवकों को चोरी करते ग्रामीणों के द्वारा देखा गया। जिसके बाद ग्रामीणों के द्वारा एक युवक को पकड़ लिया गया तथा दूसरा युवक वहां से भागने में सफल रहा। ग्रामीणों की सूचना पर भंडरिया पुलिस ने उक्त युवक को अपनी गिरफ्त में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम तूफानी पासवान बताया तथा चोरी में शामिल दूसरा युवक का नाम सुमित दास बताया। साथ ही उसने 8 मार्च को ही बरगढ़ स्थित बीपी केसरी पेट्रोल पंप में अपने एक और सहयोगी चंदन कश्यप के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देने की बात बतायी। पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा के निर्देश पर एक पुलिस टीम का गठन कर तूफानी पासवान की निशानदेही पर चंदन कश्यप को सरईडीह गांव के पास से दो अवैध देसी कट्टा तथा एक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। चंदन कश्यप ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में रामानुजगंज के ही चार युवक अरबाज, सरताज, मिखाइल खान व प्रदुमन पासवान के साथ मिलकर पिछले 23 जनवरी 2023 को भंडरिया थाना क्षेत्र के बिंदा घाटी में हुई लूटकांड को अंजाम दिए जाने की बात स्वीकार की। चंदन कश्यप के ही निशानदेही पर प्रदुमन पासवान को रामानुजगंज से गिरफ्तार कर लिया गया। बिंदा घाटी लूटकांड में प्रदुमन व चंदन कश्यप की निशानदेही पर एक बैग, एक एटीएम कार्ड व कुछ अन्य कागजात बरामद हुए हैं। लूटकांड में शामिल दो फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रही है। पुलिस टीम में थाना प्रभारी संजय कुमार खाखा, सब इंस्पेक्टर संजय कुमार, सब इंस्पेक्टर राजेश मुंडा, हवलदार चंद्रिका पासवान, वीरेंद्र सिंह, रामसागर सिंह आदि के नाम शामिल हैं।

विहिप बजरंग दल की बैठक में नगर उंटारी इकाई का किया गया गठन

विहिप अध्यक्ष गौरव पांडे एवं बजरंग दल संयोजक बनाये गये उत्कर्ष जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

बंशीधर नगर। स्थानीय कनहर भवन में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की एक बैठक आयोजित कर नगर उंटारी इकाई का गठन किया गया। मौके पर विश्व हिंदू परिषद गढ़वा जिला संयोजक शुभम चौबे ने कहा कि नगर उंटारी इकाई पिछले कई दिनों से भंग थी, जिसका पूर्ण गठन आज किया गया। उन्होंने बताया कि विश्व हिंदू परिषद संगठन पूरे विश्व में है। सबसे बड़ा संगठन होने के नाते यह अपनी संस्कृति और सभ्यता की रक्षा करना परम दायित्व समझता है। उन्होंने कहा कि बिना सशक्त हिंदुओं के सशक्त भारत की कल्पना करना बेमानी होगी। उन्होंने नौजवानों युवाओं से आगे बढ़कर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नगर उंटारी इकाई को मजबूत करने का आह्वान किया।

नवगठित कमेटी में विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष के रूप में गौरव पांडे एवं नगर उंटारी प्रखंड बजरंग दल संयोजक के रूप में उत्कर्ष जायसवाल को सर्वसम्मति से चुना गया।

मौके पर प्रशांत सहाय, भाजपा नेता शिवधारी राम, मुकेश चौबे, विकास पांडे, दीनेश्वर देव, राम शकल दुबे, वेदांत सिंह, अमन देव, राहुल जायसवाल, रितिक जायसवाल, नीरज कुमार, रोहित कमलापुरी, उज्जवल प्रकाश, शुभम कुमार, विकास पाल, प्रियांशु कमलापुरी, करण कमलापुरी, पीयूष कमलापुरी, पवन कुमार चंद्रवंशी, आशुतोष कुमार, स्वयं कुमार, अकाश सिंह, आशीष ठाकुर, निखिल कमलापुरी, मनीष ठाकुर, पंकज ठाकुर, राजू कुमार, अभय कमलापुरी, रोहिदास, अनिल दास, राहुल दास सहित अन्य लोग मौजूद थे। कमेटी गठन के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद जिला संयोजक गढ़वा चंदन स्वामी, बजरंग दल के जिला संयोजक शुभम चौबे उपस्थित थे। बैठक में कमेटी के अन्य सदस्यों का चयन अगली बैठक में करने का निर्णय लिया गया।

रामानुजगंज वन क्षेत्र में बाघ देखे जाने से सहमे लोग

वन विभाग ने लोगों से की सावधान रहने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता

रंका। रंका अनुमंडल क्षेत्र सीमा से सटे कनहर नदी रामानुजगंज वन क्षेत्र में एक बाघ के दस्तक देने से रंका-रामानुजगंज संयुक्त क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। यह बाघ रामानुजगंज जंगल में विचरण करते हुए देखा गया है। लोग बाघ के डर से सहमें हुए हैं। इस बाघ को मद्देनजर रखते हुए वन विभाग के अधिकारी पिकप वाहन पर लाउडस्पीकर के द्वारा लोगों को जंगल नहीं जाने एवं सावधान रहने की अपील कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार बाघ ने कल एक मवेशी को अपना शिकार बनाया है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, खूँटी

संविदा पर नियुक्ति संबंधित सूचना

विज्ञापन संख्या– दिनांक–

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही केन्द्र सम्पोषित स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा०) योजना के कार्यान्वयन के लिये खूँटी जिला अन्तर्गत सृजित पदों के विरूद्ध संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित की जाती है :–

1. स्वच्छ भारत मिशन (SBM(G)

क्र० सं०	पद	पदों की कुल संख्या	अनिवार्य योग्यता	कार्य अनुभव	मासिक मानदेय
1	Block Wash Coordinator	01 आरक्षित (अनुसूचित जनजाति)	किसी भी प्रतिष्ठित और मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से 55 प्रतिशत अंक के साथ किसी Stream में स्नातक।	3. Years of experience in the development sector / water. Sanitation & Hygiene additionally experience in handling android based mobile application or digital tab will be an advantage. एवं Computer Knowledge experience Knowledge of MS office (Word. Excel. Power Point) का होना आवश्यक है। संबंधित क्षेत्र में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड अन्तर्गत वर्तमान में कार्यरत कर्मियों को प्रति वर्ष के दर से अधिकतम 05 वर्षों के लिए प्रति वर्ष 02 अंक के अनुसार अधिकतम 10 अंक अतिरिक्त कार्यानुभव के रूप में दी जाएगी।	12000 / – (बारह हजार रूपये प्रतिमाह)

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR 292339 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D

कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।
ई0 निविदा आमंत्रण सूचना।

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 47/2022-23
पत्रांक– 143 लातेहार / दिनांक–11.03.2023

1	कार्य का नाम	बनियों मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार प्रखंड–,बालुमाथ जिला–लातेहार
2	प्राक्कलित राषि (लाख में)	98.172 लाख में
3	कार्य पूर्ण करने की अवधि	11 माह
4	ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाषित करने की तिथि एवं समय।	24.03.2023 12.30 बजे अपराह्न तक।
5	ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय	03.04.2023 5.00 बजे अपराह्न तक
6	बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान	05.04.2023 3.00 बजे अपराह्न तक (1) कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। (2) कार्यालय, अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर (3) कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल, रॉंची।
7	ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय	08.04.2023 12.30 बजे अपराह्न
8	(क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0	कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380
	ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या	0651– 2214784

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 292340 Water Resource(22-23)D

कार्यक्रम : अंतरराष्ट्रीय महिला सप्ताह कार्यक्रम के तहत महिला जागरूकता सह सशक्तीकरण कार्यक्रम का आयोजन

डायन प्रथा, महिला उत्पीड़न, दहेज प्रथा उन्मूलन की दी गयी कानूनी जानकारी

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार किया गया कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

बंशीधर नगर। गढ़वा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय महिला सप्ताह कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में महिला जागरूकता सह सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत बीडीओ श्रवण राम, प्रमुख उर्मिला देवी एवं जिला परिषद सदस्य रानी बाला ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। तत्पश्चात उपस्थित महिलाओं को डायन प्रथा, महिला उत्पीड़न, दहेज प्रथा आदि के उन्मूलन को लेकर सामाजिक एवं कानूनी उपायों की जानकारी दी गई।

इस मौके पर बीडीओ श्रवण राम ने कहा कि आज पूरी दुनिया में महिला सशक्तिकरण को लेकर विशेष प्रयास किये जा रहे हैं और उन्हें जागरूक बनाने के लिये भारत में भी कई सारे सरकारी कार्यक्रम किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी महिलाओं को शिक्षित होना जरूरी है तभी वह अपने हक और अधिकार की बातों को समझ पायेंगी। उन्होंने कहा कि सशक्त महिलाओं के बिना सशक्त राष्ट्र की परिकल्पना करना बेमानी होगी।

प्रमुख उर्मिला देवी ने कहा कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं। बल्कि कई क्षेत्रों में तो वे पुरुषों से आगे बढ़कर कार्य कर रही हैं, फिर भी गांव समाज में कुछ महिलाएं हैं, जिन्हें जागरूक करना जरूरी है। जिला परिषद सदस्य रानी बाला ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं को प्रतिनिधित्व देकर उन्हें समाज में आगे लाने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में पीएलवी मनोज कुमार द्विवेदी, मुरली श्याम तिवारी, कृष्णानंद दुबे एवं संगीता सिन्हा ने भी महिला सशक्तिकरण के बारे में उपस्थित महिलाओं को जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया।

कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़

नगर परिषद्, रामगढ क्षेत्र अन्तर्गत अति–अल्पकालिन आमंत्रण सूचना।
अति–अल्पकालिन सूचना संख्या – NIT/RGH/NP/10/2022-23

1	निविदा निकालने वाले पदाधिकारी	:–	कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् रामगढ़।
2	निविदा वेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि	:–	दिनांक : 15.03.2023
3	निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने की अंतिम तिथि	:–	दिनांक : 25.03.2023 अपराहन 04:00 बजे तक।
4	निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने का वेबसाईट	:–	केवल ई–निविदा (http://jharkhandtenders.gov.in)
5	वेबसाईट पर अपलोड किया गया दस्तावेज की मुल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि व समय	:–	दिनांक : 27.03.2023 अपराहन् 4:00 बजे तक।
6	निविदा खोलने की तिथि व समय एवं स्थान	:–	दिनांक : 29.03.2023 अपराहन् 12:00 बजे से। नगर परिषद्, रामगढ़ ।
7	हेल्पलाईन नं0	:–	9135014455, 8521225626 7979858221

नोटः–

क्र0 सं0	वार्ड नं0	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	विपत्र का मूल्य	कार्य करने का समय
1	28	Rejuvenation of Chhatarmandu Talab in ward no. 28	1,37,05,680.00	2,74,114.00	10000.00	300 दिन

1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार की जाएगी।
2. संवेदक द्वारा ई–निविदा में अपलोड किया गया सभी दस्तावेज तथा संवेदक का निबंधन प्रमाण पत्र, आयकर रिर्टन (विगत तीन वर्षो का), पैन कार्ड, GSTR-1, GSTR-3B (विगत तीन माह) अथवा अद्यतन Quartly Return, निबंधन प्रमाण पत्र,, चरित्र प्रमाण पत्र, UCAN, अग्रधन राशि, निविदा प्रपत्र शुल्क व अन्य दस्तावेज दिनांक 27.03.2023 को अपराहन 4:00 बजे तक नगर परिषद् कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।
3. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
4. निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारीयॉं http://jharkhandtenders. gov.in पर एवं नगर परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
5. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशीप अथवा पार्टनरशीप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
6. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
7. प्राक्कलन की राशि घट बढ़ सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़।

PR.NO.292300 District(22-23):D

अवैध बालू लदा पांच ट्रैक्टर जब्त

सेन्हा-लोहरदगा। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र से अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन मामला में पुलिस की बड़ी कारवाई देर रात पांच ट्रैक्टर को कोयल नदी अलग-अलग जगहों से जब्त किया गया बताया जाता है कि डांडु कोयल नदी से अवैध बालू उठाव कर परिवहन किए जाने की सूचना पर एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। जबकि चार ट्रैक्टर सीठीयो कोयल नदी से उठाव करते हुए जब्त किया गया है। जिसमे एक ट्रैक्टर में रजिस्टेशन नम्बर जे एच 08 सी 5980 अंकित है। वहीं चार ट्रैक्टर में रजिस्ट्रेशन नम्बर अंकित नहीं है। सभी जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध अग्रतर कारवाई हेतु खनन एवं परिवहन विभाग को सूचनार्थ किया गया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर टीम गठित कर अवैध बालू खनन के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया था। छापेमारी के दौरान अलग अलग बालू घाट से पांच ट्रैक्टर को जब्त कर अंचलाधिकारी विजय कुमार के नेतृत्व में विभागीय कारवाई हेतु सूचनार्थ किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा अवैध बालू खनन के विरुद्ध लगातार कारवाई जारी रहेगा। वहीं ट्रैक्टर मालिकों का कहना है। कि सरकार की नाकामी का नतीजा हम सभी ट्रैक्टर मालिक को झेलना पड़ रहा है। बताते हुए कहा कि अगर बालू अवैध है। तो सरकार निविदा की घोषण क्यों नही करती है। साथ ही कहा कि निजी कार्य हेतु बालू उठाव पर अवैध होने की पुष्टि की जाती है। तो सरकारी योजना में बालू का उठाव कहाँ से होता है। उसपर विभाग कारवाई क्यों नही करती है।

जनसुनवाई में भूमि विवाद और म्यूटेशन के सर्वाधिक मामले आये

मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने सुनी लोगों की समस्या और शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। सूबे के वित्त मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव शनिवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर बड़ी संख्या में लोगों की जन समस्याओं की जानकारी लेकर उनका मौके पर निपटारा किया। लोहरदगा सदर प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में सदर प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांव के सैकड़ों ग्रामीण ने भाग लिया। मौके पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों को मंत्री रामेश्वर उरांव ने जन समस्याओं और शिकायतों को प्राथमिकता के साथ निपटारा करने का निर्देश दिया। जनसुनवाई में भूमि विवाद, म्यूटेशन, ऑनलाइन रसीद नहीं कटना, राशन वितरण में गड़बड़ी, डीलरों की मनमानी आदि के मामले ज्यादा रहे। जनसुनवाई के मौके पर डीपीओ अरुण कुमार सिंह, डीएसओ अमित बेसरा, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण दास, सदर अंचलाधिकारी सनी कुमार दास, कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, डॉ अजय सहदेव विधायक प्रतिनिधि निशित जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग प्रभात भगत समेत अन्य मौजूद थे। **गांव के भीतर बनेंगे सड़कें : डॉ रामेश्वर उरांव :** वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उन्होंने कहा कि राज्य के ग्रामीण विकास की विशेष कार्य योजना सरकार ने बनाई है। इसके तहत ग्रामीण सड़कों का निर्माण के लिए राज्य सरकार ने बजट पास किया है। रामेश्वर राव ने कहा कि गांव को जोड़ने वाली सड़कें अब तक बनी है। पर, गांव के भीतर पोस्ट ऑफिस, स्कूल, हेल्थ सेंटर आदि को जोड़ने वाली जर्जर और कच्ची सड़कों का निर्माण प्राथमिकता पर कराया जायेगा। राज्य के सभी गांव के भीतर सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। पूर्व की सरकारों ने नहीं किया है उसे वर्तमान सरकार करने की ठानी है।

गांव के भीतर सड़क बनाना एक नई सोच और विजन है।

डॉ रामेश्वर उरांव से मिला दफादार चौकीदार पंचायत का प्रतिनिधिमंडल

लोहरदगा। झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत जिला शाखा लोहरदगा अपनी मांगों को लेकर वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव से मिला। अंचल सह प्रखंड कार्यालय में पंचायत का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष शमशेर अंसारी के नेतृत्व में मुलाकात कर अपनी मांग पत्र सौंपा। जिस पर मंत्री ने मांग पत्र को पढ़ने के बाद 24 मार्च 2023 के बाद अपने ऑफिस प्रोजेक्ट भवन में वार्ता के लिए बुलाया। उनकी मांगों को जायज बताते हुए समस्या को निदान करने का आश्वासन दिया। मौके पर समसुल अंसारी के अलावा जिला सचिव निजावत अंसारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष मिथिलेश यादव, अन्नू मुंडा, सहाय खलखो, अनिरुद्ध महली, प्रभु मिंज, सुजीत, सुमरा उरांव, सरजू यादव, सुखदेव महली, अनिल कुजुर, कृष्णा महतो के अलावे दर्जनों चौकीदार शामिल थे।

पिकअप भरा लोहा के साथ एक गिरफ्तार

चंदवा। चंदवा के अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट एस्क्रैप घोषित होने के बाद से ही जबरदस्त हर दिन कई टन स्क्रैप अवैध तरीके से लगातार चोरी की जा रही है इसी बीच चंदवा पुलिस ने आज सुबह एक पिकप वैंन जिसमें लगभग चार टन लोहा लदा होने कि सूचना पर पुलिस ने धर दबोचा है वहीं चालक मोहम्मद अकरम पिता अख्तर मियां को चंदवा पुलिस ने पकड़ लिया है। चंदवा थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने पिकअप भरा लोहा को चकला मोड़ के पास पकड़ा गया है जो बालूनाथ की ओर जा रही थी।गिरफ्तार युवक गाड़ी मालिक का पुत्र है उसे कांड संख्या 63/23 के तहत जेल भेज दिया है। इधर पिकप वैंन पकड़े जाने से हड़पकम है। इधर अभी भी एएसआई नारायण यादव के द्वारा चोरी में और लोगो के शामिल होने की सूचना पर छापेमारी जारी है।

जल सरंक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चला

बरवाडीह। बरवाडीह प्रखंड के मंगरा उच्च विद्यालय में जल संरक्षण को लेकर स्कूली बच्चों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया कार्यक्रम के तहत आजादी के अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर झारखंड जलछाजन योजना द्वारा मंगरा पंचायत के मंगरा विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम मे स्कूली बच्चो के बीच गांव में भूमि एवं जल संरक्षण विषय पर बच्चों का मौखिक जानकारी देकर इस विषय पर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के तहत जल छाजन योजना द्वारा स्कूली बच्चों के बीच जल संरक्षण को लेकर चित्रांकन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। वही संस्था के माध्यम से वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सभी लोगों को अपने अपने क्षेत्र में कम जल उपयोग करने एवं अनावश्यक जल की बबार्दी रोकने पर जोर दिया गया। स्कूली बच्चों से अपने अपने घरों मे जल बचाने का मुहिम चलाने पर सभी लोगों को जागरूक किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक विद्यालय के श्याम नंदन सहाय श्रीवास्तव, अल्ताफ अनवर, अनिल प्रसाद, सुनील कुमार, विनोद कुमार, चक्रवर्ती ओझा शैलेंद्र कुशवाहा अजीत प्रसाद गौतम पटेल समेत विद्यालय के सभी शिक्षक जल छाजन योजना के सभी कर्मी शामिल थे।

पुलिस की तत्परता से हुई मासूमों की घर वापसी

किस्को/लोहरदगा। जिले के अति सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित जोबांग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत देवदरिया के ग्राम खरचा से बीते दिनों दो मासूम बच्चे लापता हो गए थे। जिनकी सकुशल बरामदगी को लेकर परिवार वाले जोबांग थाने में लिखित आवेदन देकर खोजबीन की गुहार लगायी थी। इधर दोनों गुमशुदा बच्चों के परिजनों द्वारा जोबांग थाना में दी गई आवेदन के आधार पर तत्काल थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार के कुशल नेतृत्व में खरचा निवासी दीपक लोहरा के 9 वर्षीय पुत्र राहुल लोहरा एवं खरचा का ही रहने वाला शंकर लोहरा के 7 वर्षीय पुत्र रोहित लोहरा को महज 24 घंटे के अंदर लातेहार जिले के लातेहार थाना अंतर्गत ग्राम गोदना से सही सलामत बरामद कर दोनों बच्चों को थाना परिसर में ही परिजनों को सुपूर्द कर दिया गया। इधर जोबांग थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार के तत्परता से लापता बच्चों का सुरक्षित घर वापस आने से परिवार वालों के अलावा क्षेत्र के लोग जोबांग थाना पुलिस की बढ़ चढ़कर सराहना कर रहे हैं।

आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टर जब्त

कुडू/लोहरदग्गा। कुडू पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टरों को पकड़ा है जो बालू निकासी में संलग्न थे। इससे ट्रैक्टर संचालकों में अफरातफरी मच गया है। बालू को लेकर चौतरफा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रैक्टर संचालकों के समक्ष सबसे बड़ी परेशानी बैंकों का किश्त जमा करना, इस व्यवसाय जुड़े श्रमिकों के भरण पोषण की चिंता करना, अपने परिवार के भरण पोषण की व्यवस्था करना। दुसरी ओर प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों के समक्ष बालू के अभाव में कार्य बाधित है। प्रशासन उन्हें अलग से नोटिस पर नोटिस दिये जा रहा है। यानि आगे कुंआ पीछे खाई है। ऐसी कारवाइयों से बालू का कृत्रिम अभाव पैदा होता है एवं कालाबाजारी को हवा मिलता है। राज्य सरकार इस मामले में किंकर्तव्यविमूढ़ है। 15 जून के बाद ऐसे भी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा बालू निष्कासन पर रोक लग जाएगा। बालू के अभाव में विकास कार्य भी प्रभावित होने की संभावना है। प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थी ने कहा कि जो स्थिति है आधा राशि तो बालू के व्यवस्था में हीं खर्च हो जायेगा। छड़, ब्रिक्स, सीमेंट, मिस्त्री एवं श्रमिकों बाकी राशि में संभव है। साधन संपन्न लोगों को उतना असर नहीं पड़ता है जितना आम गरीबों को। सरकार को इस मामले में संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए। अन्यथा इससे अव्यवस्था हीं पैदा होगी।

मनोकामना मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम कलश यात्रा के साथ शुरू

सिठियो नदी से कलश में भरा जल, आठ किमी पैदल यात्रा की

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। स्थानीय बीआईडी रियाडा मोड़ स्थित मनोकामना मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमित शनिवार की सुबह कलश यात्रा निकाली गयी। मंदिर परिसर से सैकड़ों महिला एवं पुरूषों ने सिठियो नदी तट में पहुचे। आचार्य दिवाकर पाठक के द्वारा पुजन के पश्चात सभी ने जल भरकर कलश में भरा और यही से कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा सीठीयो नदी से शुरू हुई। कलश यात्रा में शामिल युवती महिलाएं लगभग 08 किलोमीटर पैदल चल कर जय माता दी के जयकारा लगाते हुए मनोकामना मंदिर प्रांगण स्थित यज्ञ मंडप तक पहुंचे। महिला और छोटी छोटी बच्ची में गजब का उत्साह देखते बन रहा था। कलश यात्रा में शामिल भक्तजन जय माता दी, जय श्री राम, बजरंग बली की जय आदि देवी देवताओं के जयकारे लगा रहे थे। तत्पश्चात आचार्य एवं सहयोगियों द्वारा द्वार पुजन के पश्चात मंडप प्रवेश कराया गया। कलश यात्रा में शामिल भक्त जनों का ललीत नारायण स्टेडियम, बरवा टोली एवं रिलाइंस पेट्रोल पंप के पास पुष्प वर्षा एवं ठंडा जल देकर भव्य स्वागत किया गया।

राजभवन घेराव 13 मार्च को, बड़ी संख्या में जायेंगे कांग्रेसी

अडाणी पर मोदी की मेहरबानी से डूबेगा देश : बेलस तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में जिला अध्यक्ष सुखेर भगत के अध्यक्षता में आयोजित हुई इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस सचिव लोहरदगा विधानसभा के प्रभारी बेलस तिर्की विशेष रूप से उपस्थित हुए बैठक में 13 मार्च 2023 को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित राजभवन घेराव कार्यक्रम की सफलता को लेकर कार्यकर्ताओं से आवश्यक विचार विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि लोहरदगा जिला से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी राजभवन घेराव कार्यक्रम में शामिल होंगे। मौके पर विधानसभा प्रभारी बेलस तिर्की ने कहा कि भाजपा और मोदी सरकार अपने पूंजीपति मित्र अडाणी के पक्ष में घोर पूंजीवादी नीति अपना रही है। वर्तमान समय में देश गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। ऐसे समय में भाजपा और मोदी सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी समूह को बेच रही है। एसबीआई और एलआईसी जैसे सार्वजनिक संस्थानों को हजारों करोड़ राशि निवेश करने के लिए मजबूर कर रही है। जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के करोड़ों लोंगों की बचत जोखिम में है। हिंडेनबर्ग की जांच रिपोर्ट में मोदी के पूंजीपति दोस्त अदानी ग्रुप को फर्जी करार देने के पश्चात राहुल गांधी एवं कांग्रेसियों के द्वारा संसद से लेकर सड़क तक संयुक्त संसदीय जांच समिति की मांग किया गया है। कहा कि मोदी जी जिस तरह से देश की सार्वजनिक उपक्रमों को गौतम अडानी को सौंपने पर आमादा होना खतरनाक है देश धीरे-धीरे आर्थिक गुलामी की ओर जा रहा है। देश में महंगाई चरम पर है।

परेशानी का सबब बनी एनएच पर बनी अधूरा नाली

कुडू/लोहरदगा। एनएच 143ए पर अर्धनिर्मित नाली परेशानी का सबब बना हुआ है। इन गड्ढों में प्रायः छोटी मोटी घटनाएं होती रहती है। गौरतलब है कि संवेदक भी मनमानी पूर्ण कार्य करके छोड़ चुका है। कहीं नाली में ढक्कन नहीं है जो दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। इस संदर्भ में राष्ट्रीय उच्च पथ एवं राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद भारत सरकार के सदस्य रविंद्र तिवारी ने कहा कि इसमें न तो स्थानीय प्रशासन, न हीं जनप्रतिनिधियों में कार्य के प्रगति के प्रति उत्साह दिखाई दे रहा है। आपके क्षेत्र में राष्ट्रीय उच्च पथ का निर्माण हो रहा है। सड़क निर्माण की प्रक्रिया में स्थानीय लोगों की भागीदारी आवश्यक है। जिसमें सड़क निर्माण के मानक के अनुसार एनएच को सर्वसुलभ ढंग से भूमि उपलब्ध करवाना स्थानीय प्रशासन की जबाबदेही है। मिलजुल कर उत्पन्न हो रही समस्याओं का निराकरण किया जाय। यह कार्य स्थानीय प्रशासन का है। ताकि भविष्य में सड़क निर्माण कार्य निर्बाध गति से हो। इंदिरा गांधी चौक से लेकर मस्जिद मोड़ कुडू तक सड़क काफी संकीर्ण है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में जिस उद्देश्य से सड़क बन रहा है उसमें दुर्घटना की संभावना अधिक है। पैदल, साइकिल, मोटर साइकिल एवं रिक्शा के लिए कोई जगह नहीं है। दुसरी तरफ व्यापारियों को ट्रकों को सड़क पर हीं खड़ा करके समानों उतारना या चढ़ाना पड़ता है। इससे जाम की स्थिति बनती है।

महिला दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। जिला मुख्यालय के समीप प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को बीडीओ, जिप अध्यक्ष पूनम देवी जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जहां पर मुखिया उप मुखिया पंचायत समिति वार्ड सदस्य समेत सैकड़ों की संख्या में महिला मौजूद थे इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए जीप अधयक्ष पूनम देवी ने कहा कि हम लोगों को एकजुट होने की जरूरत है। ताकि आने वाले किसी भी मुस्किल को एक साथ मिल कर इसका सामना कर सके। आगे उन्होंने कहा कि आज की महिला पहले की महिलाएं जैसा नहीं है पहले की महिलाएं के साथ अत्याचार होने के बावजूद भी वे महिला घर परिवार को देख और अपनी गम को मारकर चुपचाप रहने का काम करती रही है चाहे वह अत्याचार उसके पति के द्वारा किया गया हो चाहे वह सास के द्वारा हो या समाज के द्वारा उन अत्याचारों को सहकर वे चुपचाप रहने का काम करती थी। मगर आज की महिला किसी भी काम में पीछे नहीं है। हर परेशानी को डटकर सामना करती है। अपने हक के लिए आवाज उठाने का भी काम कर रही है। वही जालिम पंचायत के मुखिया अनिता देवी ने कहा कि भारत का यह पहला इतिहास है।

सेरेगड़ा की जर्जर सड़क से लोग हैं परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता

बालूमाथ। बालूमाथ से सेरेगड़ा तक जाने वाली जर्जर सड़क के कारण लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मगर इसकी मरम्मत की ओर विभाग का ध्यान नहीं है। सड़क के जर्जर हो जाने से स्थानीय लोगों को पैदल चलने में भी परेशानी हो रही है। इन सड़कों पर मोटरसाईकिल चलाना दुर्घटना को आमंत्रण करना है। ग्रामीण सह सुरेश साहु, ज्ञाणी पांडेय, पिंटु कुमार, पंकज सिन्हा, समाजसेवी रामनाथ सिंह, सत्येन्द्र पांडेय, बिहारी यादव, साहु, संजय यादव, मुकेश ठाकुर, मो फिरोज, बमभोला साहु, विरेन्द्र गुप्ता, ने बताया है कि बालूमाथ थाना चौक से कस्तुरबा गांधी स्कूल, होता हुआ रेलवे ब्रिज तक इस जर्जर सड़क को नया पीसीसी या आरसीसी सड़क बनाने की जरूरत है। जबकि जर्जर सड़कों की मरम्मत जल्द करने की आवश्यकता है। कभी भी इस सड़क पर बड़ी दुर्घटना होने से इंकार नही किया जा सकता है। इतना ही नहीं बरसात के दिनों में सड़क कीचड़ में तब्दील हो जायेगा। सड़क के अभाव में ग्रामीणों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामिणों ने बताया कि कई बार पदाधिकारी विधायक को समस्या से अवगत कराया गया है। मगर जर्जर सड़कों की मरम्मत की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। ऐसे मे इस सड़क को लेकर बड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है। वहीं बालूमाथ के ग्रामीणों ने लातेहार डीसी भोर सिंह यादव का इस सड़क की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुऐ अविलंब सड़क को बनवाने की मांग किया है।

कैरो मुख्यालय पर डोल मेला तांड़ में पारंपरिक डोल मेला का आयोजन आज

कैरो (लोहरदगा)। प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो मुख्यालय पर डोल मेला तांड़ में पारंपरिक डोल मेला का आज 12 मार्च रविवार को होगा आयोजन। उक्त मेले के संबंध मे कैरो निवासी मंटू साहू ने बताया कि लगभग 60 वर्ष से भी पुर्व कैरो के स्व. लाल राजेंद्र नाथ शाहदेव, स्व. माडु लल्लू, स्व. पकौड़ीलाल इत्यादि ने उक्त डोल मेला का आयोजन किया था। यह मेला होली के ठीक 05 वें दिन पंचमी को आयोजित होती है, मंटू साहू ने कहा कि पूर्वजो ने होली के अवसर पर जिस प्रकार पंचमी को गोकुल मे भगवान श्री कृष्ण एवं राधा की मूर्तियों को पालने में झुलाकर एवं राधा-कृष्ण के साथ गुलाल खेलने की प्रथा जो गोकुल में होती थी, उसी परम्परा को पूर्वजो ने कैरो मे भी शुरूआत किया था, जो इस अवसर पर धीरे धीरे यह मेला रुप ले लिया और तब से आज तक पंचमी को लगातार कैरो डोल मेला तांड़ मे राधाकृष्ण की मूर्तियों को पालने मे पूजापाठ करके रात्रि में मेला आयोजन की परंपरा वर्षो से चली आ रही है। वर्ष 2023 मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष विपिन सिंह, सचिव विनोद राम ने कहा कि इस वर्ष पारम्परिक डोल मेले मे रीद्न म्युज़िकल ग्रूप के रांची, गुमला, लोहरदगा के कलाकार महाबीर साहू, अंजलि देवी, धनेश जी, अनिता देवी इत्यादि कलाकारों के द्वारा मेले मे रातभर भक्ति संगीत से दर्शकों को निः शुल्क मनोरंजन करेंगे।

ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव ने किया दौरा

आदर्श ग्राम बदला की हकीकत से रूबरू हुए

आजाद सिपाही संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के आदर्श ग्राम बदला के मध्य विद्यालय प्रांगण में किसान ग्रामीण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव नवीन कुमार शाह ने ग्रामीणों से मुलाकात कर आदर्श ग्राम बदला की हकीकत से रुबरु हुए। ग्रामीणों से जानकारी लेते हुए पूछा की आदर्श ग्राम का मायने क्या होता है। वही ग्रामीणों ने कहा की कुछ अपने से सुविधा बहाल करें और कुछ सरकार द्वारा बुनियादी सुविधा बेहतर हो लेकीन गांव मे कोई सुविधा और विकास नही हो सका है। गांव में किसानो के खेत तक बिजली लगा खंभा है। लेकिन उसमें तार नही है, वही ट्रांसफार्मर खराब है। पंचायत क्षेत्र के अन्तर्गत चंदकोपा तक सड़क खराब है। तो व्यापारी नही आते है। बैंक के पास जल मीनार खराब है। हर घर नल जल योजना के माध्यम से घर तक पानी नही पहुंचता है। डॉ अजय शाहदेव द्वारा केन्द्रीय टीम के पास एक समस्या रखते हुए कहा गया। की भूमी का सर्वे जो किया गया है,उसपर जमीन किसी का तो नाम किसी का हो गया है। इस लिऐ मिनी सर्वे कराकर जमीन की समस्या को ठीक किया जाए। साथ ही बदला विद्यालय में शिक्षक की कमी के बारे बताया गया। इस के उपरान्त केंद्र सरकार के संयुक्त सचिव नवीन कुमार ने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा समस्या पर ध्यान देंने का निर्देश देते हुए कहा कि मैं हर बिंदु पर उपायुक्त से बात कर समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने किसानो को कहा की प्राकृतिक संसाधन से संबधित कम पूंजी वाले खेती करें लागत कम पर आय अधिक हो और अन्य किसानो को भी जोड़े। साथ ही ऑर्गेनिक खेती की शुरूवात करें इस को लेकर जागरुकता चलायें और इसकोबमिशन के रुप में लें। योजना तैयार करने से पहले प्लान बनायें। सुखा कचड़ा और गिला कचड़ा को अलग रख कर उससे खाद बनायें। उन्हनो किसी योजना से पंचायत के प्रत्येक घर में कचरा रखने के लिऐ बास्केट दें। विद्यालय में नियमित अभिवाहक शिक्षक के साथ बैठक कर आने वाली बातो पर अनुसरण करें। उन्हनो ने केन्द्र सरकार की योजना के बारे में भी जानकारी दिया। खाता सभी का होना चाहिए तभी सरकारी लाभ मिलेगा, डिजिटल को आगे बढ़ाना है।

जिला शिक्षा अधीक्षक ने उर्दू उच्च विद्यालय पहुंच कर जांच की

कैरो (लोहरदगा)। प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 11 मार्च शनिवार को जिले के जिला शिक्षा अधीक्षक दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर प्रखंड के गारडीह राजकीयकृत उत्क्रमीत उर्दु उच्च विद्यालय पहुंच कर किया विद्यालय संचालन का पड़ताल दिये शिक्षकों को आवश्यक सुझाव। उन्होंने विद्यालय संचालन सहित तमाम विदुओं पर सहज स्वभाव से वातालाप की। प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय संचालन से संबधित विभिन्न समस्याओं जैसे शिक्षकों उच्च विद्यालय होने के बावजूद एक भी शिक्षक नहीं है तकरीबन 60 बच्चे मैट्रिक का एग्जाम दे रहे हैं जिनकी भविष्य अधर होते जा रहा है जिसको लेकर शिक्षक की कमी को जल्द से जल्द पूर्ण करने का मांग किया शिक्षक द्वारा कहा पेयजल की कमी, आदि को ध्यानपूर्वक सुनीं। उम्मीदपूर्वक आश्वाशन भी दीं। विद्यालय में स्थित वाटर हार्वेस्टिंग, किचन, गार्डन, और अग्निभज्ञक की जानकारी लेते हुए कुछ सुझाव भी दिए।

बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं डुमरी प्रखंड के सिरसी गांव के ग्रामीण

मिशन बदलाव के कार्यकारी अध्यक्ष बिनोद साहू के नेतृत्व में बीडीओ के नाम ग्रामीणों ने सौंपा मांग पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। राज्य बने हुए हो गए 22 साल हो गये लेकिन झारखंड के डुमरी प्रखंड का सुदूरवर्ती सिरसी गांव में अब भी बुनियादी सुविधाओं का ग्रामीण इंतजार कर रहे हैं। झारखंड के अलग राज्य बने दशक से अधिक वक्त बीत गये लेकिन गांव की न तो तस्वीर बदली और न ही यहां बसे लोगों की तकदीर। अभी भी लोग पीने के पानी के लिये तरस रहे हैं और प्रशासन और जनप्रतिनिधि आराम की नींद सो रहे हैं। ये नजारा जब मिशन बदलाव ग्रामीण कार्यकारी अध्यक्ष बिनोद साहू की अगुवाई में विभिन्न गांव का दौरा किया और गांवों की हकीकत एवं सच्चाई से अवगत हुए। बिनोद साहू को ग्रमीणों ने बताया कि आज हम सभी ग्रमीणों को पानी की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और चुआं का पानी पीकर जी रहे हैं। बरसात में तो और भी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। सरकार के द्वारा गांवों में बहुत सारी सुविधायें दी जाती हैं लेकिन हमें आज तक कुछ नहीं मिला है। ग्रामीणों का सुविधाएं मिलना सपना ही रह गया, हकीकत में तब्दील नहीं हो सका है। हमलोग आज भी शुद्ध जल पीने को तरस रहे हैं।

नूगा बेस्ट कंपनी गुमला की द्वितीय वर्षगांठ मनायी गयी

गुमला (आजाद सिपाही)। नूगा बेस्ट गुमला की द्वितीय वर्षगांठ शनिवार को नूगा बेस्ट गुमला शाखा में गुमला वासियों के द्वारा मनायी गयी। इस महोत्सव में नूगा बेस्ट झारखंड के एरिया मैनेजर महेश गोप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इसमें नूगा बेस्ट गुमला के द्वारा महेश गोप का भव्य स्वागत किया गया। महेश गोप ने लोगों को धन्यवाद दिया और कहा कि इस आधुनिक काल में जैसी जीवनशैली है ऐसे में सेहत को ठीक करना एवं ठीक रख पाना मुश्किल है। इसके लिए साउथ कोरिया की कंपनी ने सेहत को बेहतर करने एवं रखने के लिए ऐसी उत्पाद बनायी है जो प्राकृतिक रूप से शरीर को फायदा पहुंचाती है। जो रीढ़ को बेहतर रखने में सहायक है और खून के संचार को बेहतर करने में मददगार है, जिससे शरीर के हर एक अंग अच्छे से काम कर पाएंगे। इससे हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा और लम्बी उम्र जी सकते हैं। नूगा बेस्ट कंपनी पूरे विश्व में 115 देशों में काम कर रही है। पूरे भारत में 300 से भी ज्यादा शाखाएं चला रही हैं। जिससे लोगों को स्वस्थ रहने के लिए एक बेहतर विकल्प मिले हैं। लोग नूगा बेस्ट कंपनी की उत्पाद का फायदा उठा रहे हैं। लोगों ने नूगा बेस्ट के उत्पाद की बहुत तारीफ की। लोगों का कहना है कि यहां हर तरह की बीमारियों में जबरदस्त फायदा मिल रहा है। जिसमें शुगर, बीपी, थायरायड, मोटापा, लकवा, साइटिका, गठिया, कमर दर्द, घुटना दर्द, हार्ट संबंधी बीमारी, माइग्रेन, गैस की बीमारी, स्त्री रोग तथा अन्य बहुत सारी बीमारियों में बेहतर परिणाम मिल रहा है। इस कार्यक्रम में 200 से भी ज्यादा लोग शामिल हुए। जिसमें झारखंड के एरिया मैनेजर महेश गोप, संचालक सोनू कुमार, अजय, मीरा, ज्योति, निमंती, असरित, पंकज गुप्ता, नीरज गुप्ता, सुरेश सिंह, लक्ष्मी बड़ाइक, कैलाश राम, आशा नाग, चीरन टोप्पो, शान्ति मिंज, काइतरीना केरकेट्टा और अन्य शामिल थे।

महिलाओं के हक एवं अत्याचार के विरुद्ध झानद महिला मंडल का धरना 15 को

गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड नवनिर्माण दल से जुड़ी महिला मंडल सहयोग संचालन समिति, गुमला द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने व हक के लिए 15 मार्च 2023 को जिला मुख्यालय गुमला में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। विदित हो कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को होली होने के कारण कोई कार्यक्रम तो महिला मंडल सहयोग संचालन समिति द्वारा नहीं किया गया लेकिन राज्य के मुख्यमंत्री को महिला हित से जुड़ी तीन सूत्रीय मांग-पत्र भेजते हुए नारी जागरूकता अभियान झारखंड में शुरू किया गया है, जिसके तहत जिला मुख्यालयों में महिला मंडल द्वारा कार्यक्रम कर महिला सशक्तिकरण के नाम पर मची लूट का भंडाफोड़ करते हुए महिलाओं की स्थिति में बदलाव हो इसके लिए इन मांगों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। धरना कार्यक्रम में महिला व स्कूली बच्चियों की इज्जत व जान की रक्षा की गारंटी तथा महिला मंडल को लोन में फंसा कर राज्य में चल रही सूदखोरी को रोकने, राज्य में स्पष्ट महिला नीति बनाने, राज्य में गठित सभी महिला मंडल को सरकारी मान्यता देने, महिला सशक्तिकरण के नाम पर मची लूट तथा महिला हित की योजनाओं में जे.एस.एल.पी.एस व प्रदान जैसी संस्था द्वारा की जा रही गड़बड़ी की जांचोपरांत विधि सम्मत कार्रवाई करने सहित कई मांगें उठायी जायेंगी। उक्त जानकारी जेएनडी की केंद्रीय सदस्य सह प्रभारी महिला मंडल सहयोग संचालन समिति, गुमला की पुष्पा उरांव ने दी है।

बैठक : जिला समन्वय समिति की बैठक में जिले भर से संबंधित अंतरविभागीय विषयों की हुई समीक्षा

जिले के सभी पदाधिकारी बेहतर समन्वय के साथ करें काम : डीसी

उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मार्च महीना में किसी भी पदाधिकारी की अकर्मण्यता से राशि प्रत्यर्पण नहीं होना चाहिए

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक में जिले के सभी विभागों के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिले के सभी विभागों के पदाधिकारी और कर्मचारी दूसरे विभागों के साथ बेहतर आपसी समन्वय बनाकर जिले के समग्र विकास में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। बैठक में समाज कल्याण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, नगरपरिषद, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग सहित कई विभागों की अद्यतन प्रगति पर भी समीक्षा हुई।

उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि यह मार्च का महीना है इसलिए सभी पदाधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी पदाधिकारी की अकर्मण्यता से राशि प्रत्यर्पण नहीं होना चाहिए।

उन्होंने वन समितियों को समृद्ध करने, बसिया में भू-अर्जन के एक कैंप कार्यालय खोलने, राजस्व तहसील भवनों में पेंटिंग आदि करते हुए उन्हें नियमित रूप से क्रियाशील रखने, धान अधिप्राप्ति हेतु लाइसेंस प्राप्त लैंप्स के संचालन में नजर रखने, सभी विभागों में कैशबुक संधारण को अद्यतन रखने, शिक्षा व्यवस्था को अधिक व्यावहारिक बनाने हेतु नवाचारी उपाय अपनाने, पशुओं का शत प्रतिशत टीकाकरण करवाने, पीएम किसान योजना में ई-केवाईसी की गति बढ़ाने, संस्थागत प्रसव तथा नियमित टीकाकरण प्रतिशतता में अपेक्षित सुधार लाने, ममता वाहनों का संचालन दुरुस्त रखने, पंचायत भवनों में भारत-नेट की कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने, पंचायतों में ज्ञान केंद्रों के संचालन एवं रखरखाव हेतु गाइडलाइन का अनुपालन करने, आगामी 1 अप्रैल से मतदाता पुनरीक्षण कार्यों से संबंधित अभियान चलाने जैसे कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये।

उन्होंने सभी कार्यकारी एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे आवश्यक समन्वय हेतु बीडीओ-सीओ के संपर्क में रहें तथा योजनाओं की जानकारी बीडीओ सीओ को भी समय-समय पर देते रहें ताकि प्रखंड स्तर पर भी योजनाओं का अनुश्रवण तथा निगरानी अच्छे तरीके से होती रहे

बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सहित जिले के तमाम पदाधिकारी गण मौजूद थे।

पुलिस क्लब गुमला में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

कार्यक्रम में वर्तमान सामाजिक परिवेश में महिलाओं की भूमिका एवं उनके अधिकार सहित विभिन्न विषयों पर की गयी परिचर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। पुलिस अधीक्षक गुमला के आदेशानुसार शनिवार को पुलिस क्लब गुमला में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गुमला पुलिस द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुमला मनीष चंद्र लाल एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर पुलिस निरीक्षक गुमला अंचल मनोज कुमार, अधिवक्ता इंदु पांडे, स्कूल की शिक्षिकाएं, कॉलेज के प्रोफेसर, एनजीओ के सदस्य आदि उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त महिला थाना प्रभारी सुमन कुमारी, अहतु थाना प्रभारी आकाश पांडे, एससी-एसटी थाना प्रभारी रवि होनहागा, पुअनि खुशबू वर्मा, पुअनि मो. मोबीन, सअनि गनौरी प्रसाद एवं अन्य पुलिस अफसर एवं कर्मी, एसएस हाई स्कूल की छात्राएं एवं कार्तिक उरांव कॉलेज की छात्राएं मौजूद थीं।

कार्यक्रम में वर्तमान सामाजिक परिवेश में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकार, उनको दी जाने वाली सुविधाएं, दहेज, महिला प्रताड़ना, शिक्षा, भादवि की धाराएं अन्य विभिन्न क्षेत्र में उनकी भूमिका आदि विषयों पर परिचर्चा की गई।

भाजपा नेता कृष्णा उरांव के निधन पर शोक व्यक्त

गुमला जिला भाजपा के सभी प्रकोष्ठ के नेताओं ने उनके निधन को पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताया

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। भाजपा गुमला जिला संगठन में आरंभिक काल से जुड़कर पार्टी को सर्वस्व देने वाले पार्टी के वरिष्ठ नेता घाघरा मंडल के पूर्व अध्यक्ष वर्तमान में पार्टी जिला कार्यसमिति के सदस्य कृष्णा उरांव के निधन पर भाजपा गुमला में शोक की लहर व्याप्त है। सभी प्रकोष्ठ के नेताओं ने उन्हें भाजपा का कर्मठ कार्यकर्ता बतलाया। कहा उनका असमय चला जाना पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। पार्टी उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती है। शोक व्यक्त करने वालों में जिला अध्यक्ष अनूप चंद अधिकारी, सांसद सुदर्शन भगत, राजसभा सांसद समीर उरांव, महेश पोद्दार, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ दिनेश उरांव, डॉक्टर अरुण उरांव, पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, भिखारी भगत, मुनेश्वर साहू, भूपन साहू, शिव प्रसाद साहू, मंगल सिंह भोक्ता, बालमुकुंद महतो, प्रेम केशरी, पूर्व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश गोयल, सुबोध कुमार लाल, विजय कुमार मिश्रा, सविंदर सिंह, महामंत्री सत्यनारायण पटेल, मिशीर कुजूर, जिला उपाध्यक्ष लाल मोहन साहू, यशवंत सिंह, गायत्री देवी, संजय सिंह, प्रदीप प्रसाद, सुजीत नंदा, जगनारायण सिंह, जिला मंत्री संजय साहू, प्रतिमा देवी, गोरी किड़ो, कोषाध्यक्ष निर्मल गोयल, जिला मीडिया प्रभारी अरविंद मिश्रा, संतोष सिंह, मनीष सिंह लायन, बालकेश्वर सिंह, सौरभ पांडे, चित्तरंजन मिश्रा, संजय गुप्ता, राधेश्याम कुशवाहा, रविंद्र सिन्हा, किरणमाला बाड़ा, मो. मुख्तार आलम, दिनेश्वर प्रसाद, विनोद कुमार, गोपाल निधि, आफताब आलम लाडले, शिवदयाल गोप, संजय वर्मा, भोला चौधरी, संदीप प्रसाद, दामोदर कसेरा, कौशलेंद्र जमुआर, कुमार रवि, विपिन बिहारी सिंह, राम अवध साहू, निरंजन सिंह, अवधेश प्रताप शाहदेव, विपिन सिंह, शक्ति साहू, अमरमणि उरांव, सुधीर नंद, कंचन लाल, सावित्री मेहता, राजकुमार दीनबंधु, हरिशंकर त्रिपाठी, देवदत्त भारती, हरिहर कुमार, अजीत कुमार, शम्भु सिंह, दिनेश सिंह, इन्द्रदेव साहू, कौशल साहू, राजेश सिंह, विकास सिंह आदि प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हैं।

महिला दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

बसिया (आजाद सिपाही)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रखंड सभागार में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा विधिक शिविर सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आंगनबाड़ी सेविकाओं के मध्य किया गया। शिविर में परिसंपत्तियों का वितरण, मुंह जूठी, गोद भराई, दिव्यांग साइकिल आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में स्थायी लोक अदालत के सदस्य शंभू सिंह, सुधीर कुमार पांडेय, सुपरवाइजर डेजी कुजूर, सलोमी कुजूर समेत प्रखंड एवं अंचल कर्मी उपस्थित थे।

घाघरा में ऊर्जा मेला आयोजित

घाघरा (आजाद सिपाही)। घाघरा मेन रोड में बैंक ऑफ इंडिया के समीप बिजली विभाग द्वारा ऊर्जा मेला का आयोजन शनिवार को 1 बजे किया गया। ऊर्जा मेला में 100 यूनिट फ्री बिजली योजना, निःशुल्क मीटर चेंज और कृषि के लिये सब्सिडी वाला कनेक्शन के बारे में जानता को जानकारी बिजली विभाग के जेई द्वारा दिया गया तथा बिजली संबंधी शिकायतों का ऑन स्पॉट निवारण किया गया। जिसमें बिल में गड़बड़ी संबंधी शिकायत-04, नोटिस के एवज में राजस्व संग्रहण 25, 655, बिजली आपूर्ति संबंधी शिकायत-06 और मीटर चेंज- 02 आवेदन भी प्राप्त हुआ। मौके पर सुनरदेव यादव, विश्वनाथ साहू, अमित उरांव, अवधेश साहू, किशुन उरांव सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

केंद्रीय सरहुल संचालन समिति की बैठक आज

गुमला (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सरहुल संचालन समिति गुमला की आवश्यक बैठक रविवार को उरांव सरना क्लब दुन्दुरिया में दोपहर 2 बजे से रखी गयी है।

कार्यक्रम : गोपाल साहू पब्लिक स्कूल में प्ले स्कूल का शुभारंभ सह वार्षिक उत्सव का आयोजन

विद्यालय क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने का कर रहा सराहनीय कार्य : एसडीपीओ

विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों को एक-एक पौधा देकर किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

घाघरा। घाघरा में गोपाल साहू पब्लिक स्कूल में प्ले स्कूल का शुभारंभ सह वार्षिक उत्सव का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, प्रखंड प्रमुख सविता देवी, उप प्रमुख शिवा देवी, विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव, समाजसेवी अनिरुद्ध चौबे, आशीष सोनी, मनोज साहू, विपिन बिहारी सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती और स्वर्गीय गोपाल साहू के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस क्रम में प्ले स्कूल रूम का अतिथि द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा कई सांस्कृतिक नृत्य गीत प्रस्तुत किए गए। साथ ही कई झांकी का भी आयोजन किया गया।

मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा का अलग जगाने का काम गोपाल साहू पब्लिक स्कूल द्वारा किया जा रहा है, जो काफी सराहनीय है। प्ले स्कूल खुलने से बच्चों को शुरू से ही अनुशासन और शिक्षा के महत्व की जानकारी मिल पाएगी। बच्चे बेहतर करें अभिभावक बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए आगे रहें।

वहीं प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि बच्चे अनुशासन में रहकर शिक्षा ग्रहण करें और अपना भविष्य संवारें। कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि स्व. गोपाल साहू महान विभूतियों में से एक थे। उन्होंने व्यवसायिक क्षेत्र के साथ-साथ समाज के लिए बहुत कुछ दिया है। उनके नाम से यह विद्यालय का शुभारंभ होना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव और विपिन बिहारी सिंह ने कहा कि प्ले स्कूल खुलने से बच्चों को एक बेहतर प्लेटफार्म मिलेगा और बच्चे पढ़ाई में अपनी रुचि दिखाएंगे। इससे पूर्व अतिथियों का पारंपरिक रीति रिवाज के साथ स्वागत करते हुए मंच तक लाया गया। साथ ही सभी को एक-एक पौधा देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में विद्यालय का डायरेक्टर नीरज कुमार साहू, समाजसेवी कृष्णा कुमार लोहरा, प्रमुख सविता देवी उप प्रमुख शिवा देवी, विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव, टाना भगत के पूर्व प्रचार विपिन बिहारी सिंह, मनोज साहू, जसवंत महतो, अविनाश गुप्ता टोनी, आजाद साहू, सुशीत गोस्वामी, राहुल कुमार, सूरज साहू, अमित ठाकुर, दीपक कुमार, नवीन साहू, भूसी साहू, अरुण कुमार, निखिल कुमार, बिपिन साहू, सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राएं व अभिभावक उपस्थित थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

बरवे उच्च विद्यालय में 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं को दी गयी विदाई

चैनपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के बरवे उच्च विद्यालय में दसवीं तथा बारहवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे विद्यालय परिवार के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विदाई समारोह में शामिल कुल दसवीं के 158 तथा बारहवीं के 52 छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया गया। मौके पर उपस्थित प्राचार्य फा. राजेन्द्र तिर्की ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी लगन और मेहनत ही परीक्षा में सफलता का कारण बनेगी। आप इसी तरह अपना भविष्य उज्जवल बनाएं और गांव तथा अपने स्कूल का नाम रोशन करें। आप हमेशा इमानदारी के साथ अपनी पढ़ाई को जारी रखें। सफलता निश्चित ही आपके कदम चूमेगी। छात्रों की ओर से लक्की केशरी ने नम स्वर में कहा कि आज खुशी एवं गम दोनों का अनुभव हो रहा है। दुख इसका है कि हम सभी विद्यार्थी आप सभी से बिछड़ रहे हैं और खुशी इस बात की है कि हम आगे की पढ़ाई के लिए रास्ता तैयार कर रहे हैं हम सभी जुदा होना तो नहीं चाहते लेकिन विधि का विधान ही यह है कि मिलन के बाद बिछड़ना आ ही जाता है। इधर विदाई समारोह में विद्यालय परिवार की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। विदाई समारोह में मुख्य रूप से फादर प्रधानाध्यापक उप अजीत कुमार एक्का, जोसेफ स्टीफन कुजूर, संजय कुमार कुजूर, सुजीत पप्पू, रंजू साहू, सूचित खलखो, मात्री एकता, खुशबू कुजूर, मनोज कुजूर, बिल्बर्ड बेक, सुलेमान किस्पोट्टा, संजू लकड़ा सहित पूरा विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

नव निर्मित हनुमान एवं शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा

भरनो (आजाद सिपाही)। भरनो प्रखंड के जिरहुल में शंकर सिंह की अगुवाई एवं जिरहुल ग्राम वासी के नेतृत्व में हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। इस कार्यक्रम में तीन दिवसीय अखंड कीर्तन एवं भंडारा का आयोजन किया जाना है। इस मौके पर पूर्व आईजी डॉ अरुण उरांव, शंकर सिंह, सोमरा सिंह, रमेश सिंह, दिलीप सिंह देवपाल, अर्जुन सिंह बिन्दे, संजय, अजित सिंह, बिपिन सिंह, पारस दुबे, फनीनाथ कर, संजीत गुप्ता, सुनील गुप्ता एवं जिरहुल, डुडिया, लालगंज, लापुंग, गोविंदपुर दतिया के हजारों श्रद्धालु इस कलश यात्रा में शामिल हुए।

अपराधियों ने एचडीएफसी के एटीएम को किया क्षतिग्रस्त, लोगों की बढ़ी परेशानी

घाघरा (आजाद सिपाही)। थाना से महज 200 मीटर की दूरी पर एचडीएफसी के एटीएम को क्षतिग्रस्त कर कर दिया है। वहीं एटीएम में रखे रुपया में से क्षतिग्रस्त होने के बाद जब बैंक के अधिकारियों ने पैसे को मिलाया तो उस एटीएम में 10,000 की राशि कम मिली। जिससे यह अंदेशा लगाया जा रहा है कि अपराधियों के द्वारा दस हजार रुपये ही एटीएम से निकाला जा सका। जानकारी के अनुसार घाघरा थाना से महज 200 मीटर की दूरी में स्थित हरिवंश कॉम्प्लेक्स में एचडीएफसी का एटीएम को अज्ञात अपराधियों के द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया और वहां से रुपए निकाला गया। घटना की जानकारी तब हुई जब दूसरे दिन सुबह में ग्राहक एटीएम में पैसा निकालने गए तो देखा कि एटीएम क्षतिग्रस्त है। जिसके बाद इसकी सूचना हरिवंश कांप्लेक्स के मालिक दीपक कुमार गुप्ता को दी गयी। दीपक कुमार गुप्ता ने संबंधित बैंक के अधिकारियों को इसकी सूचना पहुंचायी और स्थानीय पुलिस को भी सूचना दी गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी भी घटनास्थल में जाकर घटना का निरीक्षण किये। वही बैंक कर्मियों के द्वारा अभी एटीएम मशीन को बंद कर दिया गया है और एटीएम से लेनदेन पूरी तरह से बंद है। अधिकारियों से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जब तक वरीय अधिकारियों का निर्देश प्राप्त नहीं होगा तब तक एटीएम बंद रहेगा। एचडीएफसी एटीएम में अपराधियों के द्वारा छेड़छाड़ और क्षतिग्रस्त करने के बाद से इलाके के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इलाके में मात्र एक राष्ट्रीय कृत बैंक बैंक ऑफ इंडिया है जहां पर लाखों लोगों का खाता संचालित होता है जिसमें लेनदेन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। भीड़ की वजह से कई बार ग्राहकों की जान तक चली गई है। वहीं एटीएम बंद होने से लेनदेन को लेकर इलाके के लोग परेशान हैं।

जिले के मजदूरों के लिए झानद की ओर से आज होगी कार्यक्रम की घोषणा

गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा मजदूरों के लिए बीते 28 फरवरी 2023 को रांची के राजभवन के समक्ष संपन्न महापंचायत कार्यक्रम में मजदूरों के शोषण के विरुद्ध कार्यक्रम बनाया गया है। जिसके तहत गुमला जिला के मजदूरों के लिए 12 मार्च 2023 को आगामी कार्यक्रमों की घोषणा की जाएगी। मजदूरों का शोषण जिले में चरम पर है। जिला प्रशासन की नाक के नीचे जिला मुख्यालय में भवन इत्यादि विकास कार्यों में लगे मजदूरों को भी सरकार द्वारा तय 334 रुपया न्यूनतम मजदूरी नहीं मिल पा रही है और जिला के अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। यहां के सांसद और विधायक तो यह मानकर चलते हैं कि मजदूर किसान के लिए कुछ भी नहीं करेंगे, तो भी हम ही चुनाव जीतेंगे। सैकड़ों मजदूरों की पलायन कर दुर्घटना और बीमारी के कारण बाहर के प्रदेशों में मौत हो रही है, जिसका आंकड़ा तक प्रशासन के पास नहीं है। लगातार अखबारों में खबर छपने के बावजूद ना तो सरकार व प्रशासन और ना ही चुने हुए जनप्रतिनिधि को इसकी चिंता है। गुमला जिला तो पिछड़ा है, लोगों में भी जागरूकता की कमी है। लेकिन यहां के जनप्रतिनिधि भी जैसी प्रजा वैसा ही राजा वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं। झारखंड नवनिर्माण दल का मजदूर यूनियन इसे बर्दाश्त नहीं करेगा और मजदूरों का शोषण पर चुप नहीं बैठेगा। उक्त जानकारी झानद मजदूर यूनियन, गुमला जिला प्रभारी शंकर उरांव ने दी है।

महिला कल्याण समिति ने टेलीकॉम उपभोक्ताओं को किया जागरूक

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। महिला कल्याण समिति ढोरी, बोकारो की ओर से ट्राई भारत सरकार के सौजन्य से हरिहरगंज सीता प्लस टू हाई स्कूल में शनिवार को छात्र-छात्राओं के बीच टेलीकॉम उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षक डॉ अजय प्रसाद राय, डॉ नागदेव यादव, संयोजक श्याम कुंवर भारती, सहसंयोजक सह शिक्षिका किरण कुमारी मेहता, मीडिया प्रभारी अरविंद कुमार, मीडिया संयोजक दिवाकर कुमार मेहता ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम में लगभग 100 छात्र-छात्राएं शामिल हुईं। महिला कल्याण समिति संस्था के महासचिव श्याम कुंवर भारती ने बताया कि सोशल मीडिया का उपयोग, दुरुपयोग से सावधानियां, साइबर फ्रोडिंग से बचाव, सोशल मीडिया के माध्यम से शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में कितना लाभ उठा सकते हैं। इन सारे बिंदुओं पर विस्तार से बताया गया। वहीं महिला कल्याण समिति का सराहना करते हुए शिक्षक डॉ राजकुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे कार्यक्रमों की अत्यंत आवश्यकता है। ग्रामीणों को भी टेलीकॉम सेवाओ की जानकारियों के बारे में जागरूक कराने की जरुरत है। जबकि दिवाकर कुमार मेहता ने बच्चों से कहा कि आज पूरा विश्व मोबाइल के माध्यम से हमारी मुट्ठी में है। काफी सरलता और सुविधा भी है, मगर उतना ही खतरा और जाल-साजी भी हमें हमेशा सतर्क रहने की जरुरत है। इस दौरान संस्था के संयोजक सह शिक्षिका किरण कुमारी मेहता, शिक्षक अजय प्रसाद राय, विकास चंद्रा, ऋषिकेश, जोगेंद्र राम, नीरज सिंह, बसंत कुमार मेहता, उदय कुमार गुप्ता आदि शामिल थे।

कार्रवाई : डीसी के निर्देश पर 116 पीडीएस दुकानों की हुई जांच

36 डीलरों को शोकॉज

हुसैनाबाद व पांकी में एक-एक डीलर को किया गया निलंबित

जांच के दौरान बंद मिली थी 22 दुकानें

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे के निर्देश पर शुक्रवार को पूरे पलामू में 21 पदाधिकारियों व तीनों एसडीओ द्वारा जिले में 116 पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया था। डीसी के स्तर से गठित टीम में प्रत्येक पदाधिकारियों को प्रति प्रखंड पांच पीडीएस दुकानों के सघन जांच के आदेश दिये गये थे। अधिकारियों ने जांच के क्रम में दुकानों में विगत वितरण की स्थिति, ऑनलाइन वितरण की स्थिति, विगत माह में आवंटित अनाज, वर्तमान माह में आवंटित अनाज, दुकान पर सूचना पट्ट अंकित है या नहीं, सभी पंजियां अद्यतन है कि नहीं आदि की जांच की गयी थी। जिसमें घोर लापरवाही की पुष्टि के बाद दो डीलरों का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। साथ ही 36 डीलरों को शोकॉज (कारण बताओ नोटिश) दिया गया है। संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर इन सभी डीलरों का लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की जायेगी। डीएसओ प्रीति किस्कू ने बताया कि जिन 36 डीलरों को स्पष्टीकरण मांगा गया है उनमें जांच के दौरान 22 दुकानें बंद पायी गयी थी। जबकि 14 दुकानों में भौतिक सत्यापन के क्रम में भंडारित खाद्यान्न की मात्रा स्टॉक में कम पाया गया था।

पदाधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश देते पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे।

गड़बड़ी करने वाले राशन डीलर कार्रवाई के लिए रहें तैयार : डीसी

डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने जिले के सभी पीडीएस डीलरों से नियमित रूप से राशन वितरण करने अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहने की बात कही है।उन्होंने कहा कि राशन की कालाबाजारी करते,या अंगूठा लगाने के बावजूद राशन वितरण नहीं करने की शिकायत पर संबंधित डीलर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया जाएगा।

शांति व कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर प्रशासन संकल्पित: एसडीओ

मैट्रिक परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर एसडीओ ने परीक्षा केंद्रों पर जारी की निषेधाज्ञा

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। जैक की ओर से आयोजित मैट्रिक व इंटर परीक्षा को शांति और कदाचार मुक्त संचालन को लेकर एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 लागू कर दी है। एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने बताया कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल की 14 मार्च से शुरू हो रही मैट्रिक व इंटर की वार्षिक परीक्षा-2023 को शांतिपूर्ण निष्पादित करने के लिये विधि व्यवस्था को लेकर लागू किया गया है। अनुमंडल क्षेत्र के हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज के 13 परीक्षा केंद्रों की 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा में कदाचार रोकने व सुरक्षा को लेकर निषेधाज्ञा लागू की गयी। इसके तहत अभिभावक या किसी अन्य को इस परिधि में प्रवेश वर्जित होगा। वहीं पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के मजमा नहीं लगाने, परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं करने का निर्देश दिया गया है। इसके शत प्रतिशत अनुपालन के लिए तीनों प्रखंडों के संबंधित पदाधिकारियो को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए हुसैनाबाद में आरके बक्शी उवि, शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज, आरके बालिका प्लस 2 उवि, मध्य विद्यालय हुसैनाबाद, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, उर्दू मध्य विद्यालय, आरके हार्वे सोनभैली उवि, स्तरोन्नत उवि कामगार पुर, हैदरनगर के आरके प्लस 2 उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय, प्रस्तावित बालिका उवि, मध्य विद्यालय, हैदरनगर बाजार, मोहम्मदगंज के स्तरोन्नत उवि को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

जानकारी देते एसडीओ कमलेश्वर नारायण।

पलामू के 12 मान्यता प्राप्त विद्यालयों में 25 फीसदी सीटों पर गरीबी रेखा से नीचे बसर करनेवाले बच्चों का लिया जायेगा नामांकन: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू डीसी सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में शनिवार को निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत प्रवेश कक्षा में 25 फीसदी नामांकन को लेकर जिला शिक्षा समिति की बैठक हुई। जिसमें वित्तीय वर्ष 2024 में पलामू अंतर्गत मान्यता प्राप्त 12 निजी विद्यालयों में निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत प्रवेश कक्षा में नामांकन 25 फीसदी सीटों पर अभीवंचित समूह, कमजोर वर्ग एवं गरीबी रेखा से नीचे बसर करने वाले परिवारों के बच्चों का नामांकन किया जाएगा।

डीसी ने कहा कि 72 हजार रुपए से कम वार्षिक आय वाले परिवार के बच्चों का नामांकन पलामू अंतर्गत मान्यता प्राप्त 12 निजी विद्यालयों में लिया जाएगा। डीसी ने बच्चों के नामांकन के लिए विज्ञापन प्रकाशित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक पलामू सहित विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

ऊर्जा मेला में बिजली बचाने की अपील

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड की ओर से हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के समीप नव निर्मित पावर सब स्टेशन परिसर में शनिवार को ऊर्जा मेला आयोजित किया। जिसमें उपभोक्ताओं के विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया। इसमें बिजली एसडीओ संजय कुमार, कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह आदि मौजूद थे। काफी संख्या में उपभोक्ता अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर मेला में पहुंचे और आवेदन दिया। 13 लोगों की समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट किया गया। बिजली विभाग के पदाधिकारियों ने सभी उपभोक्ताओं से समय पर बिजली का बिल जमा करने का आग्रह किया। कहा कि लोगों को सहूलियत देने के लिए उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। झारखंड सरकार द्वारा 100 यूनिट बिजली मुफ्त में दिया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल किश्त में जमा करने की सहूलियत भी दी गई है। क्षेत्र में बिजली से जुड़ी जितनी भी समस्या है उसे दूर करने का प्रयास हो रहा है। विद्युत विभाग से समन्वय बनाकर आगे भी छोटी-मोटी समस्याओं को दूर किया जायेगा। इस मौके पर मानव दिवस कर्मी जितेंद्र ठाकुर, राहुल कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

कच्चे मकान में लगी आग, एनडीआरएफ के जवान ने बचायी वृद्ध महिला की जान

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा जिंजरा गांव में शुक्रवार की रात करीब नौ बजे एक वृद्ध महिला सुघरमानी कुंवर के कच्चे मकान में अचानक आग लग गई। महिला के चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर पास पड़ोस के लोग मदद को दौड़े। गांव में छुट्टी पर आए एनडीआरएफ के जवान अतेंद्र कुमार मिश्रा व सीआरपीएफ के जवान सत्येन्द्र मिश्रा ने साहस दिखाते हुए दरवाजा तोड़कर आग की लपटों में घिरी वृद्ध महिला सुघरमनी कुंवर को घर से बाहर निकाल कर उसकी जान बचाई। घटना की सूचना मिलने पर रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक ग्रासिम इंडस्ट्रीज के दमकल गाड़ी और अग्निशमन विभाग के जवानों को लेकर पहुंचे। दमकल की टीम ने ग्रामीणों के साथ मिलकर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक सब कुछ जलाकर खाक हो चुका था। जानकारी के अनुसार जिंजरा गांव निवासी 85 वर्षीय सुघरमानी कुंवर अपने पुस्तैनी खपरैल घर में अकेली रहती थी। इसी बीच रात को आग की लपटें देखकर चिखते-खिलाते लोगों से बचाने की गुहार लगाने लगीं। शोर शराबा सुनकर ग्रामीण उनके घर के सामने जमा होने लगे। इसी बीच गांव के ही अतेंद्र कुमार मिश्रा नामक युवक जो एनडीआरएफ में पदस्थापित है, उसने साहस दिखाते हुए घर के मुख्य दरवाजे को तोड़कर अंदर प्रवेश करते हुए वृद्ध महिला को बाहर निकाला। इस कार्य में गांव के ही एक अन्य सीआरपीएफ जवान सत्येंद्र मिश्रा ने भी उसका भरपूर सहयोग किया। इधर घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक को दी। जो ग्रासिम इंडस्ट्रीज से दमकल गाड़ी व फायर ब्रिगेड टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहां सभी के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। बचाव कार्य में सुमित मिश्रा,अमित मिश्रा,राजेश मिश्रा, रोशन मिश्रा, केदार नाथ मिश्रा, विद्या नाथ मिश्रा सहित कई लोगों ने सराहनीय प्रयास किया।

महिलाओं को स्वच्छता में भागीदारी के लिए मुहिम चलाने का लिया गया निर्णय

हुसैनाबाद नपं कार्यालय में एसएचजी से जुड़ी महिलाओं की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। नगर पंचायत कार्यालय सभागार में तीन सप्ताह के स्वछता उत्सव के आयोजन के सफल आयोजन को लेकर शनिवार को एसएचजी की बैठक हुई। जिसमें महिलाओं को स्वच्छता में भागीदारी के लिए नगर पंचायत की ओर से मुहिम चलाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही खुद प्रत्येक वार्ड से स्वच्छता आइकन के लिए नामांकन किया जायगा। जिसमें पांच केटेगरी शामिल है। इसमें स्वयं सहायता समूह, माइक्रोइन्टरप्राइजेज, गैर सरकारी संगठन, स्टार्ट अप, व्यक्तिगत महिला लीडर एवं स्वच्छता चैंपियन अवार्ड विशेष थीम के लिए दिए जाएंगे। जैसे सामुदायिक, सार्वजनिक शौचालय का प्रबंधन, सैप्टिक टैंक सफाई, दूषित जल का ट्रीटमेंट, कूड़ा प्रबंधन, वेस्ट टू हेल्थ प्रोडक्ट, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, ट्रीटमेंट तकनीकी, नवाचार एवं प्रचार प्रसार प्रशिक्षण क्षमता निर्माण आदि को दुरुस्त करने के लिए बेहतर सुझाव दिए जाएंगे। जिसमें से पांच बेहतर सुझाव का चयन कर विभाग को भेजा जाएगा और विभाग की ओर से पूरे राज्य से प्राप्त सुझाव प्रत्येक थीम का तीन-तीन बेहतर सुझाव केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। इस अवसर पर नपं उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि स्वच्छता उत्सव वह है कि एक-दूसरे के अनुभव से सीख कर स्वच्छता जैसे विषय पर मिलकर काम करने के लिए प्रेरित हों। स्वच्छता यात्रा का समापन 30 मार्च को संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित जीरो वेस्ट अंतराष्ट्रीय दिवस पर किया जाएगा। 30 मार्च की नगर पंचायत द्वारा एवं स्वच्छता प्रशाल मार्च की निकाला जाएगा, स्वच्छ उत्सव 2023 के सफल आयोजन के लिए टीम गठन किया जा रहा है। बैठक में एसएचजी की महिलाओं के अलावे नगर पंचायत हुसैनाबाद के उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्धीकी, वार्ड पार्षद, नगर प्रबंधक एवं कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

बैठक में शामिल एसएचजी की महिलाएं।

शहर में मैसर्स ज्योति टैक्सटाइल का खुलना शुभ संकेत : आनंद शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। रांची की तर्ज पर शहर का पहला रेडीमेड गारमेंट का बड़ा होलसेल मैसर्स ज्योति टैक्सटाइल, जय भवानी संघ के खुला। जिसका शुभारंभ पलामू चेंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर एवं प्रतिष्ठान के संस्थापक बद्री सेठ उर्फ बद्री प्रसाद अग्रवाल व उनके पुत्र राजेश अग्रवाल, पुत्रवधू एवं परिवार के सभी सदस्यों ने संयुक्त रूप से किया। प्रतिष्ठान का उद्घाटन करते हुए आनंद शंकर ने कहा कि हमारे शहर में भी बड़े शहरों की तर्ज पर बड़े-बड़े मॉल खुल रहे हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के व्यवसायियों के लिए रांची और कोलकाता के दर पर होलसेल भी खोले जा रहे हैं जहां फैशन के साथ क्वालिटी की गारंटी दी जा रही है। यह खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि यह प्रतिष्ठान गत 50 वर्षों से शहर की सेवा करता आ रहा जो अब 5 तल्ले में ग्राहकों के लिए अत्याधुनिक सुविधा युक्त बनाया गया है। इस अवसर पर चेंबर के उपाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल, राकेश सोनी, राजहंस अग्रवाल, निलेश चंद्रा, रंजीत मिश्रा, भूपेंद्र सिंह होरा, सुनील गुप्ता, अरविंद अग्रवाल, मोहम्मद रियाजुल और काफी संख्या में लोग उपस्थित होकर हर्ष के साथ बधाई दी।

स्पोर्ट्स

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट मैच के तीसरे दिन टीम इंडिया ने तीन विकेट के नुकसान पर 289 रन बना लिए हैं। हालांकि उसे ऑस्ट्रेलिया के दिए लक्ष्य 480 के जवाब में अभी भी 191 रन बनाने है

14 महीने और 15 पारियों के बाद कोहली की फिफ्टी, गिल का साल का 5वां शतक

भारत पहली पारी में तीन विकेट पर 289 रन, गिल का शतक

एजेंसी

अहमदाबाद। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट में भारत ने मजबूत शुरूआत की है। टीम ने पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया के 480 रनों के जवाब में तीन विकेट पर 289 रन बना लिए हैं। हालांकि टीम अब भी 191 रनों से पीछे है, लेकिन फॉलोऑन बचा लिया है। मुकाबले के तीसरे दिन शनिवार का खेल समाप्त होने के बाद विराट कोहली 59 और रवींद्र जडेजा 16 रन पर नाबाद लौटे। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत ने 36/0 से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। शुभमन गिल (128 रन) ने शतक जमाया। उन्होंने इस साल का अपना 5वां इंटरनेशनल शतक बनाया है। वहीं, गिल ने कप्तान रोहित शर्मा (35 रन), पुजारा (42 रन) और कोहली तीनों के साथ अर्धशतकीय साझेदारियां की। गिल के आउट होने के बाद कोहली ने कमान संभाली और अर्धशतक जमाया। उनके बल्ले से 14 महीने और 15 पारियों के बाद अर्धशतक आया है। बतातें चलें कि इससे पहले कोहली ने 11 जनवरी 2022 को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फिफ्टी जमाई थी।

गिल का तीन महीने में 5वां इंटरनेशनल शतक

गिल ने इस साल 5वां अंतरराष्ट्रीय शतक जमाया है। यह उनके टेस्ट करियर का दूसरा शतक है

गिल-पुजारा के बीच 113 रन की साझेदारी

शतकवीर शुभमन गिल ने टॉप ऑर्डर पर तीन अर्धशतकीय साझेदारियां की। उन्होंने रोहित के साथ 126 बॉल पर 74 रन की ओपनिंग साझेदारी की। फिर 74 रन के टीम स्कोर पर कप्तान रोहित शर्मा के आउट होने के बाद खेलने गए चेतेश्वर पुजारा के साथ दूसरे विकेट के लिए 248 बॉल पर 113 रनों की अहम साझेदारी की। इस साझेदारी ने टीम इंडिया को पहले झटके से उबारा। पुजारा के आउट होने के बाद गिल ने कोहली के साथ मिलकर 58 रन जोड़े। यहां वे खुद नाथन लायन का शिकार बने।

रोहित शर्मा के 17 हजार इंटरनेशनल रन पूरे

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के इंटरनेशनल क्रिकेट में 17 हजार रन पूरे हो गए हैं। रोहित ऐसा करने वाले छठे भारतीय बल्लेबाज हैं। उनसे पहले, सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, राहुल द्रविड़, सौरव गांगुली, महेंद्र सिंह धोनी व वीरेंद्र सहवाग ऐसा कर चुके हैं।

मुंबई इंडियंस को दूसरा झटका, बुमराह के बाद आइपीएल से ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जाय रिचर्डसन भी हुए बाहर

एजेंसी

नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जाय रिचर्डसन भी इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) से चोट की वजह से बाहर हो गए हैं। रिचर्डसन को हैमस्ट्रिंग चोट की सर्जरी से उबरने में समय लगेगा, जिसके चलते वह पूरे आईपीएल में नहीं दिखेंगे। साथ ही उनके एशेज सीरीज से भी बाहर होने की पूरी संभावना है। रिचर्डसन को मुंबई ने 1.50 करोड़ रुपए में खरीदा था। मुंबई इंडियंस के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईपीएल 2023 से पहले ही बाहर हो गए थे। उन्हें भी बैक स्ट्रेस इंजरी की शिकायत थी। इसी वजह से वह आईपीएल का ये सीजन नहीं खेलेंगे।

बीबीएल में हुए थे चोटिल

रिचर्डसन को यह इंजरी बिग बैश लीग यानी (बीबीएम) के दौरान हुई थी। रिचर्डसन ने इसकी जानकारी ट्विटर के जरिए दी। रिचर्डसन ने अपने ऑफिशियल ट्विटर पर लिखा, चोट क्रिकेट का हिस्सा हैं, यह सच है, लेकिन निराशाजनक भी बिल्कुल! लेकिन अभी मैं ऐसी स्थिति में हूं कि जहां मैं वहां लौट सकता हूं, जिससे मैं प्यार करता हूं और पहले से बेहतर खिलाड़ी बनने के लिए और कड़ी मेहनत कर सकता हूं। एक कदम पीछे लेकिन दो कदम आगे। तो चलो करते हैं।

रिचर्डसन भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से भी बाहर

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जाय रिचर्डसन भारत के खिलाफ 17 मार्च से शुरू होने वाली तीन वनडे मैचों की सीरीज से बाहर हो गए है। उन्हें हैमस्ट्रिंग में चोट आई है। 26 साल के रिचर्डसन की जगह टीम में मीडियम फास्ट बॉलर नाथन एलिस को शामिल किया गया है। एलिस ने ऑस्ट्रेलिया के लिए तीन वनडे खेले हैं।

जननायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस का असम्मान बर्दाश्त नहीं: बेंगू ठाकुर

धनबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति की अहम बैठक शनिवार को हीरापुर स्थित बबलू सरकार के आवास पर संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता डोरा मंडल ने किया। इस अवसर पर समिति के संस्थापक बेंगू ठाकुर ने कहा कि विगत दिनों बीसीसीएल मुख्यालय गेस्ट हाउस के समीप धरोहर के रूप में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुराने व खराब अवस्था में रखे वाहन को सम्मान पूर्वक अच्छे से रख रखाव किए जाने। पूर्व सांसद स्वर्गीय एके राय की आदमकद मूर्ति को धनबाद शहर में किसी जगह स्थापित करने को लेकर विगत दिनों समिति का एक प्रतिनिधिमंडल बीसीसीएल सीएमडी समिरन दत्ता से मिला था। सीएमडी ने समिति के सदस्यों को आश्वासन दिया था कि नेताजी की गाड़ी को मरम्मत करके म्यूजियम में रखेंगे और दूसरी मांग पर भी सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया था। लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं की गई है। अगर जल्द ही कोई पहल नहीं की गई तो आगामी दिनों में आंदोलन किया जाएगा। बैठक में डोरा मंडल, बबलू सरकार, राणा चट्टराज, सुशोवन चक्रवर्ती, रघुनाथ राय, शिबू चक्रवर्ती, टोन बनर्जी, कलाम भट्टाचार्जी, समीर मंडल, राजू प्रमाणिक, कल्याण राय आदि शामिल थे।

पत्रकार आदित्य पर हुए हमले में शामिल आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा : पत्रकार संघ

झरिया (आजाद सिपाही)। होली के दिन कोयलांचल पत्रकार संघ के सदस्य आदित्य नोनिया पर हुए जानलेवा हमले को लेकर शनिवार को संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल सचिव अरुण कुमार के नेतृत्व में जोगता थाना प्रभारी से मिला। उसने पुलिस की ओर से की जा रही कार्यवाई की जानकारी ली। जोगता पुलिस ने उक्त मामले में बताया कि कांड संख्या 09/23 के तहत कांग्रेस नेता विकाश सिंह, राहुल चौहान, नूर हुसैन व अन्य पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर पुलिस छापामारी कर रही है। उक्त मामले में सभी आरोपी फरार है। किसी भी हाल में आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। थाना से जानकारी लेने के बाद प्रतिनिधिमंडल घायल पत्रकार आदित्य नोनिया के घर पहुंचकर उनका हाल चाल जाना। आदित्य ने बताया कि शुक्रवार को कुछ अन्य संगठन के लोग भी आये थे। जिन्होंने उनका हाल समाचार पूछा। उसके बाद दुष्प्रचार किया गया। हम कोयलांचल पत्रकार संघ के सदस्य है और रहेंगे। इस दौरान सचिव अरुण कुमार ने कहा कि आदित्य मामले को लेकर गंभीर है। अगर जरूरत पड़ी तो आंदोलन के लिये भी तैयार है। प्रतिनिधिमंडल में कोषाध्यक्ष कमलेश सिंह, सुनील सिंह, कार्यालय प्रभारी समीम हुसैन, कार्तिक वर्मा, वसीम अंसारी, चंदन पांडेय और कृष्णा नोनिया आदि थे।

बेरमो के ट्रक आनर एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्येंद्र नारायण सिंह का मुंबई में निधन, अंतिम संस्कार आज

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। बेरमो ट्रक आनर एसोसिएशन के अध्यक्ष सह ढोरी जीएम कॉलोनी सत्येन्द्र नारायण सिंह (73) का मुंबई में निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर शनिवार की शाम बेरमो पहुंची। इसकी सूचना पाकर उनके ढोरी जीएम कॉलोनी स्थित आवास काफी संख्या में लोग पहुंचकर परिवार के सदस्यों को ढांढस बढ़ाया। सतेंद्र सिंह 2008 में फुसरो नगर परिषद के चुनाव में जीतकर वार्ड पार्षद बने थे। सत्येंद्र सिंह झारखंड विकास मोर्चा में केंद्रीय कार्य समिति के सदस्य भी रह चुके हैं। अंतिम समय में भाजपा से जुड़ गए थे। जनता मजदूर संघ (जमसं) ढोरी क्षेत्र के क्षेत्रीय सचिव पद पर कई वर्षों तक रहकर मजदूरों की सेवा भी की है। सत्येंद्र सिंह फुसरो स्थित अनपती देवी सरस्वती शिशु मंदिर के कार्यकारी अध्यक्ष भी रह चुके थे। रविवार को रामविलास हाई स्कूल के समक्ष दामोदर नदी तट पर उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। वे अपने पीछे पत्नी सहित तीन पुत्र छोड़ गए हैं। वहीं, ढोरी स्थित आवास पर वार्ड पार्षद रश्मि सिंह, मजदूर नेता ओमशंकर सिंह, चिकू सिंह, अभय कुमार सिंह, गोरा सिंह, पिंटू सिंह, मनोज सिंह, सोनू सिंह,विनय सिंह, महारुद्र सिंह, पार्षद रियाज अंसारी, पत्रकार नंदलाल सिंह आदि पहुंचे थे। जबकि पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय, विधायक कुमार जयमंगल सिंह, पूर्व मंत्री लालचंद महतो, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह, प्रमुख गिरिजा देवी, समाजसेवी प्रकाश कुमार सिंह, भाजपा नेता मधूसूदन प्रसाद सिंह, विक्रम पांडेय व अर्चना सिंह, जीएम मनोज कुमार अग्रवाल, कार्मिक प्रबंधक सुरेश सिंह, पीओ कुमार सौरभ सिंह, डॉ शकुंतला कुमार व डॉ उषा सिंह, श्रमिक नेता गिरजा शंकर पांडेय, महेंद्र कुमार विश्वकर्मा, ट्रांसपोर्टर अरूण अग्रवाल, रिशु पांडेय, मुन्ना सिंह, भोला सिंह, परवेज अख्तर, राजन साव, आशुतोष सिंह, मिठू सिंह, बबलू भगत, जगरनाथ राम, सुबोध सिंह पवार, विकास सिंह, धीरज पांडेय, जवाहरनगर यादव, नरेश महतो, शिवनन्दन चौहान, तरूण सिंह, मीनू अग्रवाल, राजू सिंह, शक्ति सिंह, हरेंद्र सिंह, आर उनेश, अंजनी सिंह, गणेश मल्लाह, जितेंद्र दुबे, आदि शामिल है।

बीएसएल के सीओ व सीसी विभाग में सुझाव मेला आयोजित

बोकारो (आजाद सिपाही)। सीओ एवं सीसी विभाग के एचआरडी हाल में शनिवार को सुझाव मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य महाप्रबंधक (सीओ एवं सीसी) राकेश कुमार, महाप्रबंधक (सीओ एवं सीसी) एजी राव, महाप्रबंधक (आइइडी) मितेश, प्रबंधक (आइइडी) प्रीति प्रिया, प्रबंधक (सीओ एवं सीसी) लखविंदर सिंह सहित सीओ एवं सीसी विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

प्रेस वार्ता कर भाजपा नेत्री ने झरिया विधायक व देवर हर्ष पर लगाये गंभीर आरोप

नीरज सिंह की हत्या एक तीर से दो निशाना साधने जैसा :रागिनी सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

संवाददाता सम्मेलन कर रघुकुल पर निशाना साधती रागिनी सिंह।

धनबाद। सिंह मेंशन और रघुकुल की लड़ाई एक बार फिर जमीनी सतह पर पहुंच गयी है। शनिवार को सिंह मेंशन की बहू सह भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने स्थानीय एक दैनिक हिंदी अखबार में छपी खबर का हवाला देते हुए रघुकुल की बहू सह झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह व उनके देवर हर्ष सिंह पर गंभीर आरोप लगाया। अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने हर्ष सिंह पर नीरज हत्याकांड में हाथ होने का गंभीर आरोप लगाया। कहा कि इस हत्याकांड के माध्यम से हर्ष सिंह ने एकक्षत्र राज करने की नीयत से एक तीर से दो निशाना लगाते हुए एक भाई की हत्या कर उसका आरोप दूसरे भाई पर लगाते हुए संजीव सिंह को जेल भिजवा दिया। रागिनी सिंह ने आरोप लगाया कि अमन सिंह और प्रिंस खान जैसे कुख्यात अपराधियों से संबंध रखने वाला व्यक्ति किसके इशारे पर विधायक का चालक बना रहा। जब लगा कि वह फंसने वाला है, तो उसे हटा दिया गया।

सीबीआइ जांच से भाग क्यों रहे रघुकुल के लोग

रागिनी सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि हम लोग शुरू से ही इस हत्याकांड की सीबीआइ जांच की मांग कर रहे हैं, पर हमेशा इससे रघुकुल पीछे हट जा रहा है। कहा कि 2022 में हाई कोर्ट ने रघुकुल के लोगों को सीबीआइ जांच के लिए दो हफ्ते में एफिडेविट देने को कहा था, जो कि अब तक नहीं दिया गया। हम सीबीआइ जांच की मांग कर रहे हैं पर वे लोग रुकवा रहे हैं। रागिनी सिंह ने कहा कि ये रघुकुल के लोगों का दुर्भाग्य है कि वे ऐसे रिश्तेदारों को पनाह दे रहे हैं, जो आस्तीन के सांप हैं। पिछले दिनों हुए कई आपराधिक मामले का हवाला देते हुए कहा कि इन मामलों में आखिर विधायक चुप्पी क्यों साधी हुई हैं। क्यों अपराधियों को इनके द्वारा संरक्षण दिया जा रहा है।

रघुकुल सिंह मेंशन में दुश्मनी का साजिशकर्ता हर्ष सिंह है

रागिनी सिंह ने रघुकुल और सिंह मेंशन में खींची तलवार का मुख्य साजिशकर्ता हर्ष सिंह को ठहराया। मौके पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा, संजय झा, मुकेश पांडेय आदि मौजूद थे।

खेल महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक

बोकारो (आजाद सिपाही)। सांसद आवास में आगामी 18 और 19 मार्च को जियालगोरा स्टेडियम , डीगवाडीह, धनबाद में आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव की तैयारी को लेकर सांसद आवास सेक्टर 01 सी में बैठक हुई। यहां धनबाद सांसद पशुपति नाथ सिंह ने कहा कि इस आयोजन में साइकिलिंग, कुश्ती, वालीबॉल, क्रिकेट टूर्नामेंट एथेलेटिक्स, बुशु,कबड्डी ,योगासन जैसी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर बोकारो विधायक विरंची नारायण, चंदनक्यारी विधानसभा के विधायक अमर बाउरी, धनबाद विधायक राज सिन्हा, बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो अंतिम दिन फाइनल मुकाबले का उद्घाटन करेंगे। सभी प्रतिभागियों को हर तरह की व्यवस्था की जायेगी । इस आयोजन में कई संस्कृति कार्यक्रम पेश किये जायेंगे। यह कार्यक्रम पूरे देश में सभी लोक सभा क्षेत्रों में आयोजित किया जाना है। इस अवसर पर मुख्य रूप से बोकारो जिला भाजपा अध्यक्ष भरत यादव, मानस परसून, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष रोहित लाल सिंह, अंबिका ख्वास, जयदेव राय, कमलेश राय, मुकुल ओझा, मृत्युंजय शर्मा, कुमार अमित, आरएन ओझा, वीर भद्र प्रसाद सिंह, विनय आनंद, बिनोद महतो, निमाई महथा, विनय किशोर , बैधनाथ प्रसाद, हरीश सिंह, पन्ना लाल कंदडू, अनिल सिंह, प्रदीप मांझी, पंकज शेखर, पंचानंद महतो, अशोक शर्मा, राजीव कंठ, प्रगति शंकर, ऋतुरानि सिंह, अर्चना सिंह, विद्या सागर सिंह, गौर रजवार, सुकोमल दास, अशोक कुमार वर्मा, शंकर रजक, मिर्गेंद्र प्रताप सिंह, गोल्डी सिंह, धर्मेंद्र महथा, शेखर चौबे, अजय तिवारी, मोंटी सिंह सहित संचालन एवं आयोजन समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

वर्तमान में लड़कियां हर परीक्षा में लड़कों से बेहतर: मीरा मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। सीएसआइआर-सिंफर के बरवारोड परिसर स्थित सभागार में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जिसमें सिंफर के निदेशक प्रोफेसर एके मिश्रा, धनबाद की ग्रामीण एसपी रिश्मा रमेशन, रिसोर्स पर्सन मीरा मिश्रा, डेजी वरुण एवं प्रशासनिक अधिकारी कुमार राहुल आदि शामिल हुए। ग्रामीण एसपी ने अपने संबोधन में लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण के महत्व पर विस्तृत व्याख्यान दिया। वहीं, निदेशक प्रोफेसर ने बताया कि भारत में प्राचीनकाल से ही स्त्रियों का दर्जा पुरुषों से ऊपर है जिसे राधेश्याम, सीताराम, राधेकृष्ण एवं गौरीशंकर संबोधन के रूप में देखा जा सकता है। वहीं, संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी कुमार राहुल ने अपने संभाषण में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को मनाए जाने के पीछे के इतिहास को बताया। इसी क्रम में मीरा मिश्रा, प्रथम महिला सिंफर ने कहा कि आज के समय में लड़कियों ने भारत के किसी भी परीक्षा में सापेक्षिक रूप से लड़कों से अधिक सफलता प्राप्त की है। चाहे वह यूपीएससी की परीक्षा हो या आईटीआई की या मेडिकल इंट्रेंस की। इस आयोजन में दिल्ली से आई की-नोट स्पीकर डेजी वरुण ने अपने विस्तृत व्याख्यान में विशेष रुप से कार्य एवं जीवन में संतुलन को समझाया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार का एक विजन और मिशन होना चाहिए। उन्होंने फैमिली वैल्यूज को भी रेखांकित किया और इसे ठीक करने के तरीके भी बताया। उन्होंने स्त्री और पुरुष के परिवार के प्रति रोल को प्रोवाइडर और नर्चरर के रूप में समझाया। उन्होंने जीवन को संतुलित करने के लिए 8 मूल मंत्र बताएं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इस आयोजन पर संस्थान द्वारा कुछ विशेष महिलाओं को सम्मानित किया धनबाद की संगीता सोरेन को सम्मानित करते हुए मंच खुद सम्मानित महसूस किया। धनबाद की इस बिटिया ने ईट भट्ठा में मजदूरी करते हुए भी अपने फुटबॉल के प्रेम को मरने नहीं दिया और आज वह अंडर-17 और अंडर-19 नेशनल टीम का हिस्सा बन सकी है। इसी क्रम में संस्थान द्वारा माधवी विलोचन, झारखंड की एकमात्र महिला बॉडीबिल्डर, रोटी बैंक की संस्थापक महुआ दत्ता, दिव्यांग बच्चों की शिक्षा से जुड़ी पहला कदम संस्था की संस्थापिका अनीता अग्रवाल, सीएसआइआर-एनएमएल से शामिल हुई बीना कुमारी, वैज्ञानिक, रूपा विश्वास, तकनीकी अधिकारी को सम्मानित किया। संस्थान में कार्यरत डॉक्टर चंद्रानी प्रसाद वर्मा, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक को भी सम्मानित किया गया, जो भारत की पहली महिला माइनिंग इंजीनियर है। वहीं, मंच संचालन कुमारी अंजलि, तकनीकी अधिकारी एवं संस्कृति कुमारी, जूनियर सेक्रेटेरिएट असिस्टेंट द्वारा किया गया।

बीएसएल के एसएमएस-न्यू ने बनाया नया कीर्तिमान

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। स्टील प्लांट का एसएमएस-न्यू विभाग अपनी कमीशनिंग के बाद उत्पादन में उत्कृष्टता के लगातार नए बेंचमार्क स्थापित कर रहा है। इस श्रृंखला में टीम एसएमएस-न्यू ने निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश के नेतृत्व और अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी व मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-न्यू) अरविंद कुमार के मार्गदर्शन में फ्लाइंग टंडिश से सिंगल सिक्वेंस में 100 हीट कास्टिंग कर नया रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले 22 फरवरी को फ्लाइंग टंडिश से सिंगल सिक्वेंस में 64 हीट कास्टिंग का रिकॉर्ड बनाया था।

विश्व थांग-टा दिवस पर 17 राष्ट्रीय खिलाड़ी सम्मानित

धनबाद (आजाद सिपाही)। विश्व थांग-टा दिवस पर झारखंड के 17 राष्ट्रीय थांग-टा खिलाडियों को झारखण्ड थांग-टा संघ द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले खिलाड़ी राज्य के विभिन्न जिलों से हैं जिन्होंने इस स्वदेशी खेल में गत वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत कर और खेलो इंडिया युथ गेम्स में राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए झारखण्ड को गौरवान्वित किया था। सम्मानित खिलाडियों में जुली, पूनम, समृद्धि, राधिका, पल्लवी, खुशी, अनीश यादव, सौरभ भारती, शिव महतो, संदीप पासवान, संतोष कुमार (सभी धनबाद), प्रियदर्शनी, साक्षी (बोकारो), राजश्री शुक्ला, अंशुमन चौबे, सारीब खान (पलामू) और मुश्कान (गढ़वा) शामिल हैं।

ट्रक लोडिंग शुरू करने को लेकर झामुमो समर्थकों का प्रदर्शन

नहीं चलने देंगे प्रबंधन की मनमानी : भोला

आजाद सिपाही संवाददाता

बस्ताकोला परियोजना में प्रदर्शन करते झामुमो समर्थक।

धनसार। बस्ताकोला परियोजना में डीओ ट्रक लोडिंग का काम शुरू करने की मांग को लेकर शनिवार को झामुमो समर्थकों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे झामुमो नेता गणेश निषाद ने आरोप लगाया कि बीसीसीएल प्रबंधन स्थानीय बेरोजगार लोगों के साथ मनमानी कर रही है। प्रबंधन ने पांच हजार टन कोयला उठाव करने का डीओ ऑफर भेजा था। कोयला व्यवसाई रुचि दिखाते हुए डीओ कोयला उठाव में बिडिंग किये। वहीं स्थानीय प्रबंधन कुछ यूनियन नेताओं के दबाव में डीओ ट्रक लोडिंग के कोयला उठाव का एलॉटमेंट नहीं बना रही है। जिससे प्रभावित लोग रोजगार से वंचित हैं। अगर परियोजना में डीओ लोडिंग का कार्य शुरू हो जाता है तो सैकड़ों स्थानीय बेरोजगार युवकों को ट्रक लोडिंग का काम मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रबंधन कुछ लोगों के इशारे पर कार्य कर रही है। परियोजना में ट्रक लोडिंग की आड़ में रंगदारी नहीं चलने दिया जाएगा। अगर जरूरत पड़ी तो पूरे मामले से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवगत कराया जाएगा। इस दौरान समर्थक प्रबंधन विरोधी नारेबाजी करते हुए पूरे परियोजना का भ्रमण किया। इसके बाद परियोजना कार्यालय में मांग पत्र सौंपा। इस मौके पर भोला पासवान, शेख जाहिद, मुनीर अंसारी, रंजीत साहू, दिलीप महतो, साबिर फिरदौस, फारुक कादरी, सुभाष मल्लाह, रेखा पासवान, सुशीला देवी और सोनी देवी आदि मौजूद थे।

Office Of The Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Division Latehar

E Procurement Short Tender Notice

Tender Referance No- DWSD/LTR/SVS-06/22-23(2nd Call)Dt 11.03.2023

1	Name of Department	:-	Drinking Water & Sanitation Department
2	Date & Time of Tender Uploading in Website	:-	13.03.2023 at 04.00 P.M
3	Last Date of Receipt of Bid	:-	20.03.2023 at 05.00 P.M
4	Last date of Submission Cost of BoQ and Earnest Money	:-	21.03.2023 at 05.00 P.M 1. EE DW & S Div Latehar 2. SE DW& S Circle Medininagar
5	Date of Opening Tender	:-	22.03.2023 at 04:30 P.M
6	Name & Address of Tender Inviting Authority	:-	Executive Engineer D. W & S Division Latehar
7	Contact No of Procurement Office	:-	9430725642 & 6201242103

Detail of Work:-

Sl No	Name of Work	Group No	No of Scheme	No of FHTC	Eastimated Cost	Earnest Money	Cost of BoQ	Time of Completion
01	Const. of Rural Water Supply for SVS under JJM In Different Village of Latehar District With FHTC Work under D W & S Division Latehar for F.Y- 2022-23	SVS Kabripath	02	33	1418056.00	29000.00	2500.00	03 Month
02		SVS Jamdih	10	265	7807253.00	157000.00	10000.00	03 Month
03		SVS Surkaie	07	188	5788784.00	116000.00	10000.00	03 Month
04		SVS Chatuag	07	90	4910747.00	99000.00	5000.00	03 Month
05		SVS Oraon Tola	09	108	5929367.00	119000.00	10000.00	03 Month
06		SVS Kasidih	02	12	1173010.00	24000.00	2500.00	03 Month
07		SVS Nachna	06	85	4329049.00	87000.00	5000.00	03 Month
08		SVS Ambadohar	05	102	4979322.00	100000.00	5000.00	03 Month
09		SVS Nawadih	06	86	3954084.00	80000.00	5000.00	03 Month
10		SVS Barahniyakhar	01	15	814892.00	17000.00	1250.00	03 Month

1.Eastimated Cost & Earnest Money May be Changed
2.Further Detail Can be seen on website http//:jharkhandtender.gov.in
3.Only Registered Contractor in this Department In (Appropriate Class) Participate In Said Tender.

Executive Engineer
D. W & S Division Latehar

PR 292274 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

अभिहित अधिकारी–सह–अनुमंडल पदाधिकारी का कार्यालय, सिमडेगा।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक– 158(F) दिनांक– 29.12.2022 के आलोक में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत किसी भी प्रकार का खाद्य व्यवसाय यथा– उत्पाद, भण्डार, वितरण, प्रसंस्करण, लेवलिंग पैकेजिंग, परिवहन, आयात–निर्यात इत्यादि हेतु फुड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। इस निमित विभिन्न माध्यमों से पूर्व में भी सभी खाद्य कारोबारियों को आम सूचना तथा समाचार पत्रों के माध्यम से समय–समय पर सूचित किया जाता रहा है।

खाद्य कारोबारियों की सुविधा के लिए दिनांक–**24.02.2022 (शुक्रवार)** को 11:00 बजे पूर्वाहन से 3:00 बजे अपराहन तक अनुमण्डल कार्यालय,सिमडेगा में दो दिवसीय फूड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन हेतु एक विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प में निम्न कागजात लाना अनिवार्य है।

फूड रजिस्ट्रेशन (जिसका सालाना टर्नओवर 12 लाख तक) हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सूची :–

(1) आवेदक का पहचान पत्र (आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस आदि)
(2) पासपोर्ट साईज कलर फोटो 1 अदद।
(3) व्यवसाय स्थल का पता का प्रमाण पत्र (बिजली बिल/ Notarize Sale Deed, रेंट एग्रीमेंट आदि)
(4) फीस–100(एक सौ) रूपये प्रतिवर्श।

फूड लाईसेंस (जिसका सालाना टर्नओवर 12 लाख से अधिक) हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सूची :–

(1) आवेदक का पहचान पत्र (आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस आदि)
(2) व्यवसाय स्थल का पता का प्रमाण पत्र (बिजली बिल/Sale Deed, रेंट एग्रीमेंट आदि)
(3) GST पेपर।
(4) पेयजल गुणवत्ता प्रमाण पत्र (NABL द्वारा प्रमाणित) होटल, रेस्टोरेंट, कैन्टीन इत्यादि से संबंधित जिसमें पीने योग्य जल का उपयोग होता है।
(5) Medical फिटनेस प्रमाण पत्र।
(6) प्रोप्राईटर/डारेक्टर्स की सम्पूर्ण विवरणी(पता/मो0नं0/ईमेल आई0डी0 आदि)
(7) मैनुफेक्चरिंग हेतु–(i) युनिट का फोटो प्रोसेसिंग एरिया सहित (ii) मशीनों की सूची (iii) ले–आउट/ब्लूप्रिंट (iv) रिकॉल प्लान (v) पेयजल गुणवत्ता जाँच प्रतिवेदन (NABL द्वारा प्रमाणित)
(8) फूड लाईसेंसिंग के लिए फीस–खाद्य प्रतिश्ठान के अनुसार 2000 से 7500 प्रतिवर्ष।

(अभिहित अधिकारी–सह–अनुमण्डल पदाधिकारी,सिमडेगा द्वारा बताया गया कि खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी,सिमडेगा द्वारा लगातार खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। फूड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन के बिना खाद्य कारोबार करते हुए पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम,2006 के तहत् सुसंगत धाराओं के अधीन कानूनी कार्रवाई की जा सकती है और इसके लिये आप स्वंय जिम्मेवार होंगे)

नोट :– अधिक जानकारी हेतु अनुमण्डल कार्यालय,सिमडेगा (खाद्य सुरक्षा शाखा) से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

अभिहित अधिकारी
–सह–
अनुमण्डल पदाधिकारी, सिमडेगा।

PR 292263 (Labour Employment and Traning) 22-23 (D)

DISTRICT SPORTS OFFICE, CHATRA
OFFICIAL INVITATION
District Sports Office, Chatra

Invites

Chatra district power lifting players/individuals to participate in the
First District level Invitational Power lifting Bench Press & Dead lift Championship on 21 march 2023 at Jalchhajan Bhawan GYM, Chatra.

Please note: **All information is posted only for information purposes. All player selection, all official entries for the Championships must be done by District Sports Office, Chatra.**

Meet Director: District Sports Officer, Chatra.
Phone: 9455226589
,E-Mail: sport.chatra@gmail.com
Date: 21 march 2023
Venue: Jalchhajan Bhawan, Chatra
Information:-
Participation Fee: Rs. 201 for each lifter.
Junior (18-23) Senior (23-40) Male & Female.
Categories 55-60, 60-67.5, 67.5-75, 75-82.5, 82.5-90, 90-100, 100+
The organizer will not incur any type of expenses (like: Transportation, Lodging etc.)
COVID19 Regulations: The Championship will be organized under strict COVID19 rules and regulations.
Nominations: Players/Individual nomination forms must be in the hands of the DSO, Chatra not later than: 14th March 2023.
Preliminary: 17th March 2023 **complete filled in preliminary form must be submitted in District Sports Office, Chatra. No final nomination will be accepted if complete filled in the preliminary was not sent).**
Final: 21th March 2023 **(later entries will not be accepted).**
Scoring: All scorings are based on Points (no weight categories!)
Awards: All participants will receive a certificate. The top 3 in each category will receive an award and certificate.

Schedule

Day	Session	Weigh In	Competition	Victory Ceremony
Tuesday, 21.03.23	1. Bench PressMale & Female 2. Dead Lift Male & Female	10:00 – 12:00	13:00 – 16:00	17:00

Victory Ceremonies: **Will be held immediately after both lifting session. It is mandatory that each athlete wears their own Warm-up/Track Suit for the Award presentation.**

NOTE :- **For more information please visit nic chatra website or District Sports Office, 2nd floor, Collectorate, Chatra.**

District Sports Officer, Chatra.

PR 292251 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (22-23)_D

शंकराचार्य सदानंद सरस्वती महाराज रांची में

जरियागढ़ राजपरिवार के वर्तमान ठाकुर जयेंद्र नाथ शाहदेव के निवास स्थान पर पधारे

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य पूज्यपाद अनंत विभूषित जगतगुरु स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज शनिवार को रांची पहुंचे। सदानंद सरस्वती महाराजके जरियागढ़ राजपरिवार के वर्तमान ठाकुर जयेंद्र नाथ शाहदेव के अनंतपुर स्थित निवास स्थान पहुंचे थे। पारंपरिक तरीके से राजपरिवार ने शंकराचार्य का स्वागत किया। धर्म की जीत हो, अधर्म का नाश हो, के नारे लगाये गये। द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य के पद पर पीठासीन होने के बाद स्वामीजी पहली बार रांची पहुंचे थे। इस से पहले पूर्व शंकराचार्य द्वारका शारदा और ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरु स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के साथ मार्च 2016 में वर्तमान ज्योतिष पीठाधीश्वर स्वामी अभिमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का आगमन ठाकुर जयेंद्र नाथ शाहदेव के निवास स्थान में हुआ था। उस समय जरियागढ़ के पूर्व ठाकुर स्व. शिवेंद्र नाथ शाहदेव के निधन के बाद तत्कालीन शंकराचार्य द्वारका शारदा एवं ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरु स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज परिवार से मिलने आये थे। जरियागढ़ राजपरिवार एवं ठाकुर जयेंद्र नाथ शाहदेव स्वामी के सदा से अनुयायी रहे हैं। स्वामीजी होली में विश्व कल्याण आश्रम, आनंदपुर के कार्यक्रम के बाद रांची आये थे। स्वागत कार्यक्रम में ठाकुर जयेंद्र नाथ शाहदेव द्वारा एवं निकटवर्ती राजपरिवारों के सदस्यों एवं परिजनों द्वारा जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती का पादुका पूजन किया गया। इसके बाद अल्प विश्राम के बाद महाराज अहमदाबाद के लिए प्रस्थान किये।

स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज की संक्षिप्त जीवनी

द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती का जन्म 31 अगस्त 1958 को गोटेगांव तहसील के ग्राम करकबेल, बरगी में हुआ था। उनकी माता का नाम मानकुंवर देवी और पिता का नाम आयुर्वेदरत्न पं. विद्याधर अवस्थी है। गृहस्थ जीवन में उनका नाम रमेश अवस्थी था। सदानंद सरस्वती की प्रारंभिक शिक्षा बरगी व संस्कृत की शिक्षा ज्योतिरीश्वर ऋषिकुल संस्कृत विद्यालय झोतेश्वर में हुई। वेद, वेदांत की शिक्षा उन्होंने काशी में प्राप्त की। वे 14 वर्ष की आयु में शंकराचार्य आश्रम में आये। शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने उन्हें नैष्ठिक ब्रह्मचारी की दीक्षा प्रयाग कुंभ में सन 1977 में दी। शंकराचार्य ने सदानंद ब्रह्मचारी का नाम देकर अपनी शक्तियां आशीर्वाद रूप में प्रदान कीं। 15 अप्रैल 2003 को काशी में शंकराचार्य द्वारा दंड संन्यास की दीक्षा देकर ब्रह्मचारी सदानंद को पूर्ण स्वामी सदानंद सरस्वती के रूप में धर्मप्रचार, धमार्देश देने की आज्ञा प्रदान की। शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के ब्रह्मलीन होने के बाद स्वामी सदानंद सरस्वती को द्वारका शारदा पीठ का उत्तराधिकारी वर्ष 2022 में मध्यप्रदेश के झोंतेश्वर में ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती की पार्थिव देह के सामने घोषित किया गया।

नवीन पटनायक ने 964 करोड़ की परियोजनाओं का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने 964 रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया है। राउलकेला शहर स्थित बिरसा चैक स्थित बिरसा मुंडा एथलेटिक स्टेडियम के साथ बिरसा मुंडा स्वीमिंग पूल कांप्लेक्स के साथ पर्याप्त कार पार्किंग का उद्घाटन किया। 157.21 करोड़ की लागत से 10 एकड़ जमीन पर स्टेडियम और अन्य संबंधित सुविधाएं बनायी गयी हैं। यहां करीब 10 हजार दर्शक एक साथ बैठकर खेल का लुत्फ उठा सकते हैं। फुटबॉल सहित ड्रैग एंड फील्ड सेक्शन की सभी प्रतियोगिताएं यहां आयोजित होगा।

शुक्रवार को इस स्टेडियम के उद्घाटन के मौके पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस स्टेडियम को राउरकेला के लोगों को समर्पित किया और क्या आप हजारों की संख्या में मौजूद लोगों के स्टेडियम के उद्घाटन से खुश हैं? पूछा गया। लोगों ने जवाब में अपनी खुशी जाहिर की।

वहीं उन्होंने सुंदरगढ़ जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, स्वच्छता, कृषि और पर्यटन के विकास की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें 53.53 करोड़ रुपये का पानपोश में बाजार गृह का निर्माण, 11.77 करोड़ रुपये का आस्था हाउस (मानसिक रूप से बीमार महिलाओं के लिए), 232 करोड़ रुपये 5 उच्च दक्षता लिफ्ट सिंचाई परियोजनाएं, 2.55 करोड़ रुपये टांगरपल्ली ब्लॉक के उज्जुगपुर में हैं बाजार यार्ड और गोदाम गृह, 14 छात्रावास अनुसूचित जाति-जनजाति/पिछड़े वर्ग के लिए 33.90 करोड़ रुपये, 66 सड़क परियोजनाओं के लिए 237.20 करोड़ रुपये, 273 पंचायत स्तरीय कूड़ा निस्तारण 11.50 करोड़ रुपये के एक ठोस अपशिष्ट परिचालना केंद्र। सरफगढ़ में प्राकृतिक पर्यटक आकर्षण का विकास के लिए 75 लाख रुपये की लागत से, 23 आंगनवाड़ी केंद्र 6.47 करोड़ रुपये की लागत से, 47 सामुदायिक बैठक घर 63.29 करोड़ रुपये की लागत से, 85 स्कूल घर 25.37 करोड़ रुपये की लागत से, 3 समूह उप स्वास्थ्य केंद्र 1.34 करोड़ रुपये की लागत के उद्घाटन किया गया। साथ ही 66.93 करोड़ रुपये की लागत से 23 सड़कें, पुलिया एवं गृह निर्माण कार्य, 8.79 करोड़ रुपये की लागत से, 29 सामुदायिक सभा गृह 8.79 करोड़ रुपये की लागत से, 73 स्वास्थ्य संबंधी परियोजनाओं का निर्माण कार्य 35.26 करोड़, 16.10 करोड़ रुपये की लागत से लाइंग में प्रकृति पर्यटन स्थल के विकास की आधारशिला रखी। राउरकेला के विधायक और जिला योजना बोर्ड के अध्यक्ष शारदा प्रसाद नायक, रघुनाथपाल्ली के विधायक सुब्रत तराई, मुख्यमंत्री के निजी सचिव और 5टी सचिव वीके पांडियन, खेल और युवा सेवा सचिव आर विनील क्रिष्णा, सुंदरगढ़ जिला अधिकारी डॉ पराग हर्षद गावली, राउरकेला अतिरिक्त जिलाधिकारी डॉ शुभंकर महापात्र, सुंदरगढ़ जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज महाजन आदि उपस्थित थे।

यूएस की सिलिकॉन वैली बैंक बंद, लगातार घाटे और फंडिंग न मिलने से शेयर 60% गिरे

कैलिफोर्निया (एजेंसी)। अमेरिका का 16वां सबसे बड़ा बैंक- सिलिकॉन वैली बैंक को रेगुलेटर्स ने बंद करने का आदेश दिया है। कैलिफोर्निया के डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल प्रोटेक्शन और इनोवेशन ने ये आदेश जारी किया है। बैंक की मूल कंपनी एसवीबी फाइनेंशियल ग्रुप के शेयरों में नौ मार्च को करीब 60% की गिरावट आयी। इसके बाद इसे कारोबार के लिए रोक दिया गया। ये अमेरिका के इतिहास में 2008 के वित्तीय संकट के बाद अब तक का सबसे बड़ा फेल्योर हैं। एसवीबी के शेयर गिरने की वजह से पिछले दो दिनों में अमेरिकी बैंकों को स्टॉक मार्केट में 100 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। वहीं यूरोपियन बैंकों को 50 अरब डॉलर का घाटा हुआ है। फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ने शुक्रवार को सिलिकॉन वैली बैंक टेकओवर करने की घोषणा की। इसके साथ ही उसे ग्राहकों का पैसा सुरक्षित रखने की भी जिम्मेदारी दी गयी है। सिलिकॉन बैंक अब 13 मार्च को खुलेगा। इसके बाद सभी इंश्योर्ड डिपॉजिटर्स के पास डिपॉजिट्स निकालने की छूट होगी। बैंक के पास 2022 के आखिर तक 209 अरब डॉलर की संपत्ति और 175.4 अरब डॉलर की जमा राशि थी। इसमें से 89% राशि इंश्योर्ड नहीं थी। ग्राहकों की 250,000 डॉलर (2.5 करोड़) तक की जमा राशि को फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन इंश्योरेंस में कवर किया गया है। यानी बैंक बंद होने के बाद भी ये पैसा ग्राहक को वापस मिल जायेगा। वहीं अभी इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि जिन जमाकर्ताओं के खातों में इससे ज्यादा रकम जमा है उन्हें उनका सारा पैसा वापस मिलेगा या नहीं।

दुनिया का सबसे ज्यादा बैठने वाले बना बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम

नवीन पटनायक को गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स से मिला प्रमाण पत्र

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। चल रहे एफआइएच प्रो लीग टूर्नामेंट में ओडिशा के हॉकी प्रशंसकों के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर था, जब मुख्यमंत्री नवीन पटनायक शुक्रवार को बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम राउरकेला के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से मान्यता के प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया, जो दुनिया का सबसे बड़ा पूरी तरह से बैठने वाली हॉकी स्टेडियम है। हॉकी विश्व कप 2023 ने भारत की खेल बिरादरी पर एक अमिट छाप छोड़ी है, जबकि टूर्नामेंट एक शानदार सफलता थी, यह राउरकेला में बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम है जिसने खिलाड़ियों और दर्शकों को अपनी भव्यता से मंत्रमुग्ध कर दिया। स्टेडियम जो अब हॉकी बुनियादी ढांचे में एक बेंचमार्क है, इस स्टेडियम का रिकॉर्ड 15 महीनों में बनाया गया था, जिसमें सभी के लिए मुफ्त देखने के अनुभव के साथ 20011 की बैठने की क्षमता है। इसे गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा दुनिया के सबसे बड़े पूरी तरह से बैठने वाले हॉकी स्टेडियम के रूप में मान्यता दी गयी थी, जो हॉकी विश्व कप के जश्न में शामिल था और भारत और ओडिशा के लिए बहुत गर्व की बात थी। पुरस्कार प्राप्त करते हुए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा कि गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा यह मान्यता इस बात का प्रमाण है कि हमारे राज्य ओडिशा ने एक लंबा सफर तय किया है और अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर अपनी पहचान बनायी है। यह हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है और मैं इस परियोजना का हिस्सा रहे सभी लोगों, सुंदरगड के लोगों और हॉकी प्रशंसकों को खेल के बिना शर्त समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र का तिरुवनंतपुरम में राजभाषा सम्मेलन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के राजभाषा अधिकारियों का वार्षिक सम्मेलनप्रबंध निदेशक एवं सीइओ एएस राजीव के मार्गदर्शन में तिरुवनंतपुरम में आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन बैंक के कार्यपालक निदेशक एबी विजय कुमार ने वर्चुअल रूप से पुणे से किया। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक आशीष पांडेय ने वर्चुअल रूप से संबोधित किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक के राजेश कुमार, एनार्कुलम अंचल के अंचल प्रबंधक अरुण वी और बैंक के सभी अंचलों के राजभाषा अधिकारी एवं संपर्क राजभाषा अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ राजेंद्र श्रीवास्तव, उप महाप्रबंधक ने किया। कार्यपालक निदेशक एबी विजयकुमार के कर-कमलों से महाकोश मोबाइल ऐप का लॉन्च किया गया। साथ ही बैंक की ई-पत्रिका महाबैंक संवाद सरिता के नवीनतम अंक का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक आशीष पांडेय ने वाट्सऐप बैंकिंग विभिन्न भाषा सुविधा का लॉन्च किया। के राजेश कुमार, महाप्रबंधक, मानव संसाधन प्रबंधन व राजभाषा ने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस सम्मेलन में प्रशिक्षण के माध्यम से हम सभी कुछ नया जान सकें। इस अवसर पर के राजेश कुमार ने बैंक की ई-पत्रिका महाबैंक संवाद सरिता के वार्षिक संकलन का विमोचन भी किया। आभार प्रदर्शन एनार्कुलम अंचल के अंचल प्रबंधक अरुण वी ने किया।



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**